संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 07 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर को डिजिटल वेलफेयर एसो. कॉन्क्लेव के कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 37 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


# करीब ढाई लाख सुझाव लिए और 30 बैठकों में रायशुमारी

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

दशकों से एक बड़ा वर्ग देश में एक समान कानून लागू करने की वकालत कर रहा है। केंद्र और राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा वर्षों से देश में समान नागरिक संहिता लागू करने का अवसर देख रही है। ऐसे में छोटे से राज्य उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने समान नागरिक संहिता लागू करने का बड़ा फैसला ले लिया। उसके इस फैसले पर देश और दुनिया की निगाह है। करीब ढाई लाख सुझावों और 30 बैठकों में रायशुमारी के बाद ड्राफ्ट तैयार किया गया है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए प्रदेश सरकार ने उच्चतम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। कमेटी ने राज्य के सभी लोगों के व्यक्तिगत नागरिक मामलों को नियंत्रित करने वाले सभी प्रासंगिक कानूनों की जांच करने और मसौदा कानून या मौजूदा कानून में संशोधन की रिपोर्ट तैयार की। समिति में सिक्किम उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश प्रमोद कोहली, पूर्व मुख्य सचिव, पूर्व कुलपति और एक सामाजिक कार्यकर्ता को सदस्य बनाया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव दृष्टिपत्र जारी होने के बाद राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने की घोषणा की थी। उन्होंने भाजपा के सत्ता में वापसी करने के बाद सबसे पहले समान नागरिक संहिता के मामले में निर्णय लेने का एलान भी किया था। सत्ता में आने के बाद पहली ही कैबिनेट में धामी सरकार ने समान नागरिक संहिता के लिए एक विशेषज्ञ समिति बनाने का फैसला किया। इसके बाद अपर मुख्य सचिव गृह राधा रतूड़ी के आदेश पर समिति के गठन की अधिसूचना जारी कर दी। समान नागरिक संहिता के परीक्षण और इसे लागू करने के लिए विशेषज्ञ समिति के गठन को राज्यपाल ने मंजूरी प्रदान की।

**ये विशेषज्ञ हैं समिति में:** समान नागरिक संहिता के परीक्षण और उसे लागू करने के लिए गठित समिति में न्यायाधीश (सेनि.) रंजना प्रकाश देसाई को अध्यक्ष बनाया गया। रंजना देसाई उच्चतम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश रही हैं और जम्मू और कश्मीर के लिए गठित परिसीमन आयोग की अध्यक्ष भी रही हैं।

# उत्तराखंड विधानसभा में यूसीसी बिल पेश

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में राज्य विधानसभा में मंगलवार को समान नागरिक संहिता उत्तराखंड 2024 विधेयक पेश किया, राज्यपाल से मंजूरी मिलने के बाद विधेयक कानून बन जाएगा

**400 धाराएं**

कुछ कानून में बहु विवाह करने की छूट है। चूंकि हिंदू, ईसाई और पारसी के लिए दूसरा विवाह अपराध है




**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**उत्तराखंड के** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में राज्य विधानसभा में मंगलवार को समान नागरिक संहिता उत्तराखंड 2024 विधेयक पेश किया। अब राज्यपाल से मंजूरी मिलने के बाद विधेयक कानून बन जाएगा। समान नागरिक संहिता विधेयक पास होने के बाद कानून बन जाएगा।

**मसौदे में 400 से ज्यादा धाराएं:** इसके साथ ही देवभूमि उत्तराखंड देश में यूसीसी लागू करने वाला आजादी के बाद पहला राज्य होगा। सूत्रों के अनुसार, मसौदे में 400 से ज्यादा धाराएं हैं, जिसका लक्ष्य पारंपरिक रीति-रिवाजों से पैदा होने वाली विसंगतियों को दूर करना है।

**शर्तें 10 जून 2022 को अधिसूचित की गईं:** आपको बता दें कि उत्तराखंड सरकार ने मई 2022 में सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक समिति गठित की थी। सरकार ने एक अधिसूचना 27 मई 2022 को जारी की गई थी और शर्तें 10 जून 2022 को अधिसूचित की गई थीं।

**बहुविवाह पर लगेगी रोक:** कुछ कानून में बहु विवाह करने की छूट है। चूंकि हिंदू, ईसाई और पारसी के लिए दूसरा विवाह अपराध है और सात वर्ष की सजा का प्रावधान है। इसलिए कुछ लोग दूसरा विवाह करने के लिए धर्म बदल लेते हैं। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के लागू होने के बाद बहुविवाह पर रोक लगेगी। बहुविवाह पर भी पूरी तरह से रोक लग जाएगी।

**शादी के लिए कानूनी उम्र 21 साल होगी तय:** विवाह की न्यूनतम उम्र कहीं तय तो कहीं तय नहीं है। एक धर्म में छोटी उम्र में भी लड़कियों की शादी हो जाती है। वे शारीरिक व मानसिक रूप से परिपक्व नहीं होतीं।

**'जुड़े कानूनों की जांच और संशोधन के समिति ने दिए सुझाव'**

विशेषज्ञ समिति ने उत्तराखंड राज्य में रहने वाले सभी लोगों के व्यक्तिगत नागरिक मामलों को नियंत्रित करने वाले सभी प्रासंगिक कानूनों का अध्ययन व जांच की। उनमें जरूरी संशोधन पर अपनी रिपोर्ट तैयार की। समिति विवाह, तलाक, संपत्ति के अधिकार, उत्तराधिकार से संबंधित लागू कानून, विरासत, गोद लेने और देखभाल और संरक्षता आदि का परीक्षण किया। चुनाव के समय संकल्प पत्र में किए वादे के अनुरूप समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था।

**ढाई लाख से भी ज्यादा लोगों के सुझाव**

**समान** नागरिक संहिता लागू करने के लिए गठित समिति ने डेढ़ साल में ढाई लाख से भी ज्यादा लोगों के सुझाव, विचार लिए। रिटायर्ड जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित ड्राफ्ट कमेटी प्रदेश में हर वर्ग, हर समुदाय, हर जाति के प्रमुख हितधारकों से वार्ता कर ड्राफ्ट तैयार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा राज्य दो-दो अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगा है। धर्म, अध्यात्म एवं संस्कृति का केंद्र है। राज्य हित में उत्तराखंड में धर्मांतरण को लेकर सख्त कानून बनाया गया है।

# कुपवाड़ा आतंकी मॉड्यूल का मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार



**सफलता**

करनाह का रियाज अहमद राथर हाल ही में भंडाफोड़ किए गए आतंकी मॉड्यूल मामले में वांछित है

**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू**

**दिल्ली पुलिस ने** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में हाल ही में भंडाफोड़ किए गए आतंकी मॉड्यूल के एक मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि उसे भागने की कोशिश करते समय चार फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी पिछले साल भारतीय सेना से रिटायर्ड हुआ है।

एक बयान में पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस थाना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन ने एक प्रमुख साजिशकर्ता को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान रियाज अहमद के रूप में हुई है। वह आतंकवादी आकाओं द्वारा नियंत्रण रेखा के पार से हथियार और गोला-बारूद प्राप्त करने में खुर्शीद अहमद राथर और गुलाम सरवर राथर के साथ साजिश रचने में शामिल था। चार फरवरी को जम्मू-कश्मीर में जांच एजेंसियों से एक विशेष जानकारी प्राप्त हुई कि करनाह का रियाज अहमद राथर हाल ही में भंडाफोड़ किए गए आतंकी मॉड्यूल मामले में वांछित है। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है और आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई है। इसमें आगे बताया गया कि सूचना थी कि रियाज अहमद फरार है और तड़के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचेगा।

# 1643 किमी. लंबी भारत-म्यांमार बॉर्डर की बाड़बंदी होगी: शाह

### देश की सीमाओं को अभेद्य बनाने को लेकर बड़ा एलान किया

**सुरक्षा बढ़ेगी**

बेहतर निगरानी के लिए सीमा पर एक गश्ती ट्रैक भी बनाया जाएगा। मोरेह में 10 किमी तक पहले ही बाड़ लगाई गई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**हिंसाग्रस्त** मणिपुर के हालात बिगाड़ने में विदेशी ताकतों की साजिश के दावों के बीच केंद्र सरकार ने सीमा को सुरक्षित करने को लेकर बड़ा फैसला किया है। सरकार भारत की सीमा की बाड़ेबंदी करने जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश की सीमाओं को अभेद्य बनाने को लेकर बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश की सीमा को अभेद्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए सरकार ने पूरी 1643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया है। बेहतर निगरानी के लिए सीमा पर एक गश्ती ट्रैक भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीमा की कुल लंबाई में से मणिपुर के मोरेह में 10 किमी तक पहले ही बाड़ लगाई जा चुकी है। इसके अलावा हाइब्रिड सर्विलांस सिस्टम (एचएसएस) के माध्यम से बाड़ लगाने की दो पायलट परियोजनाएं भी चलाई जा रही हैं। इसके तहत अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में प्रत्येक एक किमी की दूरी पर बाड़ लगाए जाएंगे। इसके अलावा मणिपुर में लगभग 20 किलोमीटर तक बाड़ लगाने के काम को भी मंजूरी दे दी गई है और काम जल्द ही शुरू हो जाएगा।

# यूपीए के आर्थिक कुप्रबंधन पर केंद्र लाएगा श्वेत पत्र

**नई दिल्ली:** कांग्रेस नीत यूपीए सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन पर मोदी सरकार 'श्वेत पत्र' लाने जा रही है। संसद का सत्र भी इसी वजह से एक दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। यूपीए सरकार के दौरान आर्थिक कुप्रबंधन पर श्वेत पत्र के माध्यम से भारत की आर्थिक बदहाली और अर्थव्यवस्था पर इसके नकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। इसमें उस समय उठाए जा सकने वाले सकारात्मक कदमों के असर के बारे में भी बात की जाएगी।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गोवा में विकसित भारत के तहत प्रदर्शनी का मुआयना करते हुए।

# 'कांग्रेस कर रही है ढोंग'

**नई दिल्ली:** उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस को ढोंग करने की बजाय ढंग से काम करना चाहिए। लेकिन कांग्रेस पार्टी और उनके नेता राजनीतिक श्रृंगार करके यात्रा निकाल रहे हैं। जिसका फायदा तो कांग्रेस को नहीं होने वाला, बल्कि कांग्रेस पैदल ही होने वाली है। डॉक्टर शर्मा सोमवार को मीडिया से मुखातिब थे। राज्यसभा सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि विपक्ष चुनाव के समय जनता को बरगलाने के लिए राजनीतिक श्रृंगार करके पैदल यात्रा निकाल रहा है।

# मुफ्ती सलमान अजहरी के खिलाफ दूसरी प्राथमिकी दर्ज



**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**

**गुजरात** पुलिस ने मंगलवार को मुंबई के इस्लामी उपदेशक मुफ्ती सलमान अजहरी के खिलाफ दूसरी प्राथमिकी दर्ज की। उन पर राज्य के कच्छ जिले के समखयारी में एक धार्मिक समारोह में भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगाया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अजहरी को पहली प्राथमिकी के आधार पर मुंबई से रविवार को गिरफ्तार किया गया था। गुजरात आंतकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की एक टीम उन्हें अहमदाबाद लेकर आई। जिसके बाद उन्हें अहमदाबाद से जूनागढ़ ले जाया गया। प्राथमिकी में उन पर जूनागढ़ में भी भड़काऊ भाषण देकर लोगों को उकसाने का आरोप लगा था।

# कई मुद्दों को जोड़कर सियासी मैदान में उतरेगी कांग्रेस




**चुनावी मुद्दा**

भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरीके से बड़े कॉरपोरेट घराने को लूट की छूट दी, वही उनका एक प्रमुख चुनावी मुद्दा भी है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस आने** वाले चुनाव में कई मुद्दों को जोड़कर सियासी मैदान में उतरने की योजना बना रही है। इन मुद्दों में फिलहाल शुरूआत में कांग्रेस ने पेटीएम मामले पर सरकार को घेरा है। कांग्रेस पार्टी से जुड़े नेताओं की मानें, तो कांग्रेस इसी तरह के मामलों को जोड़कर बड़ी रणनीति बनाने जा रही है। पार्टी से जुड़े रणनीतिकारों के मुताबिक राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के साथ-साथ उनके कार्यकर्ता अलग-अलग राज्यों में इन मुद्दों को लेकर जमीन पर उतरने जा रहे हैं। जैसे-जैसे लोकसभा के चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, कांग्रेस पार्टी चुनावों की रणनीति में धार देती जा रही है। पार्टी से जुड़े नेताओं के मुताबिक पेटीएम मामले पर कांग्रेस ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए आगे की बड़ी रणनीति बनाई है। कांग्रेस पार्टी के एक वरिष्ठ नेता बताते हैं कि सिर्फ पेटीएम ही नहीं, बल्कि अदाणी मामले को लेकर भी उनकी पार्टी ने बड़ी सियासी रणनीति तैयार की है। उनका कहना है कि भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरीके से बड़े कॉरपोरेट घराने को लूट की छूट दी, वही उनका एक प्रमुख चुनावी मुद्दा भी है।

# अजित गुट को चुनाव आयोग ने माना असली एनसीपी



**सियासत**

चुनाव आयोग से शरद पवार को बड़ा झटका, भतीजे के पक्ष में आया फैसला, अजित गुट ही असली एनसीपी

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**महाराष्ट्र की** सियासत को लेकर बड़ा फैसला आया है। चुनाव आयोग ने अजित पवार वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को ही असली एनसीपी करार दिया है। फैसला दिग्गज राजनेता और अजित के चाचा शरद पवार के लिए बड़ा झटका है। जानकारी के मुताबिक, छह महीने से अधिक समय तक चली 10 से अधिक सुनवाई के बाद चुनाव आयोग ने एनसीपी में विवाद का निपटारा किया और अजीत पवार के नेतृत्व वाले गुट के पक्ष में फैसला सुनाया। अब एनसीपी का नाम और चुनाव चिह्न 'घड़ी' अजित पवार के पास रहेगा।

**शरद पवार के पास क्या विकल्प?:** चुनाव आयोग ने अपने नए राजनीतिक गठन के लिए एक नाम का दावा करने और आयोग को तीन प्राथमिकताएं देने का एक बार का विकल्प प्रदान किया है। रियायत का उपयोग 7 फरवरी, 2024 को दोपहर 3 बजे तक किया जा सकता है।

**एनसीपी का मामला क्या है?:** बीते साल महाराष्ट्र की सियासत में बड़ा उलटफेर हुआ, जब अजित पवार ने एनसीपी से बगावत कर दी। पार्टी में फूट के बाद एनसीपी पर अधिकार पर चाचा-भतीजे आमने-सामने आ गए। अजित पवार गुट ने चुनाव आयोग में हलफनामा दायर किया। वहीं, शरद पवार खेमे ने भी चुनाव आयोग में एक कैविएट दायर कर अनुरोध किया कि पार्टी की लड़ाई के संबंध में कोई भी निर्देश पारित करने से पहले उनकी बात सुनी जाए।

**सशक्त नेतृत्व**

### बीते 10 वर्षों में सालों से वंचित करोड़ों आम जनमानस को आजादी का असल सुख प्राप्त हुआ: शाह

# मोदी सरकार ने 10 साल में 70 साल की कमियों को दूर करने का काम किया: शाह




**दूरदर्शिता**

जम्मू-कश्मीर, वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र और नॉर्थ ईस्ट जैसे तीन हॉट-स्पॉट आज विकास की राह पर अग्रसर हैं

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**केंद्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 'सिक्योरिटी बियॉन्ड टुमॉरो: फोर्जिंग इंडियाज रेजिलिएंट फ्यूचर' विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के नेतृत्व ने 70 साल की सभी कमियों को समाप्त करने का काम किया है। इस मौके पर शाह ने ओआरएफ फॉरेन पॉलिसी सर्वे को भी लॉन्च किया। मोदी की दूरदर्शिता और अमित शाह की अंत्योदय की राजनीति का परिणाम है कि, बीते 10 वर्षों में सालों से वंचित करोड़ों आम जनमानस को आजादी का असल सुख प्राप्त हुआ है। आज करोड़ों गरीबों को आवास, हर घर बिजली, हर घर नल से जल, शौचालय, मुफ्त गैस कनेक्शन के साथ-साथ 5 लाख तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा देने का काम किया जा रहा है। आजादी के बाद दशकों तक भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण जैसे नासूर देश के विकास में रोड़ा बना हुआ था। आज अमृतकाल में मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण जैसे नासूरों को न सिर्फ जड़ से उखाड़ फेंकने का काम किया जा रहा है, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की मजबूत नींव रखने का काम भी निरंतर जारी है। बीते 10 सालों में देश में राजनीतिक स्थिरता और भ्रष्टाचारमुक्त शासन को स्थापित करने का काम बखूबी किया गया है। नया भारत उपलब्धियों के नित नए आयाम को हासिल करते हुए दुनिया भर में अपनी एक नई पहचान बना रहा है। आजादी के बाद सालों तक आंतरिक सुरक्षा के मामले में देश आतंकवाद और वामपंथी उग्रवाद से ग्रसित रहा, जिसका उदाहरण है जम्मू-कश्मीर, वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र और नॉर्थ ईस्ट।

साल 2014 के बाद मोदी जी की जीरो टॉलरेंस की नीति और आतंकवाद को मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन समझने वाले शाह के सख्त फैसलों की वजह से जम्मू-कश्मीर, वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र और नॉर्थ ईस्ट जैसे तीन बड़े हॉट-स्पॉट आज विकास की राह पर अग्रसर हैं।

# सीएपीएफ, दिल्ली पुलिस के जवानों के राशन मनी भत्ते में हुआ इजाफा

**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, खुफिया ब्यूरो और दिल्ली पुलिस के जवानों के लिए खुशी की खबर है। इन बलों/इकाई के गैर राजपत्रित लड़ाकू कर्मियों के राशन मनी भत्ते में इजाफा किया गया है। साल 2022-23 के दौरान एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक की अवधि के लिए यह भत्ता 136.43 पैसे प्रतिदिन/प्रतिव्यक्ति रहेगा। इसी तरह 2023-24 में एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक के लिए राशन मनी भत्ता 142.75 पैसे प्रतिदिन/प्रतिव्यक्ति रहेगा।

# शादियों के सीजन में नोएडा की जनता का बज रहा बैंड

## बैंक्वेट हॉल और मैरिज होम में पार्किंग नहीं; जाम से लोग त्रस्त

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**
**शहर के 25 बैंक्वेट** हॉल, सामुदायिक केंद्र, मैरिज हॉल, लॉन और फार्म हाउस में पार्किंग नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शादी के अलावा अन्य मांगलिक कार्यक्रम के कारण इन मैरिज हॉल के पास नो पार्किंग में वाहन खड़े होने के कारण ट्रैफिक जाम रहता है। शहर में ज्यादातर मैरिज हॉल में पार्किंग व्यवस्था नहीं बनी है। सबसे ज्यादा खराब हालात सेक्टर-73 सफाबाद से सेक्टर-51 होशियारपुर कट तक के हैं। यहां अधिकांश मैरिज हॉल मुख्य मार्ग पर स्थित हैं। इन दिनों आए दिन शादियों से लेकर सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है।




**पार्किंग की नहीं है व्यवस्था**
यहां पर वाहनों के खड़ा होने के लिए पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से लोग अपने वाहनों को सड़क पर खड़ा करते है। इससे यहां से गुजरने वाले दूसरे चालकों को परेशानी होती है। वाहन चालक मार्ग पर घंटों जान में फंसते हैं। पिछले दो वर्षों में मैरिज हॉल संचालकों को नोटिस दिया गया था, लेकिन सुधार नहीं हुआ।

**नक्से की मंजूरी में ही पार्किंग व्यवस्था**
नियम है कि मैरिज होम का नक्शा स्वीकृत होने से पहले ही पार्किंग की व्यवस्था को देखा जाना चाहिए, जिससे जाम की समस्या उत्पन्न न हो। विनियमित क्षेत्र में जो पार्किंग के मानक निर्धारित हैं, वह मैरिज होम संचालकों पर भी लागू होते हैं। पार्किंग न होने से ट्रैफिक जाम होना बड़ी समस्या है। इससे बैंड बाजा के इस मौसम में राहगीरों का बैंड बज रहा है। ऐसे में यह भी सवाल उठ रहे हैं कि कैसे पार्किंग नहीं होने के बावजूद इनका नक्शा कैसे पास कर दिया गया।

**इन मैरिज के हॉल के बाहर स्थिति रहती है खराब**

**आप की मुश्किलें**

**शादी के अलावा अन्य मांगलिक कार्यक्रम के कारण इन मैरिज हॉल के पास नो पार्किंग में वाहन खड़े होने के कारण ट्रैफिक जाम रहता है**

- द अवध ग्रीन ग्रेटर नोएडा सिटी पार्क
- द हैबिटेट क्लब सिटी पार्क ग्रेटर नोएडा
- दा रॉयल हैबिटेट सेंटर सिटी पार्क
- ग्राऊंड हैरिटेज रिसार्ट ग्रेटर नोएडा
- लांग वुड ग्रीन बैंक्वेट हॉल ग्रेटर नोएडा
- तिलपता फार्म हाउस ग्रेटर नोएडा
- मिथिल बैंक्वेट हॉल सेक्टर-66 नोएडा
- शंकुतत्लय बैंक्वेट हॉल दनकौर
- धर्म वाटिका विवाह मंडप, सेक्टर-63 बहलोलपुर
- उदयराम नेता जी मैरिज हॉल कासना
- आनंदी होम मैरिज हॉल सेक्टर-51
- नोएडा वेडिंग विला, सेक्टर-51
- रामा बैंक्वेट हॉल होशियारपुर सेक्टर-52
- पीके बैंक्वेट सेक्टर-104 नोएडा
- विष्णु ग्रीन फार्म हाउस दादरी मार्ग
- राजा-रानी फार्म हाउस छपरौला लालकुआं दादरी रोड
- भगत पैलेस दादरी-बुलंदशहर रोड
- कृष्णा फार्म हाउस दादरी-बुलंदशहर रोड
- केएन गार्डन दादरी-बुलंदशहर रोड
- मुखिया जी दादरी-लालकुआं रोड
- चौधरी हरीओम बैंक्वेट हॉल दादरी-लालकुआं रोड
- शुभम फार्म हाउस लालकुआं दादरी रोड मंडी के सामने
- सूरज फार्म हाउस दादरी से लालकुआं रोड
- टिटानिक फार्म हाउस छपरौला दादरी-लालकुआं रोड

# जिस चादर को ओढ़ कर रोज सोता था, उसी से फंदा बना मौत की नींद सो गया अमित

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद। विजयनगर थाना** क्षेत्र के बागू स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क में एक युवक का शव पेड़ पर फंदे पर लटका मिला है। सुबह सैर करने पहुंचे लोगों ने शव को लटका देखा तो मामले की जानकारी पुलिस को दी है। पुलिस का कहना है पारिवारिक विवाद के कारण घर से चादर निकले युवक ने चादर को ही फंदा बनाकर आत्महत्या की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसएचओ विजयनगर ने बताया कि मृतक की पहचान अमित कुमार के रूप में हुई है। वह सैटरिंग का काम करता था, रात को उसका घर पर विवाद हुआ तो चादर लेकर घर से बाहर निकल गया।


## गुमशुदा की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लंड़की (चित्र में दर्शायी गयी), जिसका नामः अंजलि कुमारी, पुत्रीः श्री प्रकाश, निवासीः मकान नंबर 1183, जेजे कॉलोनी, मदनपुर खादर, फेज–।।।, कालिंदी कुंज, नई दिल्ली. उम्र 36 वर्ष, जो 05.12.2023 को अपने घर से गुम है। इस बाबत FIR No.731/2023 U/s 363 IPC दिनांक 16.12.2023 से थाना कालिंदी कुंज, नई दिल्ली में दर्ज है। लड़की का शारीरिक ब्योरा इस प्रकार हैः



अंजलि कुमारी

कदः 5'' फीट (लगभग), रंगः सांवला, शरीरः पतला, चेहराः लंबा, पहनावाः नीले रंग की शर्ट और हल्के नीले रंग की जींस पहने हुए। किसी व्यक्ति को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई भी जानकारी/सूचना मिले तो इसकी सूचना निम्नलिखित पर सूचित करने की कृपा करें ई–मेलः cic@cbi.gov.nic.in अथवा वेबसाइटः http://cbi.nic.in फोन नम्बर: 11-24368638 or 24368641.

थानाध्यक्ष
थाना कालिंदी कुंज, नई दिल्ली
फोनः 9982683127, 8750870922

DP/1419/SE/2024


# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से सीधा जुड़ेगा नोएडा एयरपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा। नोएडा** इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अक्टूबर में यात्री सेवाओं की शुरूआत होगी। एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी के लिए सड़क परियोजनाओं पर काम हो रहा है, रेलवे कनेक्टिविटी के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। कनेक्टिविटी परियोजना के कार्य में तेजी आने के लिए नौ फरवरी को एयरपोर्ट की निर्माण साइट पर समीक्षा बैठक होगी। इसकी अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल करेंगे। बैठक में रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अलावा यमुना प्राधिकरण व नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. नियाल के अधिकारी शामिल होंगे। एयरपोर्ट की दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से कनेक्टिविटी के लिए बन रहे मार्ग का कार्य अप्रैल तक पूरा होना है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यात्री सेवाओं की शुरूआत होने में मात्र सात माह का समय बचा है। विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा. लि. के साथ हुए अनुबंध के तहत उसे 29 सितंबर तक कार्य पूरा करना है। एयरपोर्ट तक यात्रियों की आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए कनेक्टिविटी के विभिन्न विकल्प तैयार किए जा रहे हैं।

# 100 साल में कहां तक गया बाढ़ का पानी?

**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा**
धड़ल्ले से होने वाले अवैध निर्माण पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल(एनजीटी) गंभीर हो गया है। एक मामले की सुनवाई के दौरान एनजीटी ने पिछले सौ वर्षों के दौरान यमुना व हरनंदी नदी में आई बाढ़ का पानी गौतमबुद्ध नगर व गाजियाबाद में कहां तक पहुंचा था, इसका रिकॉर्ड मांगा है। सर्वे आफ इंडिया की मदद से सिंचाई विभाग रिकॉर्ड तैयार करने में जुटा है। एनजीटी में 12 मार्च को होने वाली अगली सुनवाई में मांगी गई जानकारी उपलब्ध करानी है।
गौतमबुद्ध नगर के मलकपुर में ग्रीन वैली के नाम से फार्म हाउस है। प्राधिकरण ने उसे तोड़ने का नोटिस जारी किया था। फार्म हाउस वालों ने न्यायालय में याचिका दायर की थी। न्यायालय ने कहा कि नियम के तहत संबंधित प्राधिकरण मामले को देखे।




**1978 में आई थी सबसे अधिक बाढ़**
इसी मामले लेकर एक याचिका एनजीटी में दायर की गई। कहा गया कि जब यह जानकारी ही नहीं है कि फ्लड जोन कहां तक है तो किस आधार पर कार्रवाई की जा रही है। कुछ दिन पूर्व हुई मामले की सुनवाई के दौरान गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व सिंचाई विभाग के अधिकारी एनजीटी में उपस्थित हुए थे। बताया गया कि सबसे अधिक बाढ़ 1978 में आई थी। इस बार जो बाढ़ आई थी उसका पानी पुश्ते को पार नहीं कर पाया। एनजीटी ने कहा कि यह बताएं कि पिछले सौ वर्षों के दौरान यमुना व हरनंदी में आई बाढ़ का पानी गौतमबुद्ध नगर व गाजियाबाद में कहां तक पहुंचा था। सिंचाई विभाग के पास इतनी पुरानी जानकारी नहीं थी। एनजीटी ने अगली सुनवाई में जानकारी देने का आदेश दिया है। सिंचाई विभाग के लगभग 1970 तक बाढ़ की जानकारी है। सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता संजय कुमार का कहना है कि सौ वर्षों का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। फामूर्ले के तहत जानकारी निकाली जाएगी। साथ ही जानकारी के लिए सर्वे आफ इंडिया की भी मदद ली जाएगी। एनजीटी में होने वाली अगली सुनवाई में मांगा गया रिकार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। गौतमबुद्ध नगर में यमुना व हननंदी नदी के डूब क्षेत्र चोटपुर, छिजारसी, हैबतपुर, जलपुरा, गढ़ी चौखंडी, बहलोलपुर, कुलेसरा, सफीपुर, मोमनाथल, तिलवाड़ा, बिसरख, मोतीपुर, लखनावली, सुत्याना सहित अन्य स्थानों व गाजियाबाद में करहैड़ा, राहुल विहार, बुद्ध विहार व अन्य स्थानों पर हजारों की संख्या में अवैध निर्माण हुआ है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **महेश कौशिक, पुत्र लक्ष्मी नारायण निवासी सी–85, खजान बस्ती हरि नगर, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1191/18 भा.द.सं. की धारा 498ए/406/34 के तहत, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **महेश कौशिक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **महेश कौशिक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1191/18 भा.द.सं. की धारा 498ए/406/34 के तहत, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **महेश कौशिक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.03.2024** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कनिका जैन
महानगर दण्डाधिकारी महिला कोर्ट
कमरा नं.106, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

दि.पु./1345/बाहरी जिला/2024


# आईसीयू में ढाई घंटे तक नर्सिंग स्टाफ नव विवाहिता मरीज से छेड़छाड़ करता रहा

**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा।** परीचौक के समीप स्थित स्पेस अस्पताल के आईसीयू में ढाई घंटे तक नर्सिंग स्टाफ नव विवाहिता मरीज से छेड़छाड़ करता रहा और प्रबंधन इससे अंजान रहा। आरोप है कि आरोपी भानू ने पीड़ित के कभी सीने पर हाथ मारा तो कभी कपड़े के अंदर हाथ डाल दिया। आरोपी ने पीड़िता से कहा कि यदि महिला की शादी नहीं हुई होती तो वह उससे शादी कर लेता। देर रात डेढ़ बजे से सुबह चार बजे तक आरोपी छेड़छाड़ करता रहा। तंग होकर पीड़िता ने पति को फोन कर पूरी आपबीती सुनाई। स्वजन अस्पताल पहुंचे और जमकर हंगामा किया। पुलिस भी मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा के एक गांव की रहने वाली पीड़िता की सात महीने पहले शादी हुई है। पेट दर्द की वजह से वह स्पेस अस्पताल में भर्ती हुई। दो दिन से महिला अस्पताल में भर्ती थी। सोमवार रात डेढ़ बजे उसके पास पुरुष नर्सिंग स्टाफ आया, जबकि नियमानुसार, महिला के पास महिला नर्सिंग स्टाफ ही आना चाहिए। पुरुष नर्सिंग स्टाफ ने महिला से छेड़छाड़ शुरू कर दी। रात अधिक होने की वजह से पीड़िता को समझ में नहीं आया कि वह छेड़छाड़ का किस तरह विरोध करें। उसके हाथ में ड्रिप लगी हुई थी। ढाई घंटे तक जब आरोपित शांत नहीं हुआ तो उसने परेशान होकर पूरी बात अपने पति को फोन करके बताई। आरोपी ने कई बार पीड़िता के प्राइवेट पार्ट पर हाथ लगाया।

आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन इस मामले में आंख मूंद कर बैठा रहा। पीड़ित पक्ष के शिकायत करने पर उल्टा उनको ही धमकाया गया। आरोपों की पुष्टि करने के लिए पुलिस अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

# फैक्ट्री के सिक्योरिटी गार्ड की धारदार हथियार से हत्या

**गाजियाबाद।** लिंक रोड थाना क्षेत्र में साहिबाबाद गांव कट के पास फैक्ट्री के सुरक्षाकर्मी की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। अज्ञात कॉलर ने दो व्यक्तियों ने हत्या करने की डायल 112 को सूचना दी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल के पास से पुलिस को मृतक के बैग में कपड़े मिले हैं। पुलिस ने स्वजन को जानकारी दे दी है। मृतक की पहचान भिंड (मुरैना) के देव सिंह(50) के रूप में हुई है।


## पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव नाम: मालूम नही, पुत्र: मालूम नही, निवासी: मालूम नही, उम्र: लगभग 50-55 वर्ष, कद: 5'5", रंग: गेहुंआ, चेहरा: लंबा, पहनावा: काले रंग की टी–शर्ट और क्रीम रंग की पैंट पहने है। जो मेन गेट राम लीला ग्राउंड, रेन बसेरा कमला मार्केट दिल्ली मे मृत पाया गया था। इस बाबत FIR/DD No. 77A दिनांक. 01.02.2024 थाना: **कमला मार्केट,** दिल्ली में दर्ज है।
इस मृत व्यक्ति के बारे में या इसके परिवार के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी/सुराग मिले तो निम्नलिखित पते या फोन नम्बरों पर सूचित करें।

हस्ता/- थानाध्यक्ष
कमला मार्केट, दिल्ली
फोन नं. 8750870424

DP/1469/CD/2024


# घर में घुसकर दो बहनों से छेड़खानी, विरोध पर मां को पीटा

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थानाक्षेत्र में दो बहनों के साथ घर में घुसकर छेड़खानी का मामला सामने आया है। दोनों बहनें किशोरी हैं। पीड़िताओं ने शोर मचाया तो आरोपित मौके से फरार हो गया। पीड़िता की मां ने जब आरोपित के पिता से मामले की शिकायत की तो उसने मां के साथ ही मारपीट कर दी। पीड़िता की शिकायत पर बाप बेटे पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपित युवक के पिता को गिरफ्तार कर लिया है।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## Change of Name

I Atul Singla S/o Satya Pal R/o H. No.-876, Sector-12, Huda, Panipat, Haryana-132103, have changed my name to Atul Kumar.

## Change of Name

It is for general information that I, Poonam Bai D/o Ishwar Singh R/o Rampura (116), Mahendragarh, Haryana- 123021, declare that name of my mother has been wrongly written as Krishna Devi in my 10th and 12th Class School Certificate Cum Marksheet. The actual name of my mother is Krishana Devi, which may be amended accordingly.

## Change of Name

I Sanjeev Kumar S/o Dileep kumar Gupta R/o B-1341, 2nd Floor, Palam Vyapar Kendra Road, Choma (62), Gurgaon, Haryana- 122017, have changed my name to Sanjeev Kumar Gupta.

## Change of Name

I Batheri D/o Jai Singh and W/o Krishan Lal R/o Near Ravidas Mandir, Habri, Harbri, Habri, District- Kaithal, Kaithal, Haryana-136026, have changed my name to Bharti.

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# आतिशी के 'खुलासे' के बाद एक्शन की तैयारी में ईडी

**प्रवर्तन निदेशालय ने एक आरोपी के बयान से जुड़ी ऑडियो रिकॉर्डिंग हटाने के आतिशी के दावे को खारिज किया है। इसके लिए ईडी आतिशी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पर विचार कर सकती है, ईडी ने कहा कि पूछताछ के दौरान केवल वीडियो रिकॉर्ड किया गया था, उस समय ऑडियो रिकॉर्डिंग की सुविधा नहीं थी। ईडी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पिछले साल अक्टूबर में ही ईडी पूछताछ प्रक्रिया के वीडियो कैप्चरिंग सिस्टम में ऑडियो रिकॉर्डिंग जोड़ी गई थी**

**आप की मुश्किलें**

▶▶ ईडी ने एक आरोपी से पूछताछ के दौरान बनाई गई वीडियो फुटेज की ऑडियो रिकॉर्डिंग को डिलीट कर दिया है






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आतिशी** के विस्फोटक खुलासे को लेकर की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद आप की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने एक आरोपी के बयान से जुड़ी ऑडियो रिकॉर्डिंग हटाने के आतिशी के दावे को खारिज किया है। इसके लिए ईडी आतिशी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पर विचार कर सकती है। ईडी ने कहा कि पूछताछ के दौरान केवल वीडियो रिकॉर्ड किया गया था, उस समय ऑडियो रिकॉर्डिंग की सुविधा नहीं थी। ईडी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पिछले साल अक्टूबर में ही ईडी पूछताछ प्रक्रिया के वीडियो कैप्चरिंग सिस्टम में ऑडियो रिकॉर्डिंग जोड़ी गई थी। एजेंसी के अधिकारियों ने कहा कि ईडी अधिकारियों द्वारा कोई ऑडियो रिकॉर्डिंग नहीं हटाई गई और एजेंसी में सीसीटीवी सिस्टम को अक्टूबर 2023 में वीडियो के साथ-साथ ऑडियो रिकॉर्ड करने और संग्रहीत करने के लिए अपग्रेड किया गया था।

**ऑडियो रिकॉर्डिंग को डिलीट किया- आतिशी**

## धनशोधन मामले में आप नेताओं पर ईडी की रेड पर भड़कीं आतिशी

**आप के निशाने पर ईडी**

▶▶ हमें चुप कराने के लिए छापेमारी हो रही है। अभी तक छापेमारी में एक रुपया भी नहीं मिला है

▶▶ आप नेताओं और आप से जुड़े लोगों के खिलाफ ईडी की छापेमारी चल रही है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को लेकर आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली की मंत्री आतिशी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमें चुप कराने के लिए छापेमारी हो रही है। अभी तक छापेमारी में एक रुपया भी नहीं मिला है। प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री आतिशी ने कहा कि आप नेताओं और आप से जुड़े लोगों के खिलाफ ईडी की छापेमारी चल रही है। आप कोषाध्यक्ष और सांसद एनडी गुप्ता, अरविंद केजरीवाल के पीए और अन्य के आवास पर छापेमारी चल रही है। भाजपा केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से हमारी आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। आतिशी ने आगे कहा कि बीते दो साल से शराब घोटाला मामले के नाम पर आम आदमी पार्टी के नेताओं को धमकी दी जा रही है। कुछ लोगों के घर छापा मारा। कुछ को समन जारी किए जा रहे हैं। कुछ को गिरफ्तार किया गया है। बीते दो साल में हजारों छापे मारे गए हैं। लेकिन अभी तक ईडी की टीम को एक रुपया तक बरामद नहीं हुआ है। अगले दो साल भी ईडी को कुछ नहीं मिलने वाला है। कोर्ट ईडी के कह चुका है कि सबूत पेश करें।

खास बात है कि मंगलवार को आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली की मंत्री आतिशी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि ईडी ने एक आरोपी से पूछताछ के दौरान बनाई गई वीडियो फुटेज की ऑडियो रिकॉर्डिंग को डिलीट कर दिया है। मंत्री ने दावा किया कि ईडी ने जो फुटेज कोर्ट में जमा किया है, उसमें ऑडियो नहीं है। आतिशी ने ईडी को चुनौती दी है कि ईडी ने अभी तक जो भी जांच की है, बयान लिए हैं, उसकी रिकॉर्डिंग सामने लाई जाए। दूध का दूध पानी का पानी सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि आज मैं ईडी के घोटाले पर पर्दा उठाने वाली थी, उससे ईडी डरी हुई थी और पता कर रही थी कि वह क्या पर्दा उठाने वाली हैं।

## नाम दशार्ने से पैतृक स्थिति खत्म नहीं होती: हाईकोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**
उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि विवाह विच्छेद से माता और पिता के उनके वार्ड के स्कूल रिकॉर्ड में अपना नाम दर्शाने की पैतृक स्थिति खत्म नहीं होती। अदालत ने कहा, महिला को बच्चे की मां के रूप में पहचाने जाने का अधिकार है, लेकिन यह उसे स्कूल के दस्तावेज में अपना नाम दर्ज कराने के पिता के अधिकार से इन्कार नहीं दिया जा सकता। अदालत ने स्कूल को माता-पिता दोनों के नाम दर्शाने और दो सप्ताह के भीतर सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति सी हरिशंकर ने यह निर्देश बच्चें के पिता की याचिका स्वीकार करते हुए दिया। बच्चे के पिता के रूप में पहचाने जाने के अधिकार का दावा करते हुए स्कूल को रिकॉर्ड सही करने का निर्देश देने की मांग की थी। उन्होंने कहा, तलाक के बाद उनकी पूर्व पत्नी ने स्कूल में बच्चे के नाम से उनका का नाम हटाकर दूसरे पति का नाम लिखवा दिया है। कुछ वैवाहिक विवादों के बावजूद जून 2015 में तलाक की डिक्री द्वारा उनकी शादी को रद्द कर दिया गया। अदालत ने कहा कि पिता की माता-पिता की स्थिति कायम है।

**अविवाहित महिला के गर्भपात की याचिका खारिज:** उच्च न्यायालय ने सोमवार को 20 वर्षीय अविवाहित महिला को 28 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि भ्रूण सामान्य होने पर भ्रूणहत्या नैतिक या कानूनी रूप से स्वीकार्य नहीं है।

**टिप्पणी**

▶▶ अदालत ने स्कूल को माता-पिता दोनों के नाम दर्शाने और दो सप्ताह के भीतर सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया है

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि महिला की याचिका गर्भावस्था के चिकित्सीय समापन के लिए कानून और नियमों के चार कोनों के अंतर्गत नहीं आती है। इसलिए अदालत भ्रूणहत्या के याचिकाकर्ता की प्रार्थना को स्वीकार करने के लिए इच्छुक नहीं है। न्यायाधीश ने यह भी कहा कि यदि महिला प्रसव के बाद नवजात को गोद देने की इच्छुक है, तो केंद्र यह सुनिश्चित करेगा कि प्रक्रिया जल्द से जल्द और सुचारू तरीके से हो। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता पहले से ही एक स्वस्थ और व्यवहार्य भ्रूण के साथ सात महीने की गर्भवती है। याचिकाकर्ता द्वारा समय से पहले गर्भावस्था समाप्त करने और बच्चे की डिलीवरी के लिए एम्स को निर्देश देने की मांग की गई प्रार्थना को इस अदालत द्वारा स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

## मेयर पर लगाया डीएमसी एक्ट उल्लंघन का आरोप

**विरोध**

▶▶ दूसरी तरफ बजट पर चर्चा होती रही। वहीं, दिल्ली एमसीडी में कांग्रेस पार्षदों ने मेयर पर आरोप लगाया



**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**
**दिल्ली-एमसीडी** की बैठक में पार्षद छोले भटूरे का लुफ्त उठाने में लगे रहे। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दूसरी तरफ बजट पर चर्चा होती रही। वहीं, दिल्ली एमसीडी में कांग्रेस पार्षदों ने मेयर पर आरोप लगाया है। कांग्रेस पार्षदों का कहना है कि मेयर ने डीएमसी एक्ट का उल्लंघन किया है। आरोप-प्रत्यारोप और हंगामे के साथ दिल्ली नगर निगम के पहले दिन का बजट सत्र सोमवार शाम को करीब साढ़े छह बजे समाप्त हुआ। दोपहर दो बजे से सदन की मीटिंग बुलाई गई थी और कार्यवाही शुरू होने के बाद सबसे पहले कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश को बोलने का मौका मिला था। उन्होंने सत्ता पक्ष पर आरोप लगाया कि आठ फरवरी को नेता सदन को जो फाइनल बजट भाषण पढ़ना है, इसकी कॉपी तो पहले से छपवा ली गई है। फिर बजट पर निगम सदस्यों से चर्चा कराना मात्र दिखावा भर है। इस मुद्दे पर सदन में करीब 10 मिनट तक हंगामा होता रहा।

## संजय सिंह न्यायिक हिरासत से जाएंगे राज्यसभा

**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**
आम आदमी पार्टी) के नेता संजय सिंह को राउज एवेन्यू कोर्ट ने दूसरी बार मंगलवार को संसद जाकर राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने की इजाजत दे दी। उन्हें पुलिस हिरासत में 8 फरवरी या 9 फरवरी को संसद जाने की अनुमति दी गई है। कोर्ट के आदेश पर पहले भी उन्हें शपथ दिलाने की अनुमति दी गई थी। उन्हें 5 फरवरी को राज्यसभा में ले जाया गया था, लेकिन कुछ कारणों की वजह से शपथ नहीं दिलाई जा सकी। विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने संजय सिंह के आवेदन को स्वीकार करते हुए कहा कि 3 फरवरी को इस अदालत ने जेल अधिकारियों को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ दिलाने के लिए आरोपी को न्यायिक हिरासत से राज्यसभा में ले जाने का निर्देश दिया था।

## सिक्किम की युवती से दरिंदगी: लोहे की रॉड से पीटा




**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**
**दक्षिण** दिल्ली के नेबसराय इलाके से हैवानियत की सारी हदें पार करने वाला एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने दिल्ली को एक बार शर्मसार कर दिया है। इस घटना का शिकार सिक्किम की एक युवती हुई है, जिसके अपने प्रेमी ने ही उसे रूह कंपाने वाली सजा दी। दरअसल दक्षिण जिले के नेबसराय इलाके में सिक्किम की एक 32 वर्षीय युवती के साथ पहले उसके प्रेमी ने दुष्कर्म किया। फिर लोहे के रॉड से उसकी देर तक पिटाई की। इतने से भी उसका जी नहीं भरा तो आरोपी ने खौलती हुई दाल महिला पर उड़ेल दी और उसे तड़पने के लिए छोड़कर वहां से भाग गया।

दरअसल नॉर्थ-ईस्ट की युवती की दोस्ती फेसबुक के माध्यम से दिल्ली में रहने वाले पारस से हुई। धीरे-धीरे दोनों की दोस्ती गहरी हुई तो युवती पारस पर भरोसा करने लगी। उसने पारस को जॉब के लिए बोला। इस पर पारस ने युवती से जॉब के लिए दिल्ली आने की बात कही। इसी साल 10 जनवरी को पारस पर भरोसा कर जॉब के लिए युवती दिल्ली आ गई। दिल्ली आकर वह पारस के साथ ही खानपुर में रहने लगी।

**30 जनवरी की है घटना:** युवती और आरोपी के साथ-साथ रहने के चलते दोनों के बीच कई बार शारीरिक संबंध बने। दोनों एक-दूसरे से शादी की बातें भी करने लगे। 30 जनवरी के दिन भी दोनों के बीच शादी को लेकर बात हुई। उस दिन युवती पारस पर शादी के लिए कुछ ज्यादा ही दबाव बनाने लगी। इसस गुस्साए पारस ने पहले लोहे के सरिए से उसकी जमकर देर तक पिटाई की। इसके बाद गैस पर चढ़े दाल को उठाकर युवती के ऊपर फेंक दिया, जिससे युवती के चेहरा और हाथ जल गए।

**पांच घंटे तक तड़पी युवती:** इस पूरी वारदात को अंजाम देने के बाद पारस युवती को तड़पता छोड़ कमरे को बंद कर चला गया। लगभग पांच घंटे तक युवती दर्द और जलन से रोती-चिल्लाती रही। उसकी चीख किसी तरह मकान मालिक तक पहुंची तो वह आया और उसने युवती को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवती को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया। युवती के बयान पर नेब सराय थाने ने अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी पारस की तलाश शुरू कर दी।

**हैवानियत**

▶▶ 32 वर्षीय युवती के साथ पहले उसके प्रेमी ने दुष्कर्म किया, फिर लोहे के रॉड से उसकी देर तक पिटाई की

## वसंत विहार में चाकू से ताबड़तोड़ वार कर युवक की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**
**साउथ दिल्ली के** वसंत विहार में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। वारदात को अज्ञात बदमाशों ने अंजाम दिया है। जानकारी के मुताबिक मृतक युवक की पहचान अश्विनी के रूप में हुई है। युवक के शरीर पर कई जगह चाकू से वार किए गए हैं। मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की है। राष्ट्रीय राजधानी में चाकूबाजी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामले में साउथ दिल्ली के वसंत विहार में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। वारदात को अज्ञात बदमाशों ने अंजाम दिया है।

जानकारी के मुताबिक, मृतक युवक की पहचान अश्विनी के रूप में हुई है। युवक के शरीर पर कई जगह चाकू से वार किए गए हैं। मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की है। अभी तक आरोपितों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस के मुताबिक, सुबह करीब 6 बजे इलाके के कुछ लोगों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। इस संबंध में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वसंत विहार पुलिस थाने की एक टीम मौके पर पहुंची और बताया कि पीड़ित की पहचान अश्विनी (35) के रूप में हुई है।

## दिल्ली-एनसीआर में दिन में खिली धूप से मिली राहत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सोमवार को दिन में खिली धूप से सोमवार को ठंडक से राहत मिली। दोपहर बाद मौसम में बदलाव से हल्की गर्मी का अहसास भी हुआ। वहीं शाम ढलते ही एक बार फिर से मौसम में ठंडक घुल गई। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में दोपहर के समय तापमान में बढ़त का अनुमान जताया है। हालांकि उत्तर-पश्चिम दिशाओं से आने वाली ठंडी हवाओं से सुबह और शाम के समय ठंडक महसूस हो सकती है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली के मुताबिक, सोमवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से दो डिग्री कम है। न्यूनतम



तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक रहा। सोमवार को मंगेशपुर इलाका सबसे ठंडा रहा। यहां का अधिकतम तापमान सबसे कम 17 डिग्री दर्ज किया गया। सोमवार सुबह बहुत हल्का कोहरा देखने को मिला। सुबह करीब आठ बजे मौसम साफ हुआ और हल्की धूप खिली। दोपहर तक धूप तेज हो गई जिससे मौसम गर्म हुआ। मौसम साफ होने से शाम के तापमान की गिरावट का अनुमान है।मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को आसमान साफ रहेगा। सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा छाया रह सकता है। इस दौरान अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। मंगलवार को दिन में उत्तर-पश्चिमी दिशाओं से 10 से 12 किमी प्रति घंटे की गति से हल्की ठंडी हवाएं चल सकती है। इससे शाम के समय मौसम कुछ सर्द होगा।

**दावा**

▶▶ यह अभी साफ नहीं है कि अरविंद केजरीवाल बुधवार को जांच एजेंसी के सामने हाजिर होंगे या नहीं

## आरएमएल अस्पताल में युवक के अंगदान से बचेगी तीन जान

**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**
**एनसीआर में** हाल के वर्षों में अंगदान बढ़ा है, लेकिन दिल्ली और एनसीआर अंगदान का बड़ा केंद्र एम्स ट्रॉमा सेंटर ही रहा है। बाकी बड़े अस्पतालों में कभी कभार ही अंगदान होते हैं। इसी क्रम में आरएमएल अस्पताल में लंबे समय बाद मंगलवार को हादसे के शिकार 32 वर्षीय युवक का अंगदान हुआ। इससे तीन मरीजों को जीवन मिलेगा। शाम तक तीनों मरीजों की अंग प्रत्यारोपण सर्जरी हो जाएगी, जो लंबे समय से आर्गेन फेल्योर की बीमारी से जूझ रहे हैं।

अस्पताल सूत्रों के अनुसार आजादपुर के रहने वाला वह युवक शराब के नशे के कारण घर की छत की पहली मंजिल से गिर गया था।

इस वजह से उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी। उसे इलाज के लिए आरएमएल अस्पताल के ट्रामा सेंटर ब्लाक में भर्ती कराया गया था, लेकिन वह ब्रेन डेड हो गया। इस वजह से अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों ने परिवार के लोगों से उसके अंगदान के लिए प्रेरित किया। परिवार के लोगों ने इसकी स्वीकृति दी।

## आप सरकार ने दिल्ली को वेंटिलेटर पर डाला...:मीनाक्षी लेखी

**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**
केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली को वेंटिलेटर पर डाल दिया है। सोमवार को अदालत ने कहा कि दिल्ली में तीन करोड़ की जनसंख्या पर मात्र छह सिटी स्कैन मशीन है। इसे लेकर दिया गया शपथ पत्र भी झूठा पाया गया। कट्टर ईमानदार कहकर सत्ता में आने वाले अब भ्रष्टाचार की परिभाषा बन गए हैं।

**ईडी की जांच में ढाई से तीन हजार करोड़ की चोरी की बात**

प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा किसी भी राज्य की रीढ़ की हड्डी होती है जिसे इस सरकार ने बर्बाद करने का काम किया। आबकारी घोटाले में ईडी की जांच में ढाई से तीन हजार करोड़ रुपये की चोरी होने की बात सामने आई है।

अभी इसकी जांच चल ही रही है कि जल बोर्ड और स्वास्थ्य विभाग का घोटाला सामने आ गया। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में 30 हजार नए बेड की व्यस्था करने और प्रत्येक पांच हजार लोगों पर पांच बेड उपलब्ध कराने का वादा किया था जिसे पूरा नहीं किया गया।

**दवा खरीद में सबसे अधिक भ्रष्टाचार:** 900 प्राथमिक चिकित्सा केंद्र बनाने का वादा किया था, परंतु नए खुलने की जगह पुराने भी बंद हो रहे हैं। मोहल्ला क्लीनिक के लिए बनाए गए पोर्टा कैबिन का खर्च 40 से 50 लाख रुपये बताया गया है।



दवा खरीद में पारदर्शिता का वादा था, लेकिन इसमें सबसे अधिक भ्रष्टाचार हुआ। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निजी सचिव बिभव कुमार, जल बोर्ड के पूर्व सदस्य शलभ कुमार और सांसद व आप के कोषाध्यक्ष एनडी गुप्ता के ठिकानों पर जल बोर्ड व मनी लान्ड्रिंग मामलों में ईडी के छापे पड़ रहे हैं।

पांच समन के बाद भी मुख्यमंत्री ईडी के सामने नहीं गए। शामिल नहीं हुए। आतिशी इधर -उधर की बात करती हैं लेकिन यह नहीं बताती हैं कि मुख्यमंत्री ईडी के सामने कब जा रहे हैं।

## दिल्ली नगर निगम की बैठक में हंगामा, भाजपा पार्षद ने कट मोशन की प्रतियां फाड़कर हवा में लहराई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली नगर निगम के संशोधित बजट अनुमान 2023-24 और बजट अनुमान 2024-25 पर चर्चा के लिए बुलाई गई निगम सदन की बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। जहां सोमवार को चंड़ीगढ़ महापौर चुनाव में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को लेकर आप और भाजपा पार्षदों में नोंक-झोंक हुई थी तो वहीं मंगलवार को बैठक भाजपा पार्षदों ने आप पार्षदों की ओर से बजट में संशोधन (कट मोशन) के प्रस्तावों को लेकर भाजपा ने विरोध किया। भाजपा पार्षद योगेश वर्मा ने



इस सदन में इस मुद्दे को उठाया। इसके बाद भाजपा पार्षद महापौर डॉ. शैली ओबेराय के आसन के सामने आ गए और महापौर से कट मोशन को वापस लेने की मांग की। इस दौरान महापौर ने भाजपा पार्षदों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन हंगामा शांत होने के लिए पहले सदन की बैठक दस मिनट के लिए स्थगित की। फिर पुनः शुरू हुई बैठक में भाजपा पार्षद महापौर के आसन के समक्ष आ गए। इसके बाद महापौर ने फिर बैठक को आधे घंटे के लिए स्थगित कर दिया। भाजपा पार्षद योगेश वर्मा का कहना है कि चाहे ग्रुप बी के कर्मचारियों के वेतन का मामला हो या वार्ड कमेटियों से लेकर स्थायी समिति, शिक्षा समिति के फंड को महापौर के विवेकाधिकार फंड में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव आप पार्षदों ने दिया है।

# 'भौतिक निर्माण से पहले व्यक्ति निर्माण आवश्यक'

## पंचकूला में मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत आयोजित नैतिकता शिविर में बोले मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों में नैतिकता के भाव को आत्मसात करने के लिए की गई है मिशन कर्मयोगी की पहल, हमारी विचारधारा में नैतिकता सर्वोपरि - मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने समाज में व्यक्ति निर्माण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि भौतिक निर्माण से पहले व्यक्ति निर्माण आवश्यक है। एक बार व्यक्ति का निर्माण हो गया तो भौतिक निर्माण अपने आप हो जाएगा। व्यक्ति निर्माण पर सरकारों का ध्यान जाएगा पहले किसी ने सोचा नहीं था। मनोहर लाल पंचकूला में मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत आयोजित नैतिकता शिविर (एथिक्स कॉन्कलेव) में उपस्थित भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा और हरियाणा सिविल सेवा के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुशासन में



नैतिकता के भाव को आत्मसात करने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए मिशन कर्मयोगी की शुरूआत की है। अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि व्यवस्थाओं में जनता का विश्वास बढे। उन्होंने कहा कि लोगों में अविश्वास की भावना को खत्म करना एक चुनौती है परंतु अधिकारी अपनी सोच और कार्यशैली में बदलाव लाकर जनता की अकांक्षाओं पर खरा उतर सकते हैं। अधिकारियों व कर्मचारियों में संकल्प, ताकत व मनोबल के साथ समाज सेवा के भाव को जागृत करने के लिए मिशन कर्मयोगी की शुरूआत की गई है। अधिकारी व कर्मचारी असल कर्मयोगी बनते हुए

**नैतिकता सर्वोपरि**

**पीएम ने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए मिशन कर्मयोगी की शुरूआत की : सीएम**

समाज को अपना सर्वश्रेठ देगें तो उन्हें आत्मिक संतोष की प्राप्ति होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में जब उन्होंने सत्ता की बागडोर संभाली तब शासन और अधिकारियों/कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को लेकर उनके मन में कई तरह के प्रश्न थे। शासन में अच्छे प्रवृति के लोग भी बहुत हैं। परन्तु बदलाव की आवश्यकता को देखते हुए हमनें 25 दिसंबर 2015 को प्रथम सुशासन दिवस पर व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में अनेक पहल की शुरूआत की। पिछले लगभग साढे 9 सालों में हमने सुशासन की दिशा में अनेक सफल कार्य किए हैं। परन्तु अभी भी बहुत कुछ करना शेष है और इसके लिए आप सभी का सहयोग अति आवश्यक है।

**हमारी विचारधारा में नैतिकता सर्वोपरि - मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में जनसेवा का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और वे स्वयं उस विचारधारा से आते हैं जहां नैतिकता सर्वोपरि है।

# जनता की सेवा एवं उनके संघर्षों में साथ रहना ही मेरा धर्म और कर्तव्यः जवाहर यादव

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**भाजपा के** मुख्य प्रवक्ता एवं मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी जवाहर यादव का जन्म दिन मंगलवार को सरपंचों, समर्थकों और कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाया। आज सुबह से ही उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते हुए आए समर्थकों ने फूलमालाएं पहनाकर और मुंह मीठाकर जवाहर यादव की दीघार्यु की कामना की और जन्म दिन की शुभकामनाएं दी। पालम विहार आवास पर हजारों की संख्या में उमड़े लोगों ने भारत माता की जय, मोदी-मनोहर जिंदाबाद और जवाहर यादव जिंदाबाद के नारे लगाकर पूरे माहौल को भाजपामय कर दिया। समर्थकों और भाजपा के कार्यकताओं से मिले सम्मान और आशीर्वाद से गदगद जवाहर यादव ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनता की सेवा एवं उनके संघर्षों में साथ खड़े रहना ही मेरा धर्म और कर्तव्य है।

भाजपा नेता जवाहर यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा विकास की नई उंचाईयों को छू रहा है। मोदी-मनोहर सरकार में जितना विकास लगभग इन 10 सालों में हुआ है, उतना विकास 60 सालों में नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि सरकार की नीतियों का लाभ जरूरतमंद और अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। इस मौके पर श्री यादव ने अपने समर्थकों और कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे मोदी-मनोहर सरकार की नीतियों का जन-जन में प्रसार और प्रसार करें।

# 'कनिष्ठ अभियंताओं की सहायता के लिए सिविल इंजीनियरिंग कोर्स कर रहे विद्यार्थियों को जोड़ा जाए'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**

**हरियाणा के मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जन संवाद कार्यक्रम के दौरान फील्ड से लोगों द्वारा लिखित में दी गई शिकायतों का पंजीकरण जन संवाद पोर्टल पर करें और श्रेणीवार इनका शीघ्र समाधान करें।

मुख्यमंत्री जन संवाद पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के समाधान के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विकास एवं पंचायत तथा उच्चतर शिक्षा विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास एवं पंचायत विभाग से सम्बन्धित

**समीक्षा बैठक**

**शिकायतों का पंजीकरण जन संवाद पोर्टल पर करें और श्रेणीवार इनका शीघ्र समाधान करें**

अधिकतर मामले इंजीनियरिंग वर्कस से जुड़े हैं, इसलिए अनुमान तैयार करने के लिए राजकीय विश्वविद्यालयों व बहुतकनीकी संस्थानों में सिविल इंजीनियर कर रहे अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को कनिष्ठ अभियंताओं के साथ जोड़ा जाए, ताकि कनिष्ठ अभियंताओं को अनुमान तैयार करने में सहयोग मिल सके।

बैठक में जानकारी दी गई कि शीघ्र ही इंजीनियरिंग कार्य से जुड़े विभागों के कनिष्ठ अभियंताओं की सूची विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन उपलब्ध करवा दी जाएगी और तीन दिन में विद्यार्थी कनिष्ठ अभियंता के साथ काम करने के लिए विकल्प दे सकते हैं। बैठक में इस बात की भी जानकारी दी गई कि विकास एवं पंचायत विभाग से 23,364 विकास कार्य, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से 2370 तथा शहरी स्थानीय निकाय विभाग से 1281 विकास कार्य सूचीवद्ध हैं।

# सीईटी आधारित ग्रुप सी भर्ती परीक्षा के परिणाम घोषित

**चंडीगढ़ः हरियाणा** कर्मचारी चयन आयोग ने हरियाणा सरकार के तमाम विभागों में 59 श्रेणी के ग्रुप सी पदों पर भर्ती के लिए ली गई परीक्षा के नतीजे मंगलवार को घोषित कर दिए।

अभ्यर्थियों ने सीईटी 2022 के आधार पर ग्रुप सी पदो के लिए आवेदन किए और फिर 30 व 31 दिसंबर तथा 6, 7 और 14 जनवरी 2024 को कौशल परीक्षण किए गए थे।अब इस परीक्षा के नतीजों की घोषणा हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा कर दी गई है। आयोग द्वारा परिणाम मंगलवार को घोषित किए गए।

# 'दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट का कार्य जल्द होगा शुरू'

## भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को 6900 करोड़ रुपये में अलॉट हुआ टेंडर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में कल देर सायं हुई हाई पावर वर्कर्स परचेज कमेटी (एचपीजीसीएल) की बैठक में 800 मेगावाट यूनिट की क्षमता का नये लगने वाले दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट, यमुनानगर को बनाने के लिए टेंडर का कार्य भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को 6900 करोड रुपए में देने की अनुमति प्रदान की गई। बीएचईएल इस कार्य को 57 महीने की समयावधि में पूरा करेगी। बैठक में बिजली मंत्री रणजीत सिंह भी मौजूद रहे। इस प्लांट में अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल यूनिट लगेगी जबकि अभी



तक सब- क्रिटिकल यूनिट लगे हुए है । यह पहले लगे यूनिट से 8 प्रतिशत ज्यादा क्षमता के है। इसमे कोयले की खपत कम होगी और बिजली सस्ती बनेगी। इस परियोजना से हरियाणा के नागरिकों के लिए निर्बाध बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। साथ ही प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए सभी उपकरण लगाने का प्रावधान किया गया है। मुख्य सचिव

**यूनिट**

**प्लांट में अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल यूनिट लगेगी जबकि अभी तक सब-क्रिटिकल यूनिट लगे हुए है**

अपूर्व कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर, हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के चेयरमेन पी.के. दास , हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद शाइन, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# नए सरकारी कर्मचारियों को चरित्र सत्यापन मानदंडों में दी ढील

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने सरकारी सेवा में पहली नियुक्ति से पहले चयनित अभ्यर्थियों के लिए चरित्र और पूर्ववृत्त सत्यापन की प्रक्रिया में बड़ी राहत दी है। मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने राज्य के प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों सहित प्रबंध निदेशकों, मुख्य प्रशासकों, मंडलायुक्तों, उपायुक्तों और विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रारों को लिखे एक पत्र में कहा है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग और हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा 30 जून, 2024 तक नियुक्तियों के लिए अनुशंसित उम्मीदवारों को अब नियुक्ति से पहले चरित्र, पूर्ववृत्त और नियुक्ति के लिए आवश्यक सभी दस्तावेजों के सत्यापन के बिना अंतरिम रूप से नियुक्त किया जा सकता है।

# नागरिक उड्डयन विभाग ने भरी ऊंची उड़ान : दुष्यंत चौटाला

## प्रदेश में नौ एयर रूट्स किए चिन्हित, हिसार एयरपोर्ट को जहाजों की नाइट-पार्किंग के लिए भी कर सकेंगे प्रयुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि नागरिक उड्डयन विभाग ने पिछले चार वर्षों में प्रगति की ऊंची उड़ान भरते हुए कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने प्रदेश के प्रमुख प्रोजेक्ट हिसार एविएशन हब के बारे में यहां जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दिनों हैदराबाद में एविएशन से संबंधित "विंग्स इंडिया-2024" एक सम्मेलन हुआ था जिसमे तीन एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। इनमें पहला एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ हुआ है। इस समझौते के तहत एयरपोर्ट पर इक्विपमेंट मैनेजमेंट, फंक्शनिंग और टेक्निकल



स्पोर्ट एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया करेगी। दूसरा एमओयू , पवनहंस लिमिटेड , भारत सरकार और हरियाणा सरकार के मध्य हुआ है। इसके लिए हरियाणा के नागरिक उड्डयन विभाग ने एचएसआईआईडीसी से 30 एकड़ जमीन लेकर भारत सरकार को दी है। यह जमीन गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस के साथ है। इसमें देश का सबसे बड़ा हेलीहब स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह हेलीहब दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से मात्र 13 किलोमीटर की दूरी पर होगा। इस हेलीहब से पूरे उत्तर भारत को एपिक सेंटर के तौर पर हेलीकॉप्टर टैक्सी सर्विस , प्राइवेट चार्टर , मेडिकल एम्बुलेंस की हेली-सर्विसिस जैसी सुविधाएँ मिलेंगी। दुष्यंत चौटाला ने तीसरे एमओयू के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह एमओयू "अलाइंस एयर कंपनी" और हरियाणा सरकार के मध्य हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में नौ एयर-रूट्स चिन्हित किये गए हैं जिनमे उक्त कंपनी वीजीएफ (वाइबिलिटी गैप फंडिंग ) की स्कीम के आधार पर जहाज की उड़ान भरेगी। इनमे हिसार से दो जहाज सप्ताह में तीन दिन उड़ेंगे। अंबाला में सिविल टर्मिनल बनने के बाद वहां से एयर -सर्विस शुरू हो जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि देश की अन्य बड़ी एयरलाइन्स अकासा ,इंडिगो तथा स्पाइसजेट के प्रतिनिधियों ने भी भविष्य में हिसार एयरपोर्ट को चंडीगढ़ एयरपोर्ट की तरह पार्किंग के लिए भी प्रयुक्त करने की इच्छा जताई है। क्योंकि दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर दिन प्रतिदिन एयर ट्रैफिक बढ़ रहा है , ऐसे में हिसार एयरपोर्ट भी रात्रि के समय जहाज -पार्किंग के लिए बेहतरीन विकल्प के तौर पर लाभप्रद साबित होगा।

# विज ने एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**

हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने हत्या और आत्महत्या के अलग-अलग मामलों की जांच के लिए एसआईटी गठित करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। इसी तरह, उन्होंने हिसार में जमीन पर कब्जा कर व तोड़फोड़ करने के मामले में भी हिसार रेंज के आईजी को एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए। श्री विज मंगलवार को अम्बाला छावनी स्थित अपने आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। चंडीगढ़ से आए भाई-बहन ने गृह मंत्री अनिल विज को शिकायत देते हुए बताया कि उनके पिता ने कुछ समय पूर्व रेलवे लाइन पर सुसाइड कर लिया था और जीआरपी चंडीगढ़ थाने में केस भी दर्ज किया गया था। पिता की मृत्यु के कुछ दिनों पश्चात उन्हें सुसाइड नोट मिला जिस पर लिखा था कि कुछ लोगों के दबाव में आकर वह सुसाइड कर रहे हैं।

उनका आरोप था कि जीआरपी को शिकायत देने के बावजूद भी पुलिस ने मामले में अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की है। गृह मंत्री ने जीआरपी आईजी को इस मामले में एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए। वहीं, पानीपत से आए फरियादी ने गृह मंत्री अनिल विज को उसके बेटे की हत्या मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने की शिकायत दी। फरियादी ने बताया कि उसके बेटे की रात को सोते समय करंट देकर हत्या कर दी गई थी और साजिश के तहत किसी अन्य को फंसाने की कोशिश की गई। आरोप था कि अब तक किसी भी आरोपी को पुलिस द्वारा पकड़ा नहीं गया है।

**जनसुनवाई**

**हिसार में मकान पर कब्जा करने व तोड़फोड़ मामले में भी एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए**

# झूठ व जुमलों की सरकार से मुक्ति चाहता प्रदेशः सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस संदेश यात्रा पहला चरण पूरा हो चुका है। इस दौरान लाखों लोगों से मुलाकात हुई, हर कोई भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार से तंग नजर आया। लोगों ने आगे बढ़कर इनके जनविरोधी कार्यों, घोटालों, घपलों, बढ़ते अपराध, महंगाई, बेरोजगारी पर बात की। सरकार से परेशान हो चुकी जनता अब सिर्फ चुनाव के इंतजार में है और गठबंधन की नकारा इस सरकार से मुक्ति चाहती है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश के लोगों ने कांग्रेस संदेश यात्रा का अपने-अपने

**साधा निशाना**

**कांग्रेस संदेश यात्रा के दौरान लाखों लोगों से हुई मुलाकात, लोगों ने बताया- हरियाणा एक, हरियाणवी एक का नारा झूठा**

लोकसभा क्षेत्र में जोश के साथ स्वागत किया। लोग इस उम्मीद में यात्रा का हिस्सा बने कि उन्हें डबल इंजन सरकार के कुशासन से कांग्रेस अब मुक्ति दिलाएगी। विभिन्न स्थानों पर बातचीत के दौरान लोगों ने साफ-साफ बताया कि प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में गहरा अंतर है। जिस तरह के नारे दिए जाते हैं, आचरण उसके एकदम विपरीत है। हरियाणा एक-हरियाणवी एक की आड़ में प्रदेश के लोगों को आपस में लड़ाने के षड्यंत्र समय-समय पर रचने का इतिहास भाजपा ने बनाया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब भी सरकार पर लोग सवाल उठाने की कोशिश करते हैं, तो उनका ध्यान भटकाने के लिए उन्हें ही आपस में लड़वा दिया जाता है। प्रदेश में समान विकास भी कहीं नजर नहीं आता। गांवों व शहरों के बीच की खाई और अधिक बढ़ी है। गांवों में तो सडको पर पैचवर्क तक नहीं किया जाता। लोगों ने गांवों में बिगड़ी हुई स्वास्थ्य सेवाओं व खराब हो रही सरकारी स्कूलों की हालत की भी विस्तार से जानकारी दी। कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारों की बढ़ती संख्या को लेकर लोग सबसे अधिक चिंतित नजर आए। युवाओं ने उन्हें बिन पर्ची-बिन खर्ची के नारे की हकीकत बताते हुए जानकारी दी कि कितनी भर्तियां अभी कोर्ट में अटकी हुई हैं और 2014 के बाद से कितनी भर्तियों को कोर्ट निरस्त कर चुका है। बाकायदा बताया कि ग्रुप ए की भर्तियों की एवज में बटोरे गए एचपीएससी से करोड़ों रुपये नकद पकड़े जाते हैं, जबकि एचएसएससी में नौकरियां बेचने का भंडाफोड़ होने पर चेयरमैन को कुछ समय के लिए सस्पेंड किया जाता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अग्निवीर, फसल बीमा, शराब घोटाला, एफसीआई घोटाला, धान-गेहूं-बाजरा-सरसों खरीद घोटाला, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग घोटाला आदि को लेकर जनता में गठबंधन सरकार के प्रति खासा गुस्सा नजर आया।

# ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति की स्पेशल गिरदावरी कराने के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने प्रदेश में हाल में हुई ओलावृष्टि के कारण होने वाली फसल क्षति की स्पेशल गिरदावरी करवाने के आदेश दिए है।मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को यह घोषणा की।

इससे पहले उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रविवार को कहा था कि एक फरवरी से फसलों की जनरल गिरदावरी शुरू हो गई है जो कि एक मार्च 2024 तक प्रदेश भर में चलेगी, इस दौरान राज्य में ओले गिरने से फसलों को जो नुकसान हुआ है उसकी जिला प्रशासन को रिपोटिंग करने के निर्देश दिए हुए हैं, साथ ही किसान खुद भी राजस्व विभाग के क्षतिपूर्ति-पोर्टल पर नुकसान की रिपोर्ट अपलोड कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी रिपोर्ट मिलने पर किसानों को उनकी क्षति की पूर्ति के लिए मुआवजा दिया जाएगा।

डिप्टी सीएम के पास राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग का प्रभार भी है रविवार को चंडीगढ़ प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा था कि जब-जब किसानों की फसल को प्राकृतिक आपदा की मार पड़ी है, प्रदेश सरकार ने प्रभावित किसानों की हर संभव मदद की है।

# बिजली पंचायत में ऊर्जा मंत्री ने सुनी उपभोक्ताओं की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

**हरियाणा** के ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने बिजली निगम के अधिकारियों को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निर्धारित शेड्यूल के अनुसार उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति करने तथा जनसमस्याओं का निराकरण प्राथमिक स्तर पर करने के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री ने आज हिसार में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा आयोजित बिजली पंचायत में शिरकत कर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना। बिजली पंचायत में छः जिलों की 16 ग्राम पंचायतों एवं विभिन्न गांवों से आए हुए जनप्रतिनिधियों ने ऊर्जा मंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। ऊर्जा मंत्री के समक्ष बिजली पंचायत में लटकी बिजली की तारे, पंचायत घरों के लिए सोलर पैनल, झींगा फार्मिंग के लिए किसानों को नए बिजली कनेक्शन देने, ट्रांसफार्मर लगाने, रोजगार, तीन फेज सप्लाई लाइन, रिहायशी क्षेत्रों से 11 व 33 किलो वाट की लाईनों में आने वाले अवरोधों को हटाने, शिफ्ट करने व कसने तथा ढाणियों में बिजली से संबंधित शिकायतें सामने आई। इसके अतिरिक्त, रिहायशी व स्कूलों के ऊपर से हाई टेंशन वायर हटाने से संबंधित समस्याओं को रखा गया, जिस पर उन्होंने संबंधित कार्यों को जल्द पूर्ण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने समस्याओं के निवारण हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि वर्ष 2018-19 के आवेदकों के बिजली के ट्यूबवेल कनेक्शन के कार्यों को पूरा कर लिया गया है और जल्द ही 2020 से अब तक के ट्यूबवेल कनेक्शनों को भी पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को ढाणियों में लंबित बिजली कनेक्शन शीघ्र मुहैया करवाने व उपभोक्ताओं के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने की हिदायत दी।

# 'पगड़ी बंधाओ' के साथ 'हुक्का विद सेल्फी' की ओर आकर्षित हो रहे हैं हजारों पर्यटक

## सूरजकुंड मेले में खूब लोकप्रिय हो रही है हरियाणवी पगड़ी और हुक्का

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के फरीदाबाद में चल रहे 37वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेले में 'हरियाणवी पगड़ी' पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पगड़ी बंधवाने और 'हुक्का सेल्फी' लेने के लिए दिनभर पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है। हरियाणा के 'विरासत' की ओर से लगाई गई सांस्कृतिक प्रदर्शनी पर 'पगड़ी बंधाओ - फोटो खिंचाओ' में हरियाणवी पगड़ी बच्चों, महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बुजुर्गों तक सभी को अपनी ओर लगातार आकर्षित करती दिख रही है।

इस विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए 'विरासत' के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि




हरियाणा की पगड़ी को अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेले में खूब लोकप्रियता प्राप्त हो रही है। पर्यटक पगड़ी बांधकर हुक्के के साथ सेल्फी, हरियाणवी झरोखे, हरियाणवी दरवाजों, आपणा घर के दरवाजों के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे हैं। इससे हरियाणा की लोक सांस्कृतिक 'विरासत' खूब लोकप्रिय हो रही है। डॉ. पूनिया ने बताया कि मेले के दूसरे दिन भारत के उपराष्ट्रपति महामहिम श्री जगदीप धनखड़ की धर्मपत्नी श्रीमती सुदेश धनखड़ भी मेला अवलोकन के दौरान हरियाणवी पगड़ी बंधवा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि लोकजीवन में पगड़ी की विशेष महत्वता है। पगड़ी की परंपरा का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। यह जहां एक ओर लोक सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ी हुई है, वहीं पर सामाजिक सरोकारों से भी इसका गहरा नाता है। हरियाणा के खादर, बांगर, बागड़, अहीरवाल, बृज, मेवात, कौरवी क्षेत्र समेत सभी क्षेत्रों में पगड़ी की विविधता देखने को मिलती है। प्राचीन काल में सिर को सुरक्षित रखने के लिए पगड़ी का प्रयोग किया जाता रहा है। इस परिधान को सभी परिधानों में सर्वोच्च स्थान मिला है। पगड़ी को लोक जीवन में पग, पाग, पग्गड़, पगड़ी, पगमंडासा, साफा, पेचा, फेंटा, खण्डवा, खण्डका, आदि नामों से भी जाना जाता है, जबकि साहित्य में पगड़ी को रूमालियो, परणा, शीशकाय, जालक, मुरैठा, मुकुट, कनटोपा, मदील, मोलिया और चिंदी आदि नामों से जाना जाता है। वास्तव में पगड़ी का मूल ध्येय शरीर के ऊपरी भाग (सिर) को सर्दी, गर्मी, धूप, लू, वर्षा आदि आपदाओं से सुरक्षित रखना रहा है। धीरे - धीरे इसे सामाजिक मान्यता के माध्यम से मान और सम्मान के प्रतीक के साथ जोड़ दिया गया, क्योंकि पगड़ी शिरोधार्य है। यदि पगड़ी के इतिहास में झांक कर देखें, तो अनादिकाल से ही पगड़ी को धारण करने की परम्परा रही है। फिलहाल मेला परिसर में 'आपणा घर' में सजी 'विरासत' प्रदर्शनी हर पर्यटक को हरियाणवी संस्कृति का संदेश दे रही है।

## न्यूज फ्लैश

### सबसे बड़ा सुख निरोगी काया : डा. महेंद्र सिंह बागी




**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** राजकीय महिला महाविद्यालय बसताड़ा में प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी के कुशल निर्देशन और महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. मीनू आनंद के नेतृत्व में मंगलवार को स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम और प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. मोनिका गोस्वामी बीएचएमएस गोल्ड मेडलिस्ट ने छात्राओं को स्वास्थ्य शिक्षा से संबंधित व्याख्यान दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी द्वारा छात्राओं को आज के युग में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि आज के युग में स्वास्थ्य का बहुत महत्व है और हमारे जीवन में सबसे बड़ा सुख निरोगी काया है, इसलिए हमारी प्रथम आवश्यकता स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखना और खान-पान पर विशेष ध्यान रखना है । महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. मीनू आनंद ने मुख्य वक्ता का परिचय दिया तथा स्वास्थ्य शिक्षा को जीवन के लिए एक आवश्यकता बताते हुए छात्राओं को इसकी जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता डॉक्टर मोनिका गोस्वामी ने छात्राओं को स्वस्थ दिनचर्या अपनाने पर बल दिया, जिससे कि वह बीमारियों से मुक्त रह सके। अपने व्याख्यान में उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिक्षा व्यक्तिगत और सामुदायिक दोनों स्तर पर कार्य करती है। उन्होंने छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के बारे में विस्तारपूर्वक बताया तथा उसके बचाव और इलाज के तरीकों के बारे में छात्राओं को जानकारी दी।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मोनिका प्रथम, सोनम द्वितीय तथा शिवानी तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्या कमलेश रानी, वरिष्ठ प्रवक्ता प्रो. नरेश सिंह, पूजा, सतीश कुमार तथा अनुराधा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही महाविद्यालय में छात्राओं को अपने मत के प्रति जागरूक करने और अपना मत बनवाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान कार्यवाहक प्राचार्या कमलेश रानी, वरिष्ठ प्रवक्ता प्रो. नरेश सिंह, बीएलओ पारस शास्त्री, संदीप कुमार तथा डॉक्टर सतीश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### पेडा के एनर्जी कंजर्वेशन वीक के तहत पटियाला में वर्कशॉप का आयोजन

**पटियाला :** पंजाब ऐनर्जी डिवपलमेंट ऐजेंसी पेडा द्वारा सोमवार से शुरू किये एनर्जी कंजर्वेशन वीक के तहत पटियाला में खालसा कालेज में कैपेस्टी बिल्डिंग ट्रेनिंग वर्कशाप का आयोजन किया गया । सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन की कड़ी में प्रदेश के विभिन्न जिलों में यह वर्कशाप आयोजित कर संबंधित कार्यक्षेत्र और



स्टूडेंट्स को उर्जा सरंक्षणा के प्रति जागरुक किया जा रहा है। पेडा, भारत सरकार की ईकाई ब्यूरो आफ ऐनर्जी ऐफिश्येंसी (बीईई) और मोनार्क डिजाईंस स्टूडियो द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित इस वर्कशाप में उर्जा संरक्षण के लिये ईजाद की गई नित नई तकनीकों को विस्तारपूर्वक बताया गया। प्रतिनिधियों के भम्रों को भी दूर किया गया। मोनार्क डिजाईन के अमित शर्मा, इंजीनियर सुदीप टोकी, आर्किटेक्ट मुनीश शर्मा और कालेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डा रोजी सिंगला ने स्मार्ट एप्लाइंसेस, स्टार रेटेड उत्पादों, स्मार्ट हैबिट्स आदि की उपयोगिताओं पर बल दिया जिससे की उर्जा की बचत कर देश को प्रगति की राह पर लाया जा सके। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधकों ने भी छात्रों से आह्वान किया कि वे उर्जा संरक्षण पर अपना योगदान दे।

# शहीद किसानों की कुर्बानी को भुलाया नहीं जा सकता : रतनमान

## जाम्बा गांव स्थित किसान भवन में बलिदान समारोह का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जनपद के गांव जाम्बा स्थित किसान भवन में स्व. किसान नेता तेजा सिंह का बलिदान दिवस श्रद्धाभाव से मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेशभर से किसानों ने इस कार्यक्रम में पहुंचकर शहीद किसान नेता तेजा सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। बलिदान दिवस पर आयोजित किए गए समारोह का संचालन भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सेवा सिंह आर्य ने किया। बलिदान दिवस की अध्यक्षता हलका नीलोखेड़ी प्रधान धर्म सिंह मोहड़ी ने की। किसान भवन



परिसर में यज्ञ में आहुति डालकर सुख-समृद्धि की कामना की और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। किसान नेताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। गौरतलब है कि सन 1994 में नागपुर में हुए किसान महाधिवेशन में जाम्बा गांव के किसान तेजा सिंह शहीद हो गए थे। उनकी याद में गांव जाम्भा में किसान भवन का निर्माण किया गया है, जहां हर वर्ष उनके बलिदान दिवस पर किसान संगठनों की तरफ से आयोजन किया जाता है। भाकियू प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि किसान नेता तेजा सिंह के बलिदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। विभिन्न किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों की शहादत की वजह से ही देश और प्रदेश में किसान आन्दोलन मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाली 16 फरवरी को ग्रामीण भारत बंद रहेगा।

इस बंद के दौरान गांव से कोई भी किसान मजदूर न तो खेत में जाएगा और न ही शहर बाजार में विरोध स्वरूप नहीं जाएगा। यह ऐलान संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से लिया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली किसान आंदोलन में किए गए केंद्र सरकार द्वारा वायदों को आज तक भी पूरा नहीं किया गया है। इसलिए किसान संगठन आंदोलन करने के लिए मजबूर हो रहे है। उन्होंने हाल ही में यमुनानगर, अंबाला व पंचकुला जिला में हुई भारी ओलावृष्टि के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि आज तक सरकार ने किसानों की सुध नहीं ली है। ओलावृष्टि के कारण तबाह हुई फसलों पर गिरदावरी नहीं करवाई गई है, जिसको लेकर आने वाली 13 फरवरी को प्रदेश के शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुज्जर के आवास पर किसानों की महापंचायत का आयोजन किया जाएगा।

# भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** प्रदेश नेतृत्व से विचार विमर्श के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने करनाल जिला की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। जिलाध्यक्ष द्वारा जारी जिला कार्यकारिणी की सूची में कुछ बदलाव करके नये चेहरों को जोड़ते हुए 24 पदाधिकारी बनाए गए हैं। जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी पूर्व महामंत्री राजबीर शर्मा एवं प्रवीण लाठर, मुकेश अरोड़ा, संजय राणा व रजनी परोचा को दी गई है। इसी प्रकार जिला कार्यकारिणी में सुनील गोयल को फिर से महामंत्री बनाए जाने के अतिरिक्त जय भगवान सीकरी को भी महामंत्री की जिम्मेवारी सोंपी गई है। कार्यकारिणी में सोहन सिंह, गुरबक्शीश लाडी, मंजू खैंची, पंकज काम्बोज, गौरव कुमार, सोनिया कश्यप को सचिव तथा कोषाध्यक्ष का महत्वपूर्ण पद बृज गुप्ता को दिया गया है।

कार्यालय सचिव का पद लेखराज गर्ग, पवन वालिया व मदन गुर्जर को देने के साथ ही मीडिया प्रमुख की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी फिर से डा. अशोक कुमार को दी गई है। उनके साथ मीडिया में सहप्रमुख संजय कालडा को बनाया गया है। कार्यकारिणी में मीडिया कोआर्डिनेटर मीनाक्षी शर्मा तथा आईटी सेल प्रमुख विकास कथुरिया एवं सोशल मीडिया प्रमुख बलजिंद्र सिंह बब्बू और सह प्रमुख युद्धवीर सैनी (मित्तु) एवं अमित कुमार को बनाया गया है।

# सुरेंद्र उड़ाना को मिली भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी की जिम्मेवारी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता सुरेंद्र उड़ाना को युवा मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी की जिम्मेवारी दी गई है। सुरेंद्र उड़ाना ने सीएम मनोहर लाल, प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी, प्रदेश प्रभारी बिपलब कुमार देब, संगठन मंत्री फनींद्र नाथ शर्मा व युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा सहित हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेवारी पार्टी द्वारा उनको सौंपी गई है, वह उसको ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभाएंगे।

उन्होने कहा कि हरियाणा में अब तक के सबसे ईमानदार मुख्यमंत्री मनोहरलाल व भाजपा के सहज, सरल कर्मठ प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के कुशल नेतृत्व में भाजपा दसों सीट पर जीत दर्ज कर तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि मनोहरलाल सच्चे अर्थों में हरियाणा के लाल है, क्योंकि उन्होंने हरियाणा में जातिवाद, क्षेत्रवाद, परिवारवाद व वंशवाद से ऊपर उठकर



समग्र विकास की गाथा लिखी है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के इतिहास की पहली सरकार है, जो भ्रष्ट अधिकारियों को जेलों मे डाल रही है। मनोहर लाल अंत्योदय की भावना से वंचितो को भी निरंतर आगे बढ़ाने में लगी है। सरकार द्वारा आमजन के लिए अनेक योजानाएं बनाई गई है, जिसका सीधा लाभ आमजन को मिल रहा है।

### भगवान वेंकटेश की आराधना के लिए विभिन्न क्षेत्रों से उमड़े लोग

**हिसार :** उत्तर भारतीय व दक्षिण भारतीय संस्कृति में सामंजस्य स्थापित करके अध्यात्म व सामाजिक सरोकारों की अलख जगाने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु उमड़े। श्रद्धालु भगवान वेंकटेश जी, माता पदमावती जी व माता गोदांबा जी के दर्शन करके अभिभूत हो गए। तिरुपति धाम का पूरा परिसर जय तिरुपति बालाजी, जय भगवान वेंकेटश, जय माता पदमावती व जय माता गोदांबा के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। भक्तों ने अपने इष्ट की आराधना करने के साथ-साथ धाम की परिक्रमा भी की। भक्तों ने श्री तिरुपति धाम में पहुंचकर श्री गरुड़ जी, श्री लक्ष्मी नृसिंह जी, श्री सुदर्शन जी, श्री रामानुज स्वामी जी, श्री शठकोप स्वामी जी एवं श्री हनुमान जी के मंदिरों में भी दर्शन किए।

# फॉलोअप ट्रेनिंग में अधिकारियों और सुपरवाइजरों को किया गया मोटीवेट

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले** के गांव शाहपुरा स्थित डाइट ट्रेनिंग सेंटर में जिले की सभी महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों, सुपरवाइजरों की पांच दिवसीय प्ले स्कूल की फॉलोअप ट्रेनिंग की जा रही है, जिसमें मास्टर ट्रेनर डॉ. राजबाला, डीपीओ करनाल, डॉ. पंकज, डाइट से एवं सुपरवाइजर कंचन व सुमन लता तथा विक्रम व अरविन्द, प्रथम एनजीओ द्वारा सर्वांगीण विकास को एक्टिविटीज द्वारा सभी महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों व सुपरवाइजरों को ट्रेनिंग दी गई और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में समझाया गया।



इस ट्रेनिंग में डाइट इंचार्ज सुनीता राणा और ब्रिजेश द्वारा सभी महिला एवं बाल विकास परियोजनाओं और सुपरवाइजरों को मोटीवेट किया गया। सीएमजीजीए द्वारा ट्रेनिंग में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की गई और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मार्गदर्शन दिया। प्ले स्कूल में बच्चों की एनरोलमेंट बढ़ाने बारे मार्गदर्शन दिया गया। इंफ्रास्ट्रक्चर को दुरूस्त करने का आश्वासन दिया गया।

# पुलिस ने कब्र से निकाला युवक का शव, पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों ने दफनाया

## परिजनों का आरोप है कि आरोपी युवक की तरफ से छोटे भाई को जान से मारने तक की धमकी दी गई, एक को तो मार दिया, दूसरे को भी मार देंगे

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिले के मुंडोगढ़ी गांव में पुलिस ने मौत के 9 दिन बाद युवक का शव कब्र खोदकर बाहर निकाला था। डॉक्टरों के पैनल द्वारा किए गए पोस्टमार्टम के उपरांत युवक के शव को परिजनों को सौंप दिया गया। इसके बाद परिजनों ने उसी जगह पर युवक को दफना दिया। परिजनों ने गांव के ही युवक पर हत्या के आरोप लगाए हैं।

परिजनों का यह भी आरोप है कि आरोपी युवक की तरफ से छोटे भाई को जान से मारने तक की धमकी दी गई, एक को तो मार दिया, दूसरे को भी मार देंगे। इसके चलते परिवार ने सोमवार को पुलिस को शिकायत दी। उसी पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शव को कब्र से बाहर निकाला था। गांव मुंडोगढ़ी निवासी 26 वर्षीय सारिक पुत्र साकिर ट्रक ड्राइवर था। वह दिहाड़ीदार की तरह ड्राइवरी करता था। सारिक के अब्बा साकिर ने बताया है कि उसका बेटा 27 जनवरी की सुबह 11 बजे अलग-अलग जगह से अपनी दिहाड़ी की पेमेंट लेकर आया था। उसके पास करीब 40 हजार रुपए थे। जैसे ही सारिक आया तो उसकी मां ने उसे कहा कि बेटा खाना खा लो, तुम बाहर से आए हो। लेकिन इसी दौरान गांव का आरिफ पुत्र इरफान घर पर आया और उसे अपने साथ लेकर



गया। वह जल्दबाजी में उसकी बाइक पर बैठकर चला गया। साकिर ने बताया कि उसका बेटा शाम तक भी नहीं घर लौटा था। उन्होंने अंदाजा लगाया कि शायद किसी ट्रक वाले ने दिहाड़ी पर बुला लिया होगा। उन्होंने

**जांच जारी**

**साकिर ने बताया कि 28 जनवरी की सुबह करीब 7 बजे उसके बेटे का शव मुंडोगढ़ी में यमुना किनारे मिला**

ऐसा कभी नहीं सोचा था कि उनके बेटे के साथ इस तरह की घटना हो सकती है। साकिर ने बताया कि 28 जनवरी की सुबह करीब 7 बजे उसके बेटे का शव मुंडोगढ़ी में यमुना किनारे मिला। मेरी बहन नरूनिशा और मेरा छोटा बेटा अजीम यमुना पर पहुंचा। हमें सरपंच प्रतिनिधि सुलेमान ने बताया था कि तुम्हारा लडका यमुना घाट पर मिला है। हमें दूर-दूर तक भी अहसास नहीं था कि उसके साथ कुछ गलत हुआ है। सुलेमान ही मृत हालात में सारिक को लेकर हमारे घर पहुंचा था। उसे मृत देख पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। रो-रोकर बुरा हाल था। हमें समझ ही नहीं आ रहा था कि हम क्या करें। जब सारिक की गर्दन चेक की गई थी तो वह टूटी सी हुई थी, जिस पर उस समय ध्यान नहीं दिया गया था और शाम को शव को दफना दिया गया था। पीड़ित पिता ने बताया कि उनको अपने गांव के आरिफ पर शक था और धीरे-धीरे यह शक गहराता भी गया।

# स्कूटी सीखते वक्त हुई छात्र की मौत



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**जिले** में स्कूटी सीखते वक्त 10वीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई। काछवा-जरीफाबाद रोड पर स्कूटी चलाते वक्त गड्ढे के कारण ब्रेक लगाने से स्कूटी का टायर फिसल गया, जिससे वह सडक पर जा गिरा। उसका सिर सडक से टकराया और उसे गंभीर चोट लग गई। छात्र को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने छात्र के शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। काछवा के रहने वाले रिकू वर्मा ने बताया कि उनके 15 साल के बेटे ललित वर्मा को स्कूटी चलाने का बहुत शौक था और वह स्कूटी सीखना चाहता था। मगर टूटी सडक पर स्कूटी चलाने की वजह से हादसे का शिकार होकर उसकी मौत हो गई।

उसने बताया कि जब ललित स्कूटी चला रहा था तो सडक में गड्ढे को देखकर उसने ब्रेक लगाए तो स्कूटी का टायर फिसल गया और उसने संतुलन खो दिया। इससे वह सडक पर सिर के बल जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और परिजनों को सूचित किया।

# छात्रों को करवाया सूर्य नमस्कार का अभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के तहत आज आयूष विभाग के तत्वावधान में घरौंडा ब्लाक के योग सहायकों द्वारा गांव गुढ़ा के सरकारी प्राइमरी और सीनियर सेकंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया और इससे होने वाले लाभों के बारे में बताया गया।

उल्लेखनीय है कि जिला के सभी विकास खंडों में 38 योग सहायकों द्वारा सरकारी स्कूलों व योग व्यायाम शालाओं में हरियाणा योग आयोग व आयूष



विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया जा रहा है। यह अभियान एक फरवरी से आरंभ हुआ था और 20 फरवरी तक जारी रहेगा। आज योग सहायक सुमन संधु, विपिन ग्रोवर और राजेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार के 12 आसनों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रोजाना सूर्य नमस्कार का अभ्यास करने से शरीर सुडौल व सुंदर बनता है।

# सीजेएम ने किया असंध उपमंडल का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर ने मंगलवार को असंध उपमंडल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने उपमंडलीय विधिक सेवा कमेटी द्वारा चलाए जा रहे मध्यस्थता केन्द्र एवं कानूनी सहायता केन्द्र का निरीक्षण भी किया।

इस उपरांत उन्होंने पैनल अधिवक्ताओं और मीडिएटर्स के साथ भी बैठक की। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं एवं मीडिएटर्स के साथ अपने अनुभव सांझा करते



हुए मध्यस्थता प्रणाली को सफल बनाने हेतू प्रयासरत रहने को लेकर भी प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा कैदियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाएं एवं मुफ्त कानूनी सेवाओं संबंधी भी जानकारी ली।

सुश्री जसबीर कौर ने बैठक के दौरान पैन इंडिया कैम्पेन के तहत किशोरों के अधिकारों के बारे में भी विचार विमर्श किया। उन्होंने बैठक के उपरांत बताया कि जिला एडीआर सैंटर में स्थित है, जहां पर कोई भी व्यक्ति मुफ्त में कानूनी सलाह ले सकता है। इसके अलावा मुफ्त कानूनी सलाह के लिए हेल्पलाईन नम्बर 1844-2266138 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि कोई भी गरीब व्यक्ति, स्त्री, बच्चा, वरिष्ठ नागरिक, आरक्षित वर्ग, विकलांग, स्वतंत्रता सेनानी आदि को मुफ्त में कानूनी सहायता प्राप्त करने का प्रावधान है। मुफ्त में कानूनी सलाह लेने के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला एडीआर सैंटर में सपर्क किया जा सकता है।

# टैक्सटाइल फैक्टरी में लगी आग, करीब पांच करोड़ का सामान जलकर हुआ राख

## आग इतनी भयानक थी कि फैक्टरी की दीवारें भी ढहनी शुरू हो गईं, फैक्टरी में चार मशीनें लगी हुई हैं

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिले के कोहंड गांव में कृष्णा टेक्सटाइल फैक्टरी में अचानक आग लग गई। आग लगने से फैक्टरी में पड़ा करोड़ों रुपए का माल धू-धू करके जल गया। आग इतनी भयानक थी कि फैक्टरी की दीवारें भी ढहनी शुरू हो गईं। फैक्टरी में चार मशीनें लगी हुई हैं। प्रत्येक मशीन की कीमत 40 से 50 लाख रुपए है। 5 से साढ़े 5 करोड़ के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

फैक्टरी के हालात देख मालिक भी बिलखते नजर आए। जिस वक्त आग लगी उस समय फैक्टरी में काम चल रहा था। आग लगने के बाद फैक्टरी में अफरा-तफरी मच गई। करीब 5 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। सुबह



जब आग लगी तो फायर ब्रिगेड को कॉल किया गया, लेकिन डेढ़ घंटे बाद फायर की गाड़ी पहुंची।

पानीपत सेक्टर 18 निवासी हिमांशु गुप्ता और अर्पित गुप्ता के नाम पर फैक्टरी है। कोहंड में करीब 4 साल से वह फैक्टरी में पॉलिस्टर फाइबर बनाने का काम कर रहे हैं। हिमांशु और अर्पित ने बताया कि उनके पास आज सुबह साढ़े 6 बजे कॉल आया था। इसके बाद वह फैक्टरी पहुंच गए थे, लेकिन जब वे पहुंचे तो आग काफी ज्यादा फैल चुकी थी और फैक्टरी धू-धू करके जल रही थी। उन्होंने बताया कि हमने फायर वालों को कॉल किया, लेकिन करीब डेढ़ घंटे बाद फायर की गाडियां पहुंची। आग इतनी भयानक थी कि जिसे देखकर आदमी की रूह कांप जाए। पानीपत और करनाल की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और वहां पर आग बुझाने का काम शुरू किया। फैक्टरी मालिक ने बताया कि अभी एक्सपोर्ट का काम धीमा था और अब पानीपत की मंडियां खुली थीं। इसके बाद काम में तेजी आने की संभावना थी। करीब 100 टन से ज्यादा माल फैक्टरी में पड़ा हुआ था। लेकिन, सब जलकर राख हो गया है। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

हिमांशु गुप्ता ने बताया कि फैक्टरी में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। डीवीआर मिल गया तो सीसीटीवी फुटेज को चेक किया जाएगा, ताकि आग लगने के कारणों का पता चल पाए। उन्होंने बताया कि पहले भी फैक्टरी में आग लग जाती थी, लेकिन उसे फैक्टरी में लगे हाईड्रेंट की मदद से बुझा दिया जाता था। लेकिन आज की आग इतनी भयानक थी कि इस पर काबू नहीं पाया जा सका। दमकल विभाग की 10 गाडियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर करीब 5 घंटे बाद काबू पाया।

इआरवी 416 के इंचार्ज सत्यनारायण ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली थी। हमारी टीम मौके पर पहुंच गई थी।

# टीबी को हराने के लिए जागरूकता और बचाव जरूरी

**मुहैया**

**रेडक्रास की ओर से लोगों को टीबी बचाव के साथ क्षय रोगियों को दवाइयां भी मुहैया करवाई जा रही हैं**

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रास चेयरमैन शांतनु शर्मा के निदेर्शानुसार टीबी से बचाव को लेकर सन्निहित सरोवर के नजदीक श्रमिकों को टीबी बचाव के प्रति जागरूक किया गया। टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि की अगुवाई में श्रमिकों को टीबी से



बचाव और इलाज को लेकर जानकारी दी गई।

जिला रेडक्रास सचिव डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि टीबी को हराने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। आमजन को टीबी को जागरूक होना होगा, यदि टीबी के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत सिविल अस्पताल में जांच कराई जाए। रेडक्रास की ओर से लोगों को टीबी बचाव के साथ क्षय रोगियों को दवाइयां भी मुहैया करवाई जा रही हैं, खासकर उन रोगियों की पहचान की जा रही है, जिनकी किसी कारणवश दवाई बीच में छूट गई है।

## संपादकीय

# रामराज्य की ओर बढ़ती उप्र की आर्थिक शक्ति

**उत्तर** प्रदेश अब अर्थ संपन्न राज्य है। उत्तर प्रदेश अब शक्ति संपन्न राज्य है। उत्तर प्रदेश अब युवाशक्ति से संपन्न राज्य है। उत्तर प्रदेश अब नारीशक्ति की सुरक्षा और उससे संपन्न राज्य है। उत्तर प्रदेश अब रामराज की ओर अपने कदम तेजी से बढ़ा चुका है। उत्तर प्रदेश अब धर्मसंपन्न ऐसा राज्य है जिसकी सनातन शक्ति प्रज्ज्वलित होकर भारत को सशक्त कर रही है और विश्व को कल्यानपथ की और ले कर चलने की शक्ति हासिल हो चुकी है। श्रीअयोध्या जी में श्रीराम मंदिर की भव्य प्राणप्रतिष्ठा के बाद अब समग्र प्रदेश ही भव्य, दिव्य और नव्य हो चुका है। युवा संन्यासी की शक्ति और नेतृत्व में,योगी आदित्यनाथ सरकार ने आज उत्तर प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत कर लोकमंगल के सभी द्वार खोल दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को अपने कृतित्व से साकार करते योगी आदित्यनाथ ने इतिहास रचा है। संभवतः इसीलिए जब वह आज मीडिया से बात कर रहे थे तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि यह बजट प्रभु राम के लिए, उन्हीं की कृपा से उन्हीं की सेवा में प्रस्तुत है। उत्तर प्रदेश में अब तक जनता पर कोई नया कर थोपे बगैर, 7.36 लाख करोड़ का बजट कभी भी नही प्रस्तुत हुआ। कभी किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि महज 6 वर्ष की यात्रा में यह बीमार प्रदेश इस तेजी से अर्थ संपन्न होकर सर्वाधिक तेजी से विकसित होने वाला प्रदेश बनेगा और वन ट्रिलियन इकोनोमी की छलांग लगाने की दिशा में कदम रख पाएगा। योगी सरकार का लोक मंगल का यह बजट अब प्रमाणित कर रहा है कि श्री अयोध्या जी में केवल हमने एक मंदिर ही बनाया है बल्कि हमारे कर्मठ और संकल्पवान सनातन धर्मनिष्ठ नेतृत्व ने उत्तरप्रदेश को वास्तव में उस रूप में स्थापित कर दिया है जिसकी चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बार बार ग्रोथ इंजन की संज्ञा देकर करते हैं। इस बजट की आर्थिक, तकनीकी बारीकियों पर अनेक अर्थशास्त्री अपने अपने विचार और विश्लेषण अवश्य प्रस्तुत करेंगे। अनेक चचाएं भी चलेंगी लेकिन इसे एक वाक्य में कहा जा सकता है कि यह लोकभावना के साथ वास्तव में लोक मंगल का ही प्रारूप है। इसको समझने केलिए भारत के सनातन आदर्श भगवान राम के समय के अर्थ शास्त्र पर थोड़ी दृष्टि डाल कर वर्तमान का आकलन करना ज्यादा उचित होगा। यह अनिवार्य है कि राज्य के संचालन और रख-रखाव में धन का उपयोग प्रचुर मात्रा में होता है। इस अर्थ के उपार्जन में शासन द्वारा लिए जाने वाले कर की आमदनी, अधीनस्थ राजाओं द्वारा दी जा रही राशि आदि का संचय राज्य के कोषागार में जमा होती रहती है। यही धन राज्य के विकास और इससे जुड़े अन्य कार्यक्रमों में खर्च होता है। इसे ही हम प्राचीन काल का बजट कह सकते हैं। रामायण काल की अयोध्या नगरी या कह लें की समूचा कोशल प्रदेश एक आदर्श राज्य था। वहां की व्यवस्थाएं लोक और राज्य के कल्याण के लिए ही बनाई गई होंगी। वाल्मीकि रामायण के बालकाण्ड के अंतर्गत पंचम और छठे सर्ग में दशरथ कालीन अयोध्या नगरी के वैभव का वर्णन मिलता है। अयोध्या में पाए जाने वाले अकूत धन का स्तोत्र कौन सा था उसकी एक झलक देखिए।

# कांग्रेस की न्याय यात्रा के संकेत शुभ नहीं

राजेश माहेश्वरी

> “वास्तव में, भारत जोड़ों न्याय यात्रा से उनकी खुन्नस इसलिए भी बढ़ी क्योंकि उसमें वामपंथी शामिल हुए। नीतीश कुमार के पाला बदल लेने के बाद ममता ही इंडिया गठबंधन की सबसे बड़ी नेता कही जा सकती हैं जिनका पष्चिम बंगाल के अलावा एक दो राज्यों में कुछ प्रभाव है। महाराष्ट्र में मिलिंद देवड़ा के कांग्रेस छोड़ने से यह सवाल उठ रहा है कि क्या उनके इस कदम से पार्टी पर प्रभाव पड़ सकता है। इस समय कांग्रेस इंडिया अलायंस में शामिल अन्य दलों के साथ सीट-बंटवारे की योजना पर चर्चा कर रही है। कांग्रेस को आम आदमी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस जैसी दलों से ज्यादा-ज्यादा हासिल करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा। ऐसे में मिलिंद का पार्टी से अलग होना महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) के साथ सीट शेयरिंग में कांग्रेस की स्थिति को कमजोर कर सकता है।”



**ऐसा** लगता है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा की षुरूआत मंगल मुर्हूत में नहीं हुई। क्योंकि जैसे जैसे यात्रा आगे बढ़ रही है, कांग्रेस के लिए अषुभ खबरें ही आ रही हैं। महाराष्ट्र में मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस छोड़ी। बिहार में नीतीष कुमार एनडीए का हिस्सा बन गए। झारखण्ड में यात्रा के पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने को सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा। ऐसे में इंडिया गठबंधन तो चुनाव मैदान में उतरने से पहले ही बिखरता और टूटता दिख रहा है। यहां तक तो गनीमत थी, हालात इस हद तक पहुंच गए हैं कि, इंडिया गठबंधन में शामिल घटक दल ही कांग्रेस की राजनीतिक क्षमता और शक्ति पर सवालिया निशान लगाने लगे हैं। जनवरी के आखिर में राहुल गांधी जब बिहार में न्याय यात्रा लेकर पहुंचने वाले थे, तो इस बात की चर्चा थी कि इसमें नीतीश कुमार भी शामिल होंगे। हालांकि, बिहार में राहुल की एंट्री से पहले ही नीतीश कुमार अपनी पार्टी जेडीयू संग पाला बदलते हुए एनडीए में शामिल हो गए। नीतीश भी ममता की तरह ही सीट बंटवारे में हो रही देरी की वजह से नाराज थे। राजनीतिक गलियारों में इस बात की भी चर्चा है कि नीतीश इंडिया गठबंधन के संयोजक नहीं बनाए जाने से भी नाराज चल रहे थे। नीतीश के जाने के बाद बिहार में इंडिया गठबंधन की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है, जिससे उबरने में काफी वक्त लगने वाला है। भारत जोड़ों यात्रा के पष्चिम बंगाल में प्रवेष करते ही ममता बैनर्जी ने राज्य की सभी लोकसभा सीटों पर अकेले लड़ने की घोषणा कर दी। वे इस बात से नाराज बताई जा रही हैं कि न्याय यात्रा के पूर्व उनके आग्रह के बावजूद भी राहुल गांधी ने उनसे फोन पर बात नहीं की। बीतों दिन ही ममता दीदी का एक बयान सामने आया जिसमें वह कह रही हैं कि कांग्रेस लोकसभा की 40 सीटें भी नहीं जीत सकेगी। उन्होंने चुनौती दी कि यदि उसमें हिम्मत है तो वह भाजपा को वाराणसी और प्रयागराज में परास्त करके दिखाए। उन्होंने ये ताना भी मारा कि वह न जाने किस अहंकार में जी रही है। हालांकि वे काफी पहले से ही राहुल और कांग्रेस को अक्षम बता चुकी थीं। विपक्षी मोर्चा बनने के बाद उन्होंने कांग्रेस से साफ कह दिया कि वे उसके लिए वही दो सीटें छोड़ेगी जिन पर 2019 में वह जीती थी। वास्तव में, भारत जोड़ों न्याय यात्रा से उनकी खुन्नस इसलिए भी बढ़ी क्योंकि उसमें वामपंथी शामिल हुए। नीतीश कुमार के पाला बदल लेने के बाद ममता ही इंडिया गठबंधन की सबसे बड़ी नेता कही जा सकती हैं जिनका पष्चिम बंगाल के अलावा एक दो राज्यों में कुछ प्रभाव है। महाराष्ट्र में मिलिंद देवड़ा के कांग्रेस छोड़ने से यह सवाल उठ रहा है कि क्या उनके इस कदम से पार्टी पर प्रभाव पड़ सकता है। इस समय कांग्रेस इंडिया अलायंस में शामिल अन्य दलों के साथ सीट-बंटवारे की योजना पर चर्चा कर रही है। कांग्रेस को आम आदमी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस जैसी दलों से ज्यादा-ज्यादा हासिल करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा। ऐसे में मिलिंद का पार्टी से अलग होना महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) के साथ सीट शेयरिंग में कांग्रेस की स्थिति को कमजोर कर सकता है। इसके अलावा पार्टी राजस्थान में सचिन पायलट के विद्रोह जैसी शर्मनाक स्थितियों से बचने की कोशिश कर रही है। मिलिंद देवड़ा राज्य में कांग्रेस की रणनीति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आए हैं। उनके जाने से यहां न सिर्फ कांग्रेस की स्थिति कमजोर होगी, बल्कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला शिवसेना गुट मजबूत हुआ है। शिंदे गुट को एक अनुभवी राजनेता मिला है। इतना ही नहीं मिलिंद के रूप में कांग्रेस ने एक ऐसा नेता खोया है, जो अपने चुनावी ट्रैक रिकॉर्ड के हिसाब से 2024 में एक संभावित सांसद हो सकते थे। इंडिया गठबंधन के लिए ताजा मुसीबत झारखंड में पैदा हुई है। कांग्रेस और जेएमएम झारखंड में सहयोगी हैं और जेएमएम इंडिया गठबंधन का हिस्सा भी है। राहुल की यात्रा के झारखंड में आने से पहले ही हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी गिरफ्तारी की वजह से इंडिया गठबंधन को काफी नुकसान पहुंचा है। बात अगर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन की कि जाए तो वे अपने राज्य के अलावा पांडिचेरी तक ही सिमटे हैं। एनसीपी के दिग्गज शरद पवार का करिश्मा भी ढलान पर है। भतीजे अजीत की बगावत के बाद विपक्षी गठबंधन के बजाय उन्हें अपनी बेटी सुप्रिया सुले के राजनीतिक भविष्य की चिंता सताए जा रही है। कहा तो ये भी जा रहा है कि अजीत के भाजपा में जाने की योजना भी चाचा की ही तैयार की हुई थी। देर-सवेर अपनी बेटी के राजनीतिक भविष्य को सुरक्षा चक्र प्रदान करने के लिए वे भी भाजपा और पीएम मोदी के मोहपाश में फंस जाएं तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार विपक्षी गठबंधन के तमाम घटक जिस प्रकार अपनी ढपली अपना राग लेकर घूम रहे हैं वह उसके भविष्य को लेकर आशंकित कर रहा है। ममता के सभी सीटों पर लड़ने के ऐलान के बाद जब राहुल ने सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत चलने जैसी टिप्पणी करते हुए उनकी नाराजगी दूर करना चाहा तो तृणमूल नेत्री ने कांग्रेस को 40 सीटें मिलने की भविष्यवाणी कर दूध में नींबू निचोड़ दिया। महाराष्ट्र में षरद पवार और उद्धव ठाकरे भी कांग्रेस को बड़ा भाई मानने राजी नहीं हो रहे। आम आदमी पार्टी ने पंजाब के बाद हरियाणा में भी अकेले लड़ने की धौंस दिखा दी। 22 जनवरी को अयोध्या स्थित राम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर समूचे देश में जो स्वतःस्फूर्त वातावरण निर्मित हुआ उसने कांग्रेस को पिछले पैरों पर धकेल दिया। उक्त आयोजन का आमंत्रण मिलने के बावजूद उसमें शामिल नहीं होने के उसके निर्णय को राजनीतिक विश्लेषक बहुत बड़ी गलती मान रहे हैं। यद्यपि षरद पवार और ममता सहित ज्यादातर विपक्षी नेता उस दिन अयोध्या नहीं गए किंतु पूरे देश में कांग्रेस जन जिस उत्साह के साथ राम नाम की माला जपते दिखे उसके बाद ये साफ हो गया कि पार्टी का सामान्य कार्यकर्ता ही नहीं अपितु नेतागण भी राम मंदिर निर्माण के कारण पैदा हुई हिन्दू लहर से भयाक्रांत हैं। आचार्य प्रमोद कृष्णम तो खुले आम पार्टी लाइन के विरुद्ध बोलते जा रहे हैं। और तो और वे प्रधानमंत्री को अपने एक आयोजन का निमंत्रण पत्र देने उनसे भेंट तक कर आए। हैरान करने वाली बात ये है कि विपक्षी गठबंधन में आ रही दरारों को भरने की फुरसत किसी नेता को नहीं है। नीतीश कुमार इसमें सक्षम थे किंतु वे कांग्रेस के रवैये और इंडिया गठबंधन में ज्यादा भाव न मिलने के चलते भाजपा के साथी बन गए हैं। शरद पवार अपना घर ही नहीं संभल पा रहे हैं। जहां तक बात ममता की है तो उनके साथ किसी की पटरी नहीं बैठती। मल्लिकार्जुन खरगे का पूरा ध्यान न्याय यात्रा पर है। ऐसे में इंडिया गठबंधन के मसलों को सुलझाने और विपक्षी एकता के लिए समय नहीं दे पा रहे हैं। देष की संसद को सर्वाधिक 80 सीटें देने वाले राज्य में अभी कांग्रेस और सपा के बीच सीटों का बंटवार अंतिम निर्णय तक पहुंच नहीं पाया है। जो हालात हैं उससे इर बीतते दिन के साथ दोनों दलों के बीच खटास और दूरियां बढ़ेंगी ही। राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का फल क्या होगा, ये तो आने वाला कल ही बताएगा। फिलवक्त कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लिए समय ठीक नहीं चल रहा।

**-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

## कविता

क्या जनाब?

गजबे की अदाकारी है जनाब।
'हाँ' वाले सब सरकारी हैं जनाब।।
फाइलें कहती हैं,विकास हुआ है।
पर असल में महामारी है जनाब।।
रहजनों को कैसी चिंता ओ' फिक्र।
रहबरों से उनकी यारी है जनाब।।
मानी हुई है दाल,रोटी खा रहा हूँ।
क्या करूँ मैं,बेरोजगारी है जनाब।।
लहू पीके गरीबों का,रहबर बोला।
हक नहीं खाते,शाकाहारी हैं जनाब।।
मेहनत भूखी, निठल्ली मौज करे।
आजकल यही हुश्यारी है जनाब।।
खुद किया वादा,खुद ही तोड़ दिया।
यही सबसे बड़ी ,मक्कारी है जनाब।।
भूखो मर गया,कर रहा आत्महत्या।
ये किसकी जबाबदारी है जनाब।।
यकीन मानिए तुम्हें हलाल ही करेंगे।
तभी हो रही खातिरदारी है जनाब।।
सत्ता हितार्थ जनसेवक कहलाते हो।
असल में ये एक बीमारी है जनाब।।

कृष्ण कुमार

# कौशलता विकास के बहुमूल्य योगदान

**किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर आज दुनियां कोविड महामारी से लेकर वर्तमान हमास-इसराइल के बीच भयंकर युद्ध तक की चुनौतियों से घिरा हुआ है, जिसमें आर्थिक चुनौतियां, जलवायु परिवर्तन, भू-राजनीतिक अविश्वास, बढ़ती गुटबाजी, विस्तारवाद,आतंकवाद से लेकर संवेदनशीलता तक की चुनौतियों से निपटने में अधिक वक्त निकलता जा रहा है जो समय के साथ-साथ अपनी जटिलताओं से जकड़ते जा रहा है, कहीं अपना वीटो पावर तो कहीं विस्तारवाद कहीं आतंकवाद तो कहीं ज्वेलेसी की विशालता घर करते जा रही है। ऐसी सब चुनौतियों से घिरी दुनिया में अगर हम भारत को देखें तो उसकी आवाज बुलंद होती जा रही है, जिसका अंदेशा इसी से लगाया जा सकता है कि लगभग सारे पश्चिमी देशों का सकारात्मक संज्ञान लेकर भारत की ओर रुझान, भारत की ओर होते जा रहा है, तो वहीं रुस उसके अनेक समर्थन वाले देश भी भारत को पसंद करते हैं जिसका मूल कारण यह है कि भारत स्पेस प्रौद्योगिकी इलेक्ट्रॉनिक परिवहन स्वास्थ्य शिक्षा जैसे अनेक क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विदेश नीति सटीक है। चूंकि बात शिक्षा पर निकली है तो देश भर के सभी कौशल विकास संस्थाओं ने संयुक्त दीक्षांत समारोह का आयोजन नई दिल्ली में किया था जो सराहनीय कार्य था। इस सामूहिक प्रयास से चार चांद और लग गए जब माननीय पीएम ने इस दीक्षांत समारोह को वर्चुअल संबोधित किया, कौशलता विकास पूरा कर उसकी डिग्री लेने वाले छात्रों के प्रोत्साहन का ठिकाना नहीं रहा जो खुशी जोश जज्बे से लबालब होकर झूम उठे। चूंकि कौशलता विकास को प्राप्त करने मजबूत युवा शक्ति आगे आ रही है, जिससे देश केसंसाधनों से न्याय होता है। देश रोजगार लेने वाला नहीं बल्कि देने वाला बन रहा है, इसलिए उद्योग अनुसंधान और कौशल विकास संस्थाओं के लिए वर्तमान समय के अनुसार सामंजस्य स्थापित करना महत्वपूर्ण है। इसलिए आज हम पीआईबी में उपलबध्य जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, कौशलता विकास युवाओं को रोजगार देने वाला बनाने के दूरगामी परिणामों से भारत तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बननें वाला देश शीघ्र बनेगा।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा संयुक्त कौशलता विकास दीक्षांत समारोह को संबोधन करने की करें तो उन्होंने कहा भारत में कौशल विकास का दायरा लगातार बढ़ रहा है। हम केवल मैकेनिकों, इंजीनियरों, प्रौद्योगिकी या किसी अन्य सेवा तक सीमित नहीं हैं, क्योंकि उन्होंने उल्लेख किया था कि महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रौद्योगिकी के लिए तैयार किया जा रहा है। रोजमर्रा के जीवन में विश्वकमाओं के महत्व पर जोर देते हुए, पीएम विश्वकर्मा योजना का उल्लेख किया जो विश्वकमाओं को अपने पारंपरिक कौशल को आधुनिक तकनीक और उपकरणों के साथ जोड़ने में सक्षम बनाता है।

## विचार

# काश, नरेश गोयल रास्ते से न भटके होते

**आर.के. सिन्हा**

**एक** समय के विमानन की दुनिया में एयर इंडिया के बाद दूसरा स्थान रखने वाले जेट एयरवेज के फाउंडर चेयरमेन रहे नरेश गोयल की हाल ही में कुछ अखबारों में छपी एक फोटो में उनकी बेहद खराब सेहत हालत को देखकर उनके अनेकों मित्रों और करीबियों को निराश तो जरूर ही हुई होगी। नरेश गोयल आजकल मुंबई की एक जेल में विचाराधीन कैदी के रूप में बंद हैं। उन पर धोखाधड़ी के बहुत से केस चल रहे हैं। उनकी पत्नी भी बीमार है। उन्होंने मुंबई की एक अदालत में यहां तक कहा कि अब उन्हें मर ही जाना चाहिए। भारत के एविएशन सेक्टर के कभी शिखर नाम रहे नरेश गोयल की मौजूदा हालत और उनके पीछे के कारण , वास्तव में एक बड़ा सबक है , बिजनेस की दुनिया के लोगों के लिए। नरेश गोयल 1970 के दशक के अंत से लेकर 1980 के दशक में राजधानी के बंगाली मार्केट की एक बरसाती में रहते थे। उन्होंने कुछ दिनों तक मशहूर बंगाली स्वीट हाउस में नौकरी भी की थी। नरेश गोयल बंगाली मार्केट के एक घर की बरसाती में कुछ दोस्तों के साथ साझा किरायेदार के रूप में रहते थे। बंगाली मार्केट के अलावा नरेश गोयल माहबत खान रोड के सरकारी घरों में भी किराए पर रहे। वे तब दिल्ली के अंसल भवन की एक एयरलाइंस की टिकटों का बिजनेस काम करने वाली छोटी सी कंपनी में काम करते थे। वे सुबह-शाम का खाना बंगाली मार्केट के करीब रिफ्यूजी मार्केट में खा लिया करते थे। वे पंजाब के शहर संगरूर से दिल्ली आए थे। बेशक, वे नरेश गोयल के संघर्ष के दिन थे। वे दिन-रात मेहनत करते रहते थे। नरेश गोयल दिल्ली में नौकरी करने के इरादे से तो नहीं आये थे। उनके कई बड़े सपने थे। संघर्ष के दिनों में भी उनकी तमन्ना आकाश को छूने की ही रहती थी। कुछ दिनों तक बंगाली मार्केट में नौकरी करने के बाद वे पूरी तरह से एयरलाइंस की दुनिया में डूब गए। उन्होंने सबसे पहले इराक और कुवैत एयरलाइंस की टिकटों को बेचने का काम शुरू किया। नरेश गोयल का धंधा उनकी मेहनत से फौरन चमकने लगा। वे जल्द ही मोटी रकम कमाने लगे। उसी दौर में उन्होंने ईस्ट दिल्ली में एक घर भी खरीद लिया।

नरेश गोयल का काम और चमका तो वे चार्टर फ्लाइट के बिजनेस में कूद पड़े। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुडकर देखने की जरूरत नहीं समझी। नरेश गोयल अमृतसर से चार्टर फ्लाइट लेकर लंदन जाने लगे। उनका दिल्ली, अमृतसर, मुंबई और लंदन लगातार आना-जाना लगा रहता। सरकार ने जब 1991 के बाद एविएशन सेक्टर में प्रत्यक्ष पूंजी निवेश (एफडीआई) का रास्ता खोला, तो नरेश गोयल को लगा कि अब आकाश में उड़ने का वक्त आ गया है। वे तब मुंबई पूरी तरह से शिफ्ट हो गए। वहां पर उन्हें बिजनेस की दुनिया को करीब से जानने का मौका मिला। उसके बाद वे अपने दिल्ली के दोस्तों से दूर होते चले गए। बंगाली मार्केट कहीं बहुत पीछे छूट गई। मुंबई में उन्हें एक नया सर्किल मिल गया। वे जेआरडी टाटा के भी करीबी बन गए। उन्होंने जेट एयरवेज लांच की तो शाहरुख खान, जावेद अख्तर और यश चोपड़ा को अपनी एयरलाइंस कंपनी का डायरेक्टर बनाया।और , आज जब देश का एविएशन सेक्टर लंबी छलाँगे लगा रहा है, तब नरेश गोयल जेल में हैं। उनके जेट एयरवेज की उड़ानें 17 अप्रैल 2019 से बंद है। वे मुंबई की जेल में अपने दिल्ली के संघर्ष के दिनों के साथियों को याद तो जरूर ही करते होंगे। नरेश गोयल से कामकाज के दौरान कुछ चूक तो जरूर ही हुई है। इसलिए ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केनरा बैंक में 538 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में नरेश गोयल और पांच अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है । देखा जाए तो नरेश गोयल को भी देश में आर्थिक उदारीकरण की बयार ने बिजनेस की दुनिया में कूदने की प्रेरणा दी। उदय कोटक, एन.नारायणमूर्ति, नंदन नीलकेणी,शिव नाडार, नरेश गोयल समेत सैकड़ों नौजवानों को 1990 के दशक में सही ही लगा कि अब कुछ उद्यम शुरू करने का वक्त आ गया है। इंस्पेक्टर और लाइसेंस राज से मुक्ति मिल गई है। सबने बहुत छोटे स्तरों से अपना कामकाज शुरू किया। इन सबको आर्थिक उदारीकरण ने अपने जौहर दिखाने के पर्याप्त अवसर भी दिए।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# फटी एड़ियां - यह आम समस्या है: शहनाज हुसैन

**पांव शरीर का** आधार माने जाते हैं। पांव पर ही पूरे शरीर का भार होता है तथा पांव ही हमारे शरीर को गतिशील करते हैं। इसीलिए पांव का ख्याल अत्यंत महतवपूर्ण माना जाता है। सर्दियों में फटी एड़ियों की समस्या आम होती है तथा महिलाएं सबसे ज्यादा पीड़ित रहती हैं। मौसम में बदलाव के दौरान भीषण ठण्डी में शरीर में नमी की कमी, विटामिन की कमी, डायबटीज, थायराईड, शरीर में मोटापे तथा 60 वर्ष से ज्यादा आयु वर्ग के लोगों को फटी एड़ियों की समस्या का सामना करना पड़ता है। इसलिए यदि आपको फटी एड़ियों की समस्या से लगातार जूझना पड़ रहा है तो यह अनुवांशिक या स्वास्थय कारणों से भी हो सकता है फटी एड़ियों की समस्या सामान्यतः पाँव के प्रति लापरवाही से बढ़ जाती है। हवाई चप्पल या खुले जूतों का प्रयोग करने से भी फटी एड़ियां उभर आती हैं। पाँव की एड़ियों में गहरी दरार पड़ जाने से कई बार असहनीय पीड़ा का सामना भी करना पड़ सकता है। आपके पाँव की त्वचा में अक्सर रूखापन आ जाता है तथा जब रूखापन बढ़ जाता है तो फटी एड़ियों का स्वरूप ले लेता है।

सर्दियों में ठण्डे बर्फीले मौसम की वजह से शरीर में नमी की कमी आ जाती है जिससे पाँव में खून का बहाव प्रभावित होता है । एड़ियों की त्वचा बाकी भागों की बजाय ज्यादा सख्त होती है तथा सर्दियों में नमी की वजह से इसका लचीलाप कम हो जाता है जिससे फटी एड़ियों का स्वरूप बन जाता है।

शरीर में नमी की कमी के कारण जीवित कोशिकाएं कठोर हो जाती हैं तथा उसमें एड़ियों के भाग पर मृत कोशिकाएं बढ़ जाती हैं जोकि बाद में फटी एड़ियों का स्वरूप ले लेती हैं। लेकिन आप कुछ प्रकृतिक उपायों से इन फटी एड़ियों से छुटकारा पा सकती हैं। - अपनी त्वचा में यौवनता तथा ताजगी लाने के लिए अपने पाँव को सप्ताह में एक बार घर में फुट ट्रीटमैंट जरूर दें। पाँव को गर्म पानी में डुबोने से एड़ियों की त्वचा मुलायम होती है जिससे मृत्क कोशिकाओं को हटाने में मदद मिलती है।

पाँव तथा एड़ियों की उचित देखभाल सुनिश्चित करने के लिए नहाने से पहले अपने पाँव में शुद्ध बादाम तेल की रोजाना मालिश कीजिए! नहाने के बाद जब पाँव गीले हों तो पाँव पर क्रीम का इस्तेमाल कीजिए जिससे पाँव पर नमी बरकरार रखने में मदद मिलेगी। फुट क्रीम से पाँव की सर्कुलर मोशन में हल्के-हल्के मालिश कीजिए तथा इससे आपके पाँव मुलायम बने रहेंगे जिससे फटी एड़ियों की समस्या नहीं आएगी।

# मैं बजट बोल रहा हूँ....

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**मेरी** कई बुरी आदतों में एक बुरी आदत दिन में देखी-सुनी बातों का रात में सोते सयम सपने में रिहर्सल करना होता है। चूँकि दिन भर मैंने बजट की खबरें देखी थीं, सो रात में वित्तमंत्री बन बैठा। इस खयाली पुलाव की दुनिया के बहुत बड़े टीवी चैनल के पत्रकार ने मेरा साक्षात्कार लेना आरंभ किया-

**प्रः आपको बजट पेश करते समय कैसा लगा?**

**मैः** मुझे बजट पेश करना डाइनिंग टेबल पर भोजन परोसने जैसा लगता है। अब खाने वाले मेरे अपने हैं तो वे शिकायत तो क्या चूँ करने तक की हिम्मत नहीं कर सकते। जो दिया चुपचाप खा लेते हैं। वरना वे जानते हैं कि ज्यादा नखरे दिखाने से जो मिल रहा है, वह भी नहीं मिलेगा। हाँ यह अलग बात है कि कभी सब्जी अच्छी बन गई तो सभी उसे चट करने की फिराक में रहते हैं। इसीलिए भोजन का स्वाद औसत रखता हूँ। यदि मेरी इस बात का ध्यान सभी दंपति रखें तो घर खुशहाल बना रह सकता है। कभी इनकी पसंद तो कभी उनकी पसंद का बना देने से घर हो या देश, फिर भोजन या बजट की मगजमारी नहीं रह जाती।

**प्रः देश की आर्थिक व्यवस्था इतनी खराब है फिर भी आप इतना भारी बजट कैसे पेश कर पाते हैं?**

**मैः** देखिए, घर में खाने के लाले ही क्यों न पड़े हों, लेकिन दुनिया के सामने अपनी शान पर बट्टा नहीं लगना चाहिए। इंसान पेट की भूख से कम इज्जत की भूख से ज्यादा आहत होता है। इसलिए भीतर से कितनी भी परेशानी क्यों न हो बाहर से अपनी शेरवानी का रुतबा बचाए रखने का प्रयास करना चाहिए।

**प्रः** सरकार पर निजीकरण को बढ़ावा देने का आरोप लग रहा है। इस पर आप क्या कहना चाहेंगे?

**मैः** शिशु जन्म लेने के साथ ही अपना निजी अस्तित्व प्राप्त कर लेता है। वह निजी तौर पर खुद को जीवन भर स्थापित करने का प्रयास करता रहता है। इसी तरह सरकार मां के समान होती है और उसके उपक्रम संतान की तरह। इसीलिए सभी उपक्रमों को निजी तौर पर आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए। तभी उनकी क्षमता बाहर निकल कर आती है।

## न्यूज फ्लैश

### स्कूल से सामान चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपतः सदर** थाना पुलिस ने शिक्षा के मंदिर से सामान चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अरूण उर्फ टिंकू व नरेंद्र उर्फ नीटू निवासी भठगांव के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपितों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। अध्यापिका ज्योति ने गत 3 फरवरी को थाने में शिकायत देकर बताया कि उसे सफाई कर्मचारी ने स्कूल में सामान चोरी होने की सूचना दी। उसके बाद वह मौके पर पहुंची। सामान की जांच की तो एजुसेट, दो इनवेंटर की बैटरी व दो एजुसेअ बैटरी गायब मिली। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि उनकी टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपितों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

### चोरी के दो-पहिया वाहन सहित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपतः जिले** की क्राइम यूनिट पश्चिमी सोनीपत टीम ने दो-पहिया वाहन चोरी को वाहन सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नरेश उर्फ मोनू निवासी विशाल नगर का है। जांच अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान लाल स्कूल कालुपुर के पास मौजूद थी। उसी दौरान चोरी के दो-पहिया वाहन सहित युवक के आने की सूचना मिली। टीम ने वाहनों के कागाजात चैंकिग करना शुरू कर दिया। युवक को आता देखकर उसे रूकवाकर कागजात दिखाने के लिए कहा। उसके पास कागाजात नहीं मिले। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान से सात लाख रुपये चोरी

**सोनीपतः सिविल लाइन** थाना क्षेत्र के गीता भवन के पास स्थित इलेक्ट्रॉनिक की दुकान से लाखों रुपये की राशि चोरी होने का मामला सामने आया है। दुकानदार ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

शहर निवासी संदीप गिरधर ने बताया कि उसने गीता भवन रोड पर बिजली की दुकान खोल रखी है। गत 3 फरवरी को सुबह कर्मचारी दुकान पर पहुंचा तो उसके पास फोन करके बताया कि दुकान में गले के दराज खुले पड़े है। जिसके अंदर छह से सात लाख रुपये की राशि रखी हुई थी। जबकि दराज व गल्ले की चाबी उसके पास है। वहीं दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों की हार्ड डिस्क भी निकाल ले गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई बिजेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### देवा सोसायटी ने राजकीय स्कूल में 422 बच्चों को बांटे जूते व जर्सी

**गन्नौरः देवा** सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा मंगलवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय गन्नौर मंडी में पहली से आठवीं कक्षा तक करीब 422 जरूरतमंद विद्यार्थियों को जूते व जर्सी वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि देवा सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। स्कूल मुख्याध्यापक देवेंद्र कुमार व स्टाफ ने कादियान का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। देवेंद्र कादियान ने कहा कि बच्चें मन लगाकर पढ़ाई करें। सोसायटी द्वारा जरूरतमंद बच्चों की हर संभव मदद की जाएगी। समाज की भलाई के कार्य में देवा वेलफेयर सोसायटी हमेशा आगे रहती है। मुख्याध्यापक देवेंद्र कुमार ने सभी को दानी सज्जनों से प्रेरणा लेने की सीख दी। कार्यक्रम के समापन पर स्टाफ ने देवेंद्र कादियान को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बबीता मलिक, राजेश कुमार, अजय कुमार, सपना रानी, सरिता, संगीता, सोनू, कृष्णलाल, प्रवीन, धर्मेंद्र, प्रीति, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रत्येक शहर में पंचकर्मा सेंटर स्थापित किए जाएंगें: आयुष मंत्री अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

हरियाणा के स्वास्थ्य, परिवार एवं आयुष मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि राज्य के प्रत्येक शहर में पंचकर्मा सेंटर स्थापित किए जाएंगें। इसके अलावा, टूरिज्म स्थलों में भी टूरिज्म वेलनेस सेंटर स्थापित किए जाएंगें। आयुष मंत्री अनिल विज ने यह बात आज आयुष विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित एक समीक्षा बैठक में कही।

**राज्य के सभी गांवों में योग सहायक नियुक्त करने के निर्देशः** विज ने बताया कि 5500 आयुष योग सहायकों की भर्ती की जाएगी और उन्हें शहरी क्षेत्र के प्रतिष्ठित पार्कों, धर्मशालाओं एवं सामुदायिक केन्द्रों में योग प्रशिक्षण का दायित्व सौपा जाएगा। ऐसे ही, आयुष योग निरीक्षक/कोच की पूर्व मंजूरशुदा पदों पर एचकेआरएन से भर्ती की जायेगी। इसके अलावा, उन्होंने




निर्देश दिए कि आयुष विभाग में जितने भी रिक्त पद है उन्हें तत्काल भर्ती किया जाए। श्री विज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के सभी गांवों में योग सहायक नियुक्त किए जाएं ताकि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में भी योग को पहुंचाया जा सकें। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाए ताकि लोगों को योग के लाभों के संबंध में जागरूक किया जा सकें।

**जिला व राज्य स्तर पर आयुष योग सहायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को संचालित करने के निर्देशः** श्री विज ने जिला व राज्य स्तर पर आयुष योग सहायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को संचालित करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि योग सहायकों के लिए एक साफटवेयर बनाया जाए ताकि उनकी उपस्थिति का पता चल सकें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक योगशाला को चिन्हित कर उनको अच्छा बनाया जाए। बैठक में श्री विज को अवगत कराया गया कि प्रथम चरण में 1121 व्यायामशालाएं बन रही है और उसमें 656 योगशालाएं आयुष विभाग को सौंप दी गई हैं। योगशालाओं व चौपालों में 892 योग सहायक नियुक्त हो चुके हैं। अब अगले चरण में 1353 नई योगशालाओं का स्थान चिन्हित कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि योग मैडीटेशन रिसर्च आधारित सेंटर को श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र में शुरू किया जाए ताकि इस क्षेत्र में रिसर्च को बढाया जा सके।

## महिला के मोबाइल नंबर से इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील फोटो लगाया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**शहर** थाना क्षेत्र में महिला के मोबाइल नंबर से इंटाग्राम आईडी बनाकर अश्लील फोटो लगाने के आरोप का मामला सामने आया है। वहीं आईडी पर किसी का अश्लील फोटो लगा दिया। जिसके बाद महिला के मोबाइल नंबर पर अलग-अलग नंबरों से कॉल आना शुरू हो गई। महिला ने मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

जांच जारी

▶▶ महिला के मोबाइल नंबर से इंटाग्राम आईडी बनाकर अश्लील फोटो लगाने के आरोप का मामला सामने आया

एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि गत 3 फरवरी को उसके मोबाइल नंबर पर अलग-अलग नंबरों को कॉल आने लगी। कॉल करने वाले उनके साथ अभद्र व अश्लील भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। जब उन्होंने उनका विरोध किया तो कॉल करने वालों ने बताया कि इंस्टाग्राम पर राधिका नाम की आईडी पर उनका मोबाइल नंबर दिया गया। वहां पर किसी महिला की निर्वस्त्र तस्वीर लगी है। जिसके चलते वह कॉल कर रहे हैं। उनके मोबाइल नंबर पर गलत तरीके से वायरल किया गया है। जिस पर पीड़िता ने शहर थाना पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने इस संबंध में 67बी आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी देवेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। साइबर सेल की मदद ली जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## जीजा साले को लात, घूसों व ईंट से हमला कर किया घायल

**गन्नौर।** गन्नौर राम मंदिर के निकट जीजा साले पर कुछ युवकों ने लात घुसों व ईंट से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायल ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में बेतिया, जिला पश्चिमी चंपारण, बिहार के रहने वाले सुनील कुमार ने बताया कि वह हाल में गन्नौर रामलीला ग्राउंड के पास किराये के मकान पर रहता है। 4 फरवरी को वह अपने जीजा मोहन के साथ बड़ी फैक्ट्री से काम करने के बाद घर लौट रहे थे। जब वह राम मंदिर के पास पहुंचे तो वहां अचानक से गन्नौर गांव का अभिषेक उर्फ गोलू त्यागी अपने तीन अन्य साथियों के साथ आया और उनके साथ गाली गलौच कर मारपीट करने लगा।

# किशोरी से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद

## अदालत ने दोषी पर अलग-अलग धाराओं में 91 हजार रुपये जुर्माना लगाया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**शहर थाना** क्षेत्र में किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरुचि अत्तरेजा सिंह की अदालत ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। दोषी रिश्ते में किशोरी का मामा लगता है। दोषी ने कमरे में घुसकर बेटी से दुष्कर्म किया था और डराकर चुप करा दिया था। बाद में परिजनों को पता लगा तो पुलिस को शिकायत दी थी। अदालत ने दोषी पर 91 हजार रुपये जुर्माना किया है। जुर्माना राशि में से 50 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश दिए गए है।

न्याय

▶▶ दोषी ने कमरे में घुसकर बेटी से दुष्कर्म किया था और डराकर चुप करा दिया था

जिला हरदोई यूपी हाल में शहर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने 11 मई, 2023 को शहर थाना पुलिस को बताया था कि वह परिवार सहित शहर में किराए के मकान में रहते है। उनके परिवार में 17 साल की बेटी है। उनके साथ रिश्ते में उनके बच्चों का मामा लगने वाला उत्तर प्रदेश के जिला सीतापुर का शुभम भी पास ही किराए पर रहता था। शुभम लेंटर के लिए सरिया बांधने का काम करता था। वह अक्सर उनके पास आ जाता था। व्यक्ति ने बताया था कि कई दिन से उनकी बेटी गुमसुम रहने लगी थी। उन्होंने बेटी से पूछा तो उसने बताया था कि 4 मार्च को उनके कमरे में घुस आया था। वह उस समय अकेली थी। तब आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। साथ ही उसके अश्लील फोटो खींच लिए थे। आरोपित ने धमकी दी थी कि अगर किसी को कुछ बताया तो वह फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। उसे किसी से शादी करने लायक नहीं छोड़ेगा। साथ ही कहा था कि उसे व उसके परिवार को जान से मार देगा। उसकी धमकी से वह डर गई थी। उसके बाद भी आरोपी उसके साथ कई बार छेड़खानी करता था और गलत हरकत करता था। जिससे उनकी बेटी चुप रहने लगी थी। मामले का पता लगने पर पीड़ित ने पुलिस को बताया था। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार की टीम ने कार्रवाई करते हुए 19 मई, 2023 को आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। उसे एक दिन के रिमांड पर लेकर सभी सबूत जुटाए थे। उसके बाद चालान कोर्ट में पेश कर दिया था।

## पांच हजार रुपये के ईनामी बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शिकंजा

▶▶ गिरफ्तार आरोपित दीपक उर्फ लींडू निवासी हसनपुर है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया

**सोनीपतः मुरथल थाना** पुलिस ने गोलियां चलाने की वारदात में शामिल व पांच हजार रुपये के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दीपक उर्फ लींडू निवासी हसनपुर है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। गांव हसनपुर निवासी कर्मबीर ने 4 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि गांव के दीपक ने उसके घर के सामने आकर जान से मारने की नीयत से चार से पांच गोलियां चला दी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित अमित कुमार की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने एक पिस्टल व तीन खाली खोल व दो गोली सिक्के पहले ही घटना स्थल से बरामद कर लिए थे।

## युवक पर जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल तीन आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

एसएजी सोनीपत यूनिट ने युवक पर जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विक्रम निवासी जटवाड़ा, दीपक निवासी सैनीपुरा, आशीष उर्फ बिल्लू निवासी कोट मोहल्ला का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। गांव जटवाड़ा निवासी अमित उफ मीता ने गत 1 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया थ ा कि वह अपने घर पर मौजूद था। उसी दौरान विक्रम, दीपक व अन्य लड़का बैलेनो गाड़ी में सवार होकर उसके घर के सामने आए। उसे जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। किसी तरह वह बाल-बाल बच गया। उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। मामले में पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी जितेंद्र कुमार की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपितों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से हथियार व गाड़ी के बारे में जानकारी ली जा रही है।

## अवैध हथियार सहित गिरफ्तार, पांच अन्य वारदातों को खुलासा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**एवीटी स्टाफ** सोनीपत पुलिस ने अवैध हथिया सहित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुमित उर्फ नानू निवासी बैयापुर खुर्द का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। आरोपित के पास से पुलिस ने चार चोरी के दो-पहिया वाहनों को बरामद किया है। वहीं पांच वारदातों का आरोपित ने खुलासा किया है।उप निरीक्षक आजाद सिंह ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौग्रान औद्योगिक क्षेत्र गेट नंबर-2 पर मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में घुमता हुआ मिला। उसे रोककर उसकी तलाशी ली। उसके पास अवैध अवैध पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उक्त हथियार को उसने राहगीर से लिया था। आरोपित ने पांच चोरी की वारदातों का खुलासा कि है।

## युवक को पीट-पीटकर घायल करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**शहर** थाना क्षेत्र के गोहाना अड्डे पर युवक ने गांव के ही लोगों पर लाठी-डंडों से पीट-पीटकर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव जुआं निवासी नीरज ने बताया कि वह अपने किसी निजी काम के लिए सोनीपत गोहाना अड्डे पर आया हुआ था। उसी दौरान गांव का राजू व रूपराम, नाना उसके पास आए। उसके साथ गाली-गलौच करने लगे। गाली-गलौच का विरोध किया तो रूपराम ने अपने लड़के व भाई से

केस दर्ज

▶▶ मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया

गाड़ी से डंडे व हथियार लाने के लिए कहा। दोनों गाड़ी से डंडे व हथियार लेकर उसके पास पहुंचे। पीड़ित ने बताया कि तीनों ने अपने-अपने हथियारों से उसके ऊपर वार करने शुरू कर दिए। उसके हाथ व कमर पर लगने से नीचे गिर गया। उसी दौरान राजू नाम के युवक ने उस पर तेजधार हथियार से दो वार किए। उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। राहगीरों ने उसे हमलावरों से छुड़वाया। जानकारी मिलने पर उसका पिता सतनारायण मौके पर पहुंच गया। तीनों ने गांव के अड्डे से सवारियों को बैठाना का मजा चखाने की बात कहने लगे। उसके बाद दोनों को धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए उसे नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया। खानपुर में उपचार करवाने के बाद चिकित्सक ने उसे छुट्टी दे दी। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## दुकान का शटर तोड़ कर बैटरियां चोरी करने के चार आरोपित गिरफ्तार

**गन्नौर।** थाना गन्नौर पुलिस ने दुकान का शटर तोड़ कर बैटरियां चोरी करने की घटना में संलिप्त चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अर्जुन निवासी महावीर कालोनी, हिसार, अजय उर्फ भोलु निवासी खरवला हिसार, साहिल निवासी दालमवाला जींद व रिंकु निवासी सेरदा हिसार के रहने वाले हैं। जांच अधिकारी उप निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि खेड़ी रोड निवासी सोनू ने शिकायत दी थी कि 16 दिसंबर की रात को उसकी दुकान से 25 बैटरियां चोरी हो गई। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में भी 3-4 व्यक्ति एक गाड़ी में सामान ले जाते हुए दिखाई दिए थे।

## 'बेहतर शिक्षा का माहौल देने के लिए समावेशी शिक्षा बहुत जरूरी'

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दिव्यांग जागरुकता शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दिव्यांग जागरुकता शिविर का आयोजन स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें दिव्यांग छात्रों के अलावा उनके अभिभावकों ने भी भाग लिया। शिविर के दूसरे दिन दिव्यांग छात्रों को अभिभावकों को संबोधित करते हुए खण्ड मौलिक शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह ने कहा कि स्कूलों में पढ़ने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा का माहौल देने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए समावेशी शिक्षा बहुत जरूरी है। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला की ओर से दिव्यांग




विद्यार्थियों की समावेशी शिक्षा उन्मुखीकरण कार्यक्रम के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण में जागरूक किया है। उन्होंने बताया कि स्कूलों में पढ़ रहे सामान्य विद्यार्थियों के मुकाबले शिक्षकों को दिव्यांग विद्यार्थियों की शिक्षा व जरूर का ध्यान रखना होता है, ताकि उनमें किसी प्रकार की हीन भावना विकसित न हो सके। इसके लिए यह सभी विद्यालय मुखिया को प्रशिक्षण दिया जा रहा है । अलका गुप्ता (क्लिनिकल साइकोलोजिस्ट) ने कहा कि समान्य टीचर दिव्यांग बच्चो के माता-पिता को अपने बच्चो को समाज की मुख्य धारा में लाने हेतु प्रेरित करे ।कार्यक्रम में मीना कुमारी, सीमा रानी, अनुराधा गौतम, मो इमरान आलम, भीना रानी ने ट्रेनिंग को सुचारू रूप से चलाने के लिए अपनी भूमिका निभाई।

जागरूक

▶▶ दिव्यांग विद्यार्थियों की समावेशी शिक्षा उन्मुखीकरण कार्यक्रम के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण में जागरूक किया

# नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में पानी की हो रही टिप-टिप

## बेहतर सुविधा होने के दावों की खुली पोल, दो दिन से छत से टपक रहा पानी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**नागरिक** अस्पताल सोनीपत में प्रबंधन की लापरवाही के चलते आपातकालीन कक्ष में तैनात चिकित्सक व कक्ष में आने वाले मरीजों को उठाना पड़ रहा है। कक्ष में एक मात्र बेड के लघु आप्रेशन कक्ष में छत से कई दिनों से पानी टपक रहा है। कक्ष में तैनात स्वास्थ्य कर्मचारियों को पानी टपकने की समस्या से निजात पाने के लिए कई बार प्रबंधन को अवगत करवाया। प्रबंधन की तरफ से जल्द से जल्द ईमारत की छत से टपक रहे पानी को रोकने के लिए कदम उठाने की बात कही जा रही है। पानी टपकने से अस्पताल की ईमारत जर्जर होती जा रही है।

बता दें जिले का नागरिक अस्पताल 200 बेड की सुविधा है। अस्पताल की ईमारत काफी जर्जर हो चुकी है। जिसके चलते कई हिस्सों में पानी टपकने व सीलन की समस्या का सामान प्रबंधन को करना पड़ रहा है। मरीजों के उपचार करने वाले अस्पताल को खुद के उपचार की आवश्यता है। अस्पताल का आपातकालीन कक्ष खुद बीमार पड़ा हुआ हैं। उसकी छत कई दिनों से टपक रही है। कक्ष में विभाग के आदेश पर तैयार किए मात्र एक बेड लघु आर्प्रेशन कक्ष की हालत बेहद खराब हैं। बेड पर भर्ती मर्जी को अपने उपचार के साथ-साथ छत से टपकने वाले पानी का ध्यान रखना पड़ रहा है। दिन-रात कक्ष से टपकने वाले पानी ने स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ-साथ मरीजों की नींद उड़ा रखी है। मामला संज्ञान में आने के बाद भी प्रबंधन की तरफ से किसी प्रकार के ठोस कदम नहीं उठाएं जा रहे है।

हाल-ए-अस्पताल

▶▶ दिन-रात कक्ष से टपकने वाले पानी ने स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ-साथ मरीजों की नींद उड़ा रखी है

बीमार आपातकालीन कक्ष को खुद मरम्मत की आवश्यकता, लाखों रुपये कीमत की मशीन है रखी-नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में पानी के टपकने की समस्या नई नहीं है। कक्ष में दिन-रात पानी टपकता रहता है। कक्ष में महज एक ही लघु आप्रेशन कक्ष बनाया हुआ है। जिसमें एक बेड आपातकालीन स्थिति में आने वाले मरीज के लिए रखा हुआ है। उसी बेड पर पानी टपकने से मरीज को उपचार के साथ-साथ पानी टपकने की समस्या से जूझाना पड़ता है। कक्ष में लाखों रुपये कीमत की मशीनों सहित जरूरी दवाइएं रखी रहती है। अगर गलती से मशीनों पर पानी गिरा तो मशीनें खराब होने का भय बना रहता है।

**अस्पताल** का भवन काफी पूराना हो चुका है। जिसको लेकर समय-समय पर जरूरी काम करवाएं जाते है। छत से पानी टपकने की समस्या का मामला संज्ञान में आया है। जल्द से जल्द मरम्मत का काम करवा दिया जायेगा। कक्ष के ऊपर लेंटर पर पानी की कहीं से लीकेज है। जिसे दुरूस्त करवाने के प्रयास किए जा रहे है। कई बार पहले भी मरम्मत का कार्य करवाया गया है।
**डा. लोकवीर सिंह, प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।**

# कबड्डी खेलने जा रहे खिलाड़ी को 10 नकाबपोशों ने हमला कर घायल किया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

गांव खुबडू के पास मोटरसाइकिलों पर सवार हो कर आए 10 नकाबपोश बदमाशों ने एक कबड्डी खिलाड़ी पर लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया। बदमाश तीन अलग अलग मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए आए थे। घायल खिलाड़ी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव माजरी के रहने वाले अमन कुमार ने शिकायत में बताया कि वह सोमवार की शाम सवा चार बजे के धनखड़ स्पोर्ट्स अकादमी में कबड्डी खेलने के लिए जा रहा



था। जब वह खुबडू गांव के पास पहुंचा तो सामने से 10 व्यक्ति तीन मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए और उसकी मोटरसाइकिल को रुकवा लिया। अमन ने बताया कि सभी अपने मुंह कपड़ों से ढके हुए थे, जिस वजह से वह उन्हें पहचान नहीं पाया। इसके बाद सभी ने मिल कर उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जब उसने शोर मचाया तो गांव के लोगों को अपनी तरफ आता देख सभी हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देकर अपनी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर वहां से भाग गए। अमन ने इसकी सूचना अपने परिवार और पुलिस को दी। इसके बाद स्वजन ने उसे खानपुर मेडिकल कालेज में इलाज के लिए दाखिल कराया जहां वह उपचाराधीन है। पुलिस के जांच अधिकारी एएसआई नरेंद्र ने बताया कि शिकायत मिली थी कि माजरी गांव के अमन के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की है।

# जैन ने पुलिस से जल्द घटनाओं को अंजाम देने वाले चोरों को पकड़ने का आग्रह किया

## चाय एवं फोटोस्टेट की दुकान को निशाना बनाया और शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
शहर में हो रही ताबड़तोड़ चोरियों से आम आदमी दहशत में है। बीती रात चोरों ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर 15 के शिव मंदिर तथा जाट कॉलेज के निकट चाय एवं फोटोस्टेट की दुकान को निशाना बनाया और शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

तीन दिन पूर्व भी गीता भवन पर सिथत दीप इलेक्ट्रिकल, बहालगढ़ रोड पर भी कई दुकानों के ताले तोड़ कर चोरी के प्रयास किये थे। घटनाओं की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने पीड़ित दुकानदारों से भेंट की और पुलिस से जल्द से जल्द घटनाओं को अंजाम देने वाले चोरों को पकड़ने का आग्रह किया। शिव मंदिर सेक्टर 15 में चोर पड़ोस की छत पर सीढ़ी लगाकर मंदिर में घुसे और शीशे का दरवाजा तोड़कर छह दान पात्रों में से नकद राशि ले गए। मंदिर के पुजारी धीरज शर्मा ने बताया कि चोर कई हजार रुपए की नकद राशि तथा सी०सी०टी०वी० के कैमरे की डी०वी०आर० भी ले गए। पुजारी ने बताया कि कई माह से दान पात्र नहीं खोला गया था, इसलिए नकद राशि का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। इसी तरह जाट कॉलेज के पास सोमवीर की चाय की दुकान का शटर तोड़कर पांच हजार रुपए नकद और कुछ सिगरेट वगैरह ले उड़े। चोरों ने साथ लगती पेंचर की दुकान का भी शटर तोडा परन्तु कुछ सामान नहीं उठा पाए। इसी तरह चोरों ने जाट कॉलेज के सामने फोटोस्टेट की दुकान का शटर तोडा। दुकान मालिक राजेश ने बताया कि वह अभी अंदर नहीं गया है इसलिए नुकसान का अंदाजा नहीं है। राजीव जैन ने पुलिस के सभी प्रभारियों से फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ बुलाकर चोरों के निशान लेने में भी निर्देश दिए।

# अग्रवाल धर्मशाला सोनीपत में नेत्र चिकित्सा कैंप मे 121 मरीजों की हुई जाँच

**निशुल्क**

▶▶ किसी चीज की आवश्यकता होती है उनको बिना किसी शुल्क के प्रदान किया जाता है



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सोनीपत** की अग्रवाल धर्मशाला गुड़ मंडी में दी महाराजा अग्रसेन समिति के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया गया जिसमें की दिल्ली के वेणु आई इंस्टिट्यूट व रिसर्च सेंटर से अनुभवी डॉक्टरों की टीम अग्रसेन समिति के सौजन्य से बुलाई गई थी जिसमें की आम जनता अपनी आंखों का चेकअप बिना किसी शुल्क के करवाया और इसमें से 24 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई जिनमे से सभी को आज टीम के साथ ऑपरेशन के लिए भेजा गया तथा जिनको कोई अन्य बीमारी थी तो उनको फ्री मे दवाइयां दी गई, इस कैंप मे पूर्णता फ्री इलाज किया जाता है और जिन वृद्धों को दवाइयों और अन्य किसी चीज की आवश्यकता होती है उनको बिना किसी शुल्क के प्रदान किया जाता है।

जरूरतमंद मरीजों के लिए मुफ्त मे चश्मे का प्रबंध संजय मक्कड़ द्वारा किया गया है,इस कैम्प मे मरीजों की शुगर व ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त मे की गई,प्रधान टीकाराम मित्तल ने बताया की हर महीने के पहले मंगलवार को यह कैम्प लगाया जायेगा,संजय सिंगला ने बताया की आज इस कैम्प मे 121 मरीजों ने जाँच करवाई,जिसमें महाराजा अग्रसेन समिति के सदस्य सभी एकजुट होकर आम जनता की सेवा करते हैं और महीने के पहले मंगलवार को नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया जाता है जिससे कि गरीबों और वृद्धों का इलाज फ्री में किया जा सके।इस मौके पर समिति के महासचिव ओ डी गर्ग,कैम्प इंचार्ज प्रदीप गोयल, दयाराम जैन,डॉक्टर राजेश गुप्ता,राजीव गर्ग,श्याम सुन्दर मित्तल व डॉक्टर टीम के इंचार्ज सुभाष यादव,ऑप्टिरमीट्रिस्ट देश, दीपक वर्मा, आयशा, ऑप्टिशियन अरुण आदि मौजूद रहे

# एएचपीएस वर्कर यूनियन का प्रदर्शन जारी रहा



**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
ए एच पी एस वर्कर यूनियन का प्रदर्शन 13 दिन उपमंडल अधिकारी समालखा के खिलाफ जारी रहा इस प्रदर्शन की अध्यक्षता समालखा सब यूनिट के प्रधान प्रवीण व मंच संचालन समालखा सब यूनिट सचिव नीरज राठी ने की है इस प्रदर्शन के दौरान उप मंडल अधिकारी को कर्मचारियों की कुछ जायज मांगों लेकर अधिकारियों के समक्ष रखा था जैसे की टेक्निकल स्टाफ की ड्यूटी नॉन टेक्निकल स्टाफ जैसे सी सी की जगह ए एल एम को दी गई है और सी ए की जगह एलडीसी को बिठाया गया है जो की इस पद के लिए उचित नहीं है इस वजह से उपभोक्ताओं का काम तय समय पर नहीं हो पा रहा है जिससे कार्यालय में उपभोक्ता भी परेशान है कार्यालय में राजेश एल डी सी जो की समालखा उप मंडल में सी ए के पद पर नियुक्त किया गया था उसे पद के लिए उचित नहीं है इसी दौरान उस कर्मचारियों की समालखा दफ्तर

**मांग**

▶▶ उप मंडल अधिकारी को कर्मचारियों की कुछ जायज मांगों लेकर अधिकारियों के समक्ष रखा था

मानसिक परेशानी से मौत हो गई थी और इसी तरह राजेंद्र जो मिटर रिडर थे उनको सी सी के पद पर बिठाया गया वह भी इस पद के लिए उचित नहीं थे और मानसिक रूप से परेशान किया गया इस वजह से रिलीविंग प्रक्रिया में उस कर्मचारियों की भी मृत्यु हो गई और इसी कार्यालय में सुखबीर एल डी सी को भी सी सी के पद पर बिठाया गया जिसकी भी मृत्यु बिहौली दफ्तर में हो गई थी वह भी मानसिक रूप से परेशान था और इसी कड़ी को आगे बढ़ते हुए अधिकारी अब एल डी सी को और सी ए को ए एल एम को सी सी के पद पर बिठा रखा है।

# बलदेव नगर के राजकीय स्कूल में खंड स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता मिशन के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलदेव नगर अंबाला में जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस प्रतियोगिता में खंड स्तर से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति कानूनी रूप से जागरूक करना था।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीजेएम सौरभ गुप्ता ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमें विद्यालयों में अध्ययन कर रहे बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ कानूनी रूप से भी सशक्त बनाना है और उन्हें दूसरों को भी इसके बारे में जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने सभी प्रस्तुतियों की सराहना मुक्त कंठ से की। सभी विजेता प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार और खंड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य सतबीर सिंह ने प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार राशि सम्मानित किया। इस मौके पर जिला कोर्डिनेटर अमी सिंह, धीरज वालिया, अनिल कुमार, देव कुमार, अनु रानी, विनोद कुमार, जगजीत,प्राचार्य रविन्द्र कुमार, संयोजक अमन कुमार, राजीव गोयल,अर्पणा कालड़ा,ज्योति गरचा,रितु शर्मा, योगराज शर्मा,सर्वजीत सिंह, सुभाष, प्रकाश चंद शास्त्री व गौरव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**सशक्त**

▶▶ हमें विद्यालयों में अध्ययन कर रहे बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ कानूनी रूप से भी सशक्त बनाना है

# आयुष विश्वविद्यालय में हुआ देहदान

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान में पीपली निवासी अमनदीप सिंह द्वारा अपने पिता स्व बलवंत सिंह का सांसारिक यात्रा पूरी करने के बाद देहदान किया गया।आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान ने स्व बलवंत के इस कदम को चिकित्सकों एवं समाज के लिए उपयोगी बताया और कहा किनवागंतुक चिकित्सक उनकी देह पर शोध करेंगे। इसके साथ ही समाज में जाकर जनोपयोगी कार्य करेंगे।

# कर्मिक अनशन की तैयारी के लिए 8 को नए बस स्टैंड पर बुलाई मीटिंग

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**ज्वाईंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा द्वारा घोषित 12फरवरी से राज्य स्तरीय क्रमिक अनशन की कामयाबी हेतू सभी संगठनों की संयुक्त बैठक 8 फरवरी को बस स्टैंड कुरूक्षेत्र मे सुबह 10 बजे बुलाई गई है। उक्त जानकारी देते हुए ज्वाईंट एक्शन कमेटी के राज्य संयोजक कुलभूषण शर्मा ने बताया कि रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों के समर्थन में पिछले 2वर्ष से लगातार संघर्ष किया जा रहा है परंतु सरकार के कानो कर जू नहीं रेंगी। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत कर्मचारी काफी लंबे समय से सरकार से कैशलेस मेडिकल व चिकित्सा भत्ता 1000 से बढ़कर?3000 किया जाए ,60-65-70 वर्ष की आयु उपरांत 5 10 15% की मूल पेंशन में वृद्धि की जाए, कॉम्यूटेशन की रिकवरी 15 वर्ष से घटकर पहले की तरह 12 वर्ष में की जाए, फैमिली पेंशनर को भी एलटीसी की सुविधा दी जाए, 18 महीने का डी ए का एरिया (कोरोना कॉल) 6% ब्याज सहित शीघ्र जारी किया जाए, 60 वर्ष की आयु के बाद पेंशनर्स के लिए रेल में रियायती दर पर यात्रा सुविधा पुनः लागू की जाए, 30 जून को रिटायर्ड कर्मचारियों को एक वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ देने सहित माननीय उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कर्मचारी हित में दिए गए सभी फैसले जनरलाईज करने की मांग कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि उपरोक्त सभी मांगों के विषय में सरकार से सेवानिवृत्त कर्मचारी गुहार लगा रहे हैं।

**संघर्ष**

▶▶ रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों के समर्थन में पिछले 2 वर्ष से लगातार संघर्ष किया जा रहा है



# लेवल-1 की परीक्षा में बराडा के 438 विद्यार्थियों ने लिया भाग



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** शिक्षा विभाग और विकल्पा फाउंडेशन के तत्वावधान में कार्यक्रम सुपर-100 के तहत लेवल-1 की परीक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया के परिसर में परीक्षा केंद्र की केंद्र समन्वयक मनप्रीत कौर के मार्गदर्शन और निगरानी में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश पराशर ने विद्यार्थियों को शुभकामनाये देते हुए परीक्षा को आरम्भ करवाया। मनप्रीत कौर ने बताया कि इस परीक्षा में खंड बराडा के दो विद्यालयों में हुई इस परीक्षा में 438 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के कंप्यूटर अध्यापक पवन पराशर ने बताया कि इस योजना में चयनित छात्रों को दो सालो तक मुफ्त कोचिंग और आगे उच्च शिक्षा की सुविधा प्रदान की जाती है ।इस योजना का मुख्य उद्देश्य होनहार छात्रों को उच्च शिक्षा मुफ़्त में प्रदान करना है जो छात्र धन की कमी की बजह से अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ देते है यह योजना ऐसे छात्रों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है ।इस अवसर पर केंद्र समन्वयक मनप्रीत कौर ने प्रधानाचार्य, राजेश शर्मा, डॉ बलवंत सिंह, वीरभान, पवन पराशर व सभी स्टाफ सदस्यों का इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया।

**संपन्न**

▶▶ परीक्षा केंद्र की केंद्र समन्वयक मनप्रीत कौर के मार्गदर्शन और निगरानी में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई

# दिव्यांग पुनर्वास केंद्र ने कुलेरी में आयोजित किया निशुल्क नेत्र जांच शिविर

**हिसार :** भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा गांव कुलेरी में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चित्सिकों ने 100 लोगों की नेत्र जांच करके उन्हें उचित परामर्श दिया। इस शिविर में जांच के दौरान 20 लोगों की आंखों में सफेद मोतियाबिंद की शिकायत मिली। इन सभी 20 ग्रामीणों का नेत्र ऑपरेशन दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के आधुनिक ऑपरेशन थियेटर में निशुल्क किया जाएगा।

# 'सुरजेवाला ने विरोधियों को अपना लोहा मनवाया'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि जन संदेश यात्रा के माध्यम से कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने विरोधियों को अपना लोहा मनवाया। जनसंदेश यात्रा के माध्यम से जनता से प्यार बांटा और आमजन से बातचीत की। जनता ने जन संदेश यात्रा को जमकर सराहा। जन संदेश यात्रा में शामिल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला, कुमारी शैलजा व किरण चौधरी ने गठबंधन सरकार को घेरते हुए आमजन के लिए न्याय की आवाज उठाई। मधुसूदन बवेजा ने कहा कि जनसंदेश यात्रा में उमड़ी भीड़ ने



गठबंधन सरकार के होश उड़ा दिए है। रणदीप सुरजेवाला ने यात्रा को इतना प्यार देने के लिए जनता का आभार जताया और कहा कि सत्ता में आने पर आमजन के सभी कार्य किए जाएंगे। बवेजा ने कहा कि यात्रा में उमड़ी भीड़ से साफ जाहिर होता है कि आमजन में मौजूदा सरकार के प्रति व्यापक रोष है और आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी 10 की 10 सीटों पर जीत हासिल करेगी।

बवेजा ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में भी पार्टी बहुमत से विजय प्राप्त करेगी। कहा कि मौजूदा सरकार की जन विरोधी नीतियों से हर वर्ग परेशान है। गठबंधन सरकार से हर वर्ग का मोह भंग हो चुका है।

**आवाज उठाई**

▶▶ सुरजेवाला, शैलजा व किरण ने गठबंधन सरकार को घेरते हुए आमजन के लिए न्याय की आवाज उठाई

# 'मजबूत प्रतिनिधि न होने के कारण पिछले 15 सालों से लाडवा हल्का पिछड़ता जा रहा'

**टीम एक्शन इण्डिया/बाबैन (दलबीर मलिक)** समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने कहा कि पिछले तीन प्लेन से लाडवा हल्के का कोई विकास नहीं हुआ है। क्योंकि अभी तक कोई भी मजबूत नेता हल्के को नहीं मिला है। समाजसेवी संदीप गर्ग मंगलवार को गांव टाटकी के ग्रामीणों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि लाडवा हल्के का विकास चाहते हैं तो मजबूत प्रत्याशी को इस बार 2024 के विधानसभा चुनावों में विधायक बनाकर विधानसभा भेजे ताकि हल्के का विकास हो सकें। उन्होंने कहा कि पिछले 15 सालों से लाडवा हल्का पिछड़ता ही जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज की समय में लाडवा से छोटे-छोटे हल्के भी तरक्की कर रहे हैं। परंतु लाडवा हल्का जूं का तूं ही पड़ा है। बाबैन खंड की प्रमुख मांगे महिला कॉलेज, स्टेडियम, बस स्टैंड आदि सभी चीजों से वंचित पड़ा है। उन्होंने कहा कि सैकड़ो छात्राएं अपनी जान जोखिम में डालकर बाबैन से बाहर शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाती है। इसके अलावा सडकों की हालत भी खराब पड़ी है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है किसी ऐसे नेता को विधानसभा में भेजने का काम करें। जो लाडवा हल्के की मांगों को विधानसभा में उठाकर पूरी करवा सकें। मौके पर सरपंच रणधीर सिंह, मनोज धवन, वेदप्रकाश, राजेन्द्र आदि मौजूद थे।

# चंडीगढ़ में हुई लोकतंत्र की हत्या, यह मोदी की गारंटी है : सतपाल शर्मा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
कल जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में जो धांधली हुई उसको मना है कि यह लोकतंत्र की हत्या है। इस चुनाव में सिर्फ 36 वोट बेल्ट पेपर से डाली और भारतीय जनता पार्टी ने उन 36 वोट में भी दंडली कर डाली अब आप सोचिए जब यह बेल्टपेपर पर धांधली कर सकते हैं तो ईवीएम पर धांधली करना इनका बाएं हाथ का खेल है जो की एकमात्र सॉफ्टवेयर है। कांग्रेस नेता सतपाल शर्मा ने आगे बताया कि सीसीटीवी कैमरा में स्पष्ट दिख रहा था की जो चुनाव अधिकारी अनिल मसीह थे वह भारतीय जनता पार्टी का कार्य करता



है, आज से 10 साल पहले उसने भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की थी और वह अल्पसंख्यक सेल में पद पर विराजमान रहा। अब आप सोचिए कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव के मामले में कितनी धांधली करती है एक छोटे से अधिकारी से लेकर चुनाव आयोग भाजपा के हाथ की कठपुतली है और वह जैसे चाहे उन्हें न चाहती है और अपने मनचाहा परिणाम पाती है।

शर्मा ने कहा कि 2024 का चुनाव सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में बेल्ट पेपर से हो और ईमानदार अधिकारी इस चुनाव की निगरानी करें क्योंकि भारतीय जनता पार्टी से अब लोगों का विश्वास उठ गया है

**साधा निशाना**

▶▶ जो चुनाव अधिकारी अनिल मसीह थे वह भारतीय जनता पार्टी का कार्य करता है : शर्मा

# तेजेंद्र सिंह मक्कड़ लाईफ टाईम अचीवमेंट अवार्ड से हुए सम्मानित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** सचखंड श्री हुजूर साहिब दी पवित्र नगरी में आज संत शिरोमणी भगत नामदेव जी के 754 वें जन्मशाताब्दी को समर्पित नानक - साईं फाउण्डेशन और महाराष्ट्र सरकार दुवारा राज साहित्यिक और सांस्कृतिक सभ्याचार विभाग के सौजन्य से सांझे तौर पर गुरु ग्रन्थ साहिब भवन नंदेड में भगत नामदेव मराठी साहित्यिक सम्मेलन और लाईफ टाईम अचीव मैंट अवार्ड करवाया गया जिस की जानकारी नानक-साँई फाऊंडेशन के एम डी पनधेरी नाथ बोकारो ने देते हुए बताया कि भगत नामदेव जी की करम भूमि घुमान में होए मराठी साहित्यिक सम्मेलन की तरह नामदेव जी की जन्म स्थली नंदेड में मराठी




साहित्यिक सम्मेलन करवाने हेतु महाराष्ट्र सरकार को प्रस्ताव भेजा था महाराष्ट्र सरकार के साहित्य और सभ्याचार विभाग ने सहमति प्रदान कर दी । दशम पिता श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी की पावन धरती अबचल नगर श्री हजूर साहिब में इतिहासिक सम्मेलन 4 फरवरी को गुरु ग्रंथ साहिब भवन में आयोजित किया गया ।जिसमें साहित्यकार विद्वान बुदीजीवी कवियो और हरियाणा पंजाब दिल्ली समेत महाराष्ट्र के २७ जिलों से साहित्यिक प्रेमियों ने भाग लिया और भगत नामदेव जी के जीवन उपदेश और गुरु ग्रंथ साहिब में अंकित 61 शब्द 3 श्लोक 18 रागों में दर्ज. है और महाराष्ट्र में मानव सेवा में समर्पित जीवन पर प्रकाश डाला ।कार्यक्रम शुरूआत संत बाबा बलविंदर सिंह जी लंगर साहिब जी ने और अभिजीत राउत कलक्टर नंदेड एवं श्री कृष्ण कोकाटे एस पी नंदेड द्वारा रिबन काट दीप प्रज्वलित करके की ।

**सम्मान**

▶▶ नंदेड में भगत नामदेव मराठी साहित्यिक सम्मेलन और लाईफ टाईम अचीवमेंट अवार्ड करवाया गया

इस मौके पर जहां साहित्य कारों बुद्धिजीवीयो को सम्मानित किया गया वहीं हरियाणा के नानक- साँई फाऊंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सरदार तेजेंद्र सिंह मक्कड़ को मुख्य अतिथि के रूप में विशेष सम्मान और उनके भगत नामदेव घूमान यात्रा में सहयोग सेवा और सामाजिक कार्य के लिए लाईफ टाईम अचीव मैंट अवार्ड के साथ सम्मानित किया गया ।इस मौके पर सम्मेलन में प्रोफेसर शिंदे, डाक्टर गोबिन्द , डाक्टर संजय जगताप , डाक्टर कुलकरणी प्रो रामदास बोकारे, प्रो हरविंदर कौर महाजन , प्रो रंगारी हरियाणा मराठा जगबीर तोरण एवं मराठा लखी राम भूतपूर्व सैनिक संघ पानीपत , प्रो कुलविंदर सिंह दिल्ली एवं अनेक गणमान्य लोगों ने सम्मेलन में शिरकत की ।

# आज करनाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगी आप: सुखबीर

## बेरोजगारी के कारण आत्महत्या करने को मजबूर हरियाणा के युवा: सुखबीर मलिक, युवाओं को नौकरी देने की बजाय भ्रष्टाचार में डूबी खट्टर सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत /कमाल हुसैन**




**आम आदमी** पार्टी के प्रदेश सह सचिव सुखबीर मलिक ने पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर बेरोजगारी के मुद्दे पर खट्टर सरकार को घेरा। सुखबीर मालिक ने कहा कि भाजपा सरकार में आज प्रदेश का हर युवा सड़कों पर है और बेरोजगारी के कारण त्रस्त है। बेरोजगारी के कारण युवा नशे और डिप्रेशन का शिकार हो रहा है, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। स्थिति इतनी भयावह है कि हर घर में मां बाप भी परेशान है क्योंकि उनके घर का चिराग बेरोजगारी के कारण नशे, अपराध की तरफ चल पड़ा है और आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगा है। रोजगार न मिलने से युवा अवैध तरीके से विदेश को पलायन करने को मजबूर है, जहां पर युवा अपनी जान तक गवां रहे हैं।आम आदमी पार्टी प्रदेश के युवाओं के साथ 7 फरवरी को करनाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगी और युवाओं के रोजगार की मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 2 लाख से ज्यादा स्वीकृत पद खाली पड़े हैं, जिनपर हरियाणा सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 71,000 पद शिक्षा विभाग में खाली पड़े हैं, प्रारंभिक शिक्षा विभाग में 42,000 और माध्यमिक शिक्षा विभाग में 29,000 पद खाली पड़े हैं। इसके अलावा पुलिस विभाग में 21500, परिवहन विभाग में 9339, पशुपालन विभाग में 5738, सार्वजनिक स्वास्थ्य इंनियरिंग विभाग में 5073, अग्निशमन विभाग में 3320 और चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान में 2867 पद रिक्त पड़े हैं। लेकिन भाजपा सरकार प्रदेश के युवाओं को भर्ती नहीं कर रही है। यदि सरकार इन पदों को भरे तो समस्या हल हो सकती है। परंतु खट्टर सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है, केवल भ्रष्टचार में डूबी हुई है। उन्होंने कहा कि हालात ऐसे हैं कि एचपीएससी पेपर लेता नहीं और लेता है तो पेपर लीक हो जाता है। इसके बाद मामला कोर्ट में चला जाता है और भर्ती प्रक्रिया अटक जाती है। जिस कारण अभ्यर्थी ओवरएज हो जाता है। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार में लगभग 30 बार पेपर लीक हो चुका है, जो पूरे देश में कहीं नहीं हुआ। चपरासी की एक पोस्ट निकलती है तो चार से साढ़े चार हजार युवा अप्लाई करते हैं। जिसमें मास्टर डिग्री और पीएचडी किए लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा बेरोजगारी के कारण हरियाणा में 2022-23 में 3783 युवाओं ने आत्महत्या की है, जो 2021-22 के मुकाबले में प्रति एक लाख 2.5% अधिक है। उन्होंने कहा कि जब सरकार नौकरियां नहीं दे पा रही है तो खट्टर सरकार 10,000 पढ़े लिखे युवाओं को मजदूर बनाकर इजरायल भेज रही है।

**रणनीति**

**तो खट्टर सरकार 10,000 पढ़े लिखे युवाओं को मजदूर बनाकर इजरायल भेज रही है**

# नई तकनीक सीखने व ज्ञान प्राप्त करने में नहीं करना चाहिए संकोच: राजेश सोनी

## नगराधीश राजेश सोनी का विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित

**पानीपत/कमाल हुसैन**

अधिकारी-कर्मचारियों को हमेशा अपनी ड्यूटी पर अपडेट रहना चाहिए तथा सजग व सावधान रहकर अपने-अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। स्वास्थ्य के बारे में अपने परिवार, जान-पहचान के लोगों को भी जागरूक करना चाहिए। इसके साथ-साथ अधिकारी-कर्मचारियों को नई-नई तकनीक सीखने व ज्ञान प्राप्त करने में संकोच नहीं करना चाहिए। जानकारी एवं ज्ञान सीखने की कोई उम्र नहीं होती। उक्त विचार नगराधीश राजेश सोनी ने जिला सचिवालय में कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में व्यक्त किए। उपायुक्त कार्यालय द्वारा नगराधीश राजेश सोनी का तबादला घरौण्डा एसडीएम के पद पर होने पर यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी व निष्ठा से निभाए। बड़ों का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि कार्यों में तत्परता बरते। फाइलों का शीघ्र निपटान करे। कार्यालय में आने वाले नागरिकों से मधुर व्यवहार कर उनकी समस्याओं का समाधान का अथक प्रयास करे। इस विदाई समारोह में नवनियुक्त नगराधीश टिनू पोसवाल भी उपस्थित रही। इस अवसर पर उपायुक्त कार्यालय की अधीक्षक निर्मला देवी, एएसआर कंवरभान, पवन कुमार, जगबीर पूनिया सहित अन्य कर्मचारी और अधिकारी भी उपस्थित रहे।

अधिकारियों व कर्मचारियों ने नगराधीश राजेश सोनी का सम्मान करते हुए उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

**सम्मान**

**राजेश सोनी का तबादला घरौण्डा एसडीएम के पद पर होने पर यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया**

## न्यूज फ्लैश

### एंटेरो हेल्थकेयर सॉल्यूशंस लिमिटेड का आईपीओ 09 फरवरी, 2024 को खुलेगा

**नोएडा।** एंटरो हेल्थकेयर सॉल्यूशंस लिमिटेड (कंपनी) ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम शुक्रवार, 09 फरवरी, 2024 को खोलने का प्रस्ताव रखा है। बोली/प्रस्ताव बंद होने की तारीख मंगलवार, 13 फरवरी, 2024 होगी। एंकर निवेशक बोली लगाने की तारीख बोली/प्रस्ताव खुलने की तारीख से पहले पहले एक कार्य दिवस, यानी गुरुवार, 08 फरवरी, 2024 है। ऑफर का प्राइस बैंड 1195 प्रति इक्विटी शेयर से 1258 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 11 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 11 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। ऑफर में 10,000 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू (फ्रेश इश्यू) और 47,69,475 इक्विटी शेयरों (ऑफर किए गए शेयर) तक की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। इसमें प्रभात अग्रवाल द्वारा 470,210 इक्विटी शेयर तक, प्रेम सेठी द्वारा 313,472 इक्विटी शेयर तक, ऑर्बिमेड एशिया क्र मॉरीशस लिमिटेड द्वारा 38,15,580 इक्विटी शेयर तक, चेतन एम.पी. द्वारा 4,401 इक्विटी शेयर तक, दीपेश टी. गाला द्वारा 1,320 इक्विटी शेयर तक, हेमन्त जोस बैरोस द्वारा 8,802 इक्विटी शेयर, हेमन्त जग्गी द्वारा 4,401 इक्विटी शेयर तक, के.आर.वी.एस. वरप्रसाद द्वारा 2,201 इक्विटी शेयर तक, के.ई. प्रकाश द्वारा 39,610 इक्विटी शेयर तक, लवु सहदेव द्वारा 1,320 इक्विटी शेयर तक, मनोज के संघानी द्वारा 12,103 इक्विटी शेयर तक, मिलेनियम मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 8,802 इक्विटी शेयर तक, के. नवीन कुमार गुप्ता द्वारा 2,201 इक्विटी शेयर तक, 42,250 इक्विटी शेयर तक नोवाकेयर ड्रग स्पेशलिटीज प्राइवेट लिमिटेड, पेट्रोस डायमेंनटाइड्स द्वारा 15,074 इक्विटी शेयर तक, प्रशांत रवींद्रकुमार द्वारा 13,203 इक्विटी शेयर तक, सूरज प्रकाश अत्रेजा द्वारा 1,102 इक्विटी शेयर तक, वेंकट रमना शिव कुमार यानामाडाला द्वारा 1,320 इक्विटी शेयर तक और विक्रमादित्य अंब्रे द्वारा 12,103 इक्विटी शेयर तक (सामूहिक रूप से सेलिंग शेयरधारक) (ऑफर फॉर सेल, और साथ में फ्रेश इश्यू, ऑफर)शामिल हैं।




### सीताराम जिंदल को पद्मभूषण से सम्मानित किया गया

**नोएडा।** परोपकार एवं स्वास्थ्यसेवा के क्षेत्र में एक जाना-माना नाम, डॉ. सीताराम जिंदल, को प्रतिष्ठित पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है। इस खबर से पूरे भारत में खुशी की लहर फैल गई है। यह सम्मान उन्हें अभूतपूर्व परोपकारी कार्यों के लिए दिया गया है, खासकर प्राकृतिक चिकित्सा (नेचरक्योर) के क्षेत्र में। दवारहित चिकित्सा में डॉ. जिंदल का योगदान और जिंदल नेचरक्योर इंस्टीट्यूट (जेएनआई) की स्थापना ने उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिलाया है। 1932 में हरियाणा के नालवा गांव में जन्मे डॉ. जिंदल का प्राकृतिक चिकित्सा का कार्य विश्वविद्यालय के दिनों से ही शुरू हो गया था, जब उन्हें पेट की टीबी से जूझना पड़ा था। ऐसा लग रहा था उनकी समस्या का कोई इलाज नहीं है, फिर उन्होंने एक छोटे-से प्राकृतिक चिकित्सा क्लीनिक में शरण ली। उपवास रखने, एनीमा और दूसरे अपारंपरिक तरीकों से उन्हें आराम महसूस होने लगा। इस बदलावकारी अनुभव की वजह से प्राकृतिक चिकित्सा और योग पर उनका गहरा विश्वास हो गया। एक व्यापक नैचुरोपैथी और योग अस्पताल खोलने की सोच से प्रेरित होकर डॉ. जिंदल ने साल 1977-79 में बेंगलुरू के बाहरी इलाके में एक बड़ी जमीन खरीदी। यहां से जेएनआई की नींव पड़ी, जोकि अनुसंधान विंग से परिपूर्ण था। उस समय प्रचलित पारंपरिक प्राकृतिक चिकित्सा से उलट, डॉ. जिंदल ने इस विज्ञान को आधुनिक तथा नया बनाने के मिशन की शुरूआत की। पुरानी रूढ़ियों में बंधे प्राकृतिक चिकित्सा के तौर-तरीकों में उत्साह तथा विकास की कमी को पहचानते हुए, वे दवारहित थैरेपीज को ऊपर उठाने और आगे बढ़ाने में जुट गए। डॉ. जिंदल के अथक प्रयासों ने दवारहित तरीके से स्वस्थ होने के क्षेत्र पर काफी गहरा प्रभाव डाला है। वे जेएनआई को अस्थमा, डायबिटीज, हाइपरटेंशन, आर्थराइटिस और कैंसर के कई प्रकारों सहित विभिन्न बीमारियों के उपचार में विशेषज्ञता हासिल करने वाली एक विश्व-स्तरीय फैसिलिटी के तौर पर स्थापित कर रहे हैं। 550 बिस्तरों वाला यह संस्थान उन लोगों के लिए आशा की किरण बन गया है जोकि अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए दवा-रहित विकल्पों की तलाश कर रहे हैं। अपने दूरदर्शी नेतृत्व व अनेक योगदान के लिए, डॉ. जिंदल को अटल बिहारी वाजपेयी, चंद्रशेखर, आई.के. गुजराल, एच.डी देवे गौड़ा जैसे प्रधानमंत्रियों सहित, उपप्रधानमंत्री देवी लाल और कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री रामकृष्ण हेगड़े जैसी जानी-मानी हस्तियों की ओर से तारीफें मिली हैं।



# झूठे वादे, जुमले और भ्रष्टाचार की नींव पर बनी भाजपा सरकार

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**घर-घर** कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान का मकसद हर घर और हर मतदाता तक कांग्रेस की नीतियों व संकल्पों को पहुंचाना है। साथ ही गठबंधन सरकार की वादाखिलाफी और विफलताओं के बारे में भी जन-जन को जागरूक करना है।



हरियाणा में सत्ता परिवर्तन होगा, कांग्रेस सरकार बनेगी और प्रदेश में पहले की तरह विकास का पहिया घूमेगा। आगे बोलते हुए सचिन कुंडू ने कहा कि हल्का पानीपत ग्रामीण के समस्त गांवों में किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। सड़कें टूटी हुई हैं व जगह जगह खड्डे हुए पड़े हैं, सीवरेज नहीं हैं नालियों बंद पड़ी हैं पानी रास्तों में भर रहा है, जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं जिससे कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है। जनता अपने मूलभूत अधिकारों के लिए बेहद परेशान है। परंतु सरकार ने सभी गांवों की मांगो को नजरंदाज कर दिया है । वर्तमान सरकार में किसान अत्यंत दुखी हैं, फैमली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है उद्योग जगत चौपट पड़े हैं, युवा बेरोजार सड़कों पर घूम रहे हैं। प्रदेश के हर वर्ग में इस जनविरोधी सरकार के प्रति रोष है

पानीपत ग्रामीण के सभी गांवों में हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। टूटी हुई सड़कों, खड्डे, सीवरेज, बंद नालियों, रास्तों पर भरा पानी, जगह जगह लगे गंदगी के ढेर जैसी सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। जनता अपने मूलभूत अधिकारों के लिए बेहद परेशान है कांग्रेस सरकार के नेतृत्व में सभी को सम्मान अधिकार दिए जायेंगे। किसान न्याय, मजदूर न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय और भागीदारी न्याय, हमारे यह पांच न्याय सभी के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों की नींव बनेंगे। ऐसी व्यवस्था का निर्माण करेंगे जहां अन्याय की कोई जगह नहीं होगी - न्याय सीधा आपके दरवाजे पहुंचे। लोगों को मौजूदा सरकार से अब कोई उम्मीद नहीं बची। कांग्रेस सरकार आने पर अपराधियों, माफियाओं को उनकी सही जगह यानी कानून के शिकंजे में जेल की सलाखों के पीछे पहुंचायेंगे।

# सरकार की नई कैश अवार्ड नीति से खिलाड़ियों को लाभ

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**खिलाडियों** को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार की नई कैश अवार्ड नीति के तहत ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर विगत एक अप्रैल 2019 से अब तक खेल प्रतियोगिता में पदक अर्जित किए हो उनको नई खेल अवार्ड पॉलिसी के तहत प्रथम स्थान अर्जित करने पर 25 हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 15 हजार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 10 हजार का नगद इनाम प्रदान किया जा रहा है। जिला खेल अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में विगत 1 अप्रैल 2019 से 31 जनवरी 2024 तक पदक अर्जित किया हो तथा पुरानी खेल अवार्ड पॉलिसी दिनांक 5 सितंबर 2019 के तहत लाभ प्राप्त नहीं किया हो उन्हें ही उक्त अनुसार नगद इनाम दिया जाना है। वह खिलाड़ी नगद इनाम हेतु अपने आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में शिवाजी स्टेडियम स्थित खेल कार्यालय में सुबह 9 से 5 बजे तक जमा करवा सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करवाने की अंतिम तिथि 9 फरवरी 2024 बाद दोपहर 3 बजे तक रखी गई है। इसके पश्चात किसी भी खिलाड़ी के नाम के आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

# कांग्रेस राज में सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**गाँव** बराना मे पहुचें महेन्द्र कादियान जहां पर लोगों की काफी भीड़ उमड़ी। लोगों ने महेन्द्र कादियान का बड़े ही धूम धाम से स्वागत किया। लोग महेन्द्र कादियान जी से मिलकर बहुत खुश हुए। पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से कॉंग्रेस के वरिष्ठ नेता महेन्द्र कादियान ने लोगों से बातचीत की उनकी समस्याएं भी सुनीं और महेन्द्र कादियान ने सभी लोगों से कहा की कॉंग्रेस के राज मे सभी समस्याओ का समाधान किया जाएगा। लोगों ने कहा की हम आपका साथ देंगे और अबकी बार हरियाणा मे कॉंग्रेस सरकार ही आएगी। पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से कॉंग्रेस के वरिष्ठ नेता महेन्द्र कादियान ने कहा की भाजपा सरकार से जनता बहुत तंग है हल्के मे लोगों की समस्याएं सुनने वाला कोई नहीं है । भाजपा के नेताओ को लोगों से केवल वोट चाहिए लेकिन जीतने के बाद समस्या सुनना तो दूर है कोई नेता इधर आने की भी नहीं सोचता है अगर हल्के की समस्याओ को कोई हल कर सकता है तो वो है कॉंग्रेस पार्टी और उन्होंने ये भी कहा की चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के राज मे सभी जनता बेहद खुश थी। और सभी की समस्या सुनी जाती थी जात-पात का कही भी कोई भेदभाव नहीं था। राम के नाम पर भाजपा सरकार देश को खोखला कर रही है।

# दिल्ली कूच के आंदोलन की तैयारी



**खरखौदा/सोनीपत-सोमपाल सैनी**

**13 फरवरी दिल्ली** कूच आंदोलन की तैयारी के लिए हरियाणा के तमाम जिलों में किसानों द्वारा ट्रैक्टर मार्च निकाला कर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। उसी कड़ी में खरखौदा में ट्रैक्टर मार्च निकाला गया जो बाईपास पर स्थित बरोणा चौक से शुरू होकर तहसील पर खत्म हुआ। इस ट्रैक्टर मार्च में सैंकड़ों ट्रैक्टर शामिल हुए। इसके बाद दोपहर 3 बजे गोहाना ब्लॉक के शामड़ी गाँव में सैंकड़ों किसानों की ट्रैक्टरों के साथ मीटिंग हुई जिसमें आसपास के गाँववालों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। किसान नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार पूरी तरह से कॉरपोरेट परस्त और जनविरोधी नीतियों पर काम कर रही है और 13 फरवरी का आंदोलन कॉर्पोरेट के खिलाफ निर्णायक आंदोलन होगा। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ में कल संयुक्त किसान मोर्चा (अराजनैतिक) एवम किसान मजदूर मोर्चा की मीटिंग में सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि किसी भी पार्टी के राजनेता को मंच पर बोलने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

# बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 8 फरवरी को

**हिसार: दक्षिण** हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किये गए हैं, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा हिसार जोन के तहत आने वाले जिला हिसार, भिवानी, सिरसा, जींद, चरखी दादरी और फतेहाबाद के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 8 फरवरी को प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मुख्य अभियंता/परिचालन, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, विद्युत नगर, हिसार के कार्यालय में की जाएगी।

# टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत गांव स्तर लगेंगे हैल्थ जांच कैंप: उपायुक्त

## टीबी मुक्त पंचायतों को प्रशासन करेगा सम्मानित, फरवरी के माह में हर गांव में पहुंचेगी हैल्थ विभाग की टीम

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**प्रधानमंत्री टीबी** मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने को लेकर प्रशासन ने तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। जिले के सभी गांवों में ग्राम पंचायतों के सहयोग से हैल्थ कैंप लगाये जायेंगे। इन कैंपों के माध्यमों से स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव-गांव जाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच करेगी। यह बात जिला उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया ने मंगलवार को जिला सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग एवं खंड विकास पंचायत अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही व कुछ जरूरी दिशानिर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीबी मुक्त अभियान का सपना देखा है। इस अभियान को सफल बनाना हमारी जिम्मेदारी है। इसकी शुरूआत ग्रामीण क्षेत्रों से कि जा रही है। उपायुक्त ने सभी खंड एव विकास पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिये की वे शैड्यूल बना कर ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगाना प्रारंभ करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी जयंत आहुजा ने कहा कि टीबी एक घातक संक्रमित वाली बीमारी है लेकिन यह लाईलाज नही है बल्कि इसका ईलाज प्रत्येक सामुदायिक केन्द्र और सरकारी अस्पतालों में सम्भव है। टीबी मुक्त पंचायतें करने को लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है। इस बीमारी का समय पर इलाज के ना होने से मौत भी हो सकती है। यह बीमारी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलती है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत गांव -गांव जांच करके इलाज किया जायेगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा ब्लॉक स्तर पर सीएचसी व पीएचसी में जांच कराने की सुविधा है। जो कोई भी व्यक्ति इस कार्य में टीबी रोगियों का सहयोग करेगा उसे विभाग प्रोत्साहित करेगा। टीबी के रोगियों के इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग 500 रुपये की राशि भी डाईट के रूप में प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि टीबी के रोग को ठीक करने को लेकर 6 महीने का कोर्स करना जरूरी है। इस मौके पर सीटीएम टिनू पोशवाल, संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी, डीडीपीओ सुमित चौधरी व बीडीपीओ शक्ति सिंह आदि मौजूद रहे।

# ग्रे रंग की वर्दी व नेम प्लेट के साथ नजर आएगे ऑटो चालक

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पुलिस अधीक्षक** अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस यातायात व्यवस्था को सुगम करने को लेकर लगातार सक्रिय है। इसको लेकर शहर को दो जोन में बाटकर पुलिस लोगों को बेहतर परिवहन व्यवस्था देने को लेकर प्रयासरत है। पुलिस की सकारात्मक कार्रवाई और यातायात व्यवस्था लागू करने से शहर की सड़कों को काफी हद तक जाम मुक्त करने में सफलता प्राप्त हो रही है। साथ ही शहरवासी इस व्यवस्था से काफी राहत महसूस कर रहें है। इसी कड़ी में पुलिस ने ऑटो चालकों को लेकर एक नई व्यवस्था शुरू की है। परिवहन आयुक्त के आदेशानुसार अब ऑटो चालको को लेकर नई व्यवस्था शुरू की जाएगी। यातायात उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि परिवहन आयुक्त के नए आदेशानुसार ऑटो चालकों को अब ड्रेस में रहकर काम करना होगा। ये आदेश अब पानीपत समेत पूरे प्रदेश में लागू होगें। इसको लेकर के 11 जनवरी 2024 को राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा एक पत्र जारी किया गया है। पत्र के अनुसार ऑटो चालको को अब ग्रे रंग की वर्दी पहननी होगी। साथ ही कमीज की बाई जेब के उपर नेम प्लेट लगाएगें। यह ऑटो चालकों में अनुसाशन की पालना की दृष्टि से जारी किये गए है। इनकी अनुपालना जिला यातायात प्राधिकरण करेगा।

# मेडिकल जांच कैम्प व स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया

**पानीपत/कमाल हुसैन**

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में आदर्श एक विश्वास सोसायटी के सौजन्य से महाविद्यालय के रेडक्रॉस क्लब, रेडरीबन क्लब, स्पोर्ट्स क्लब,इको क्लब,राजनीति शास्त्र विभाग, इतिहास व समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मेडिकल जांच कैम्प व स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्रोफेसर प्रिंसिपल दलजीत सिंह ने की व कार्यक्रम का संचालन ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार और नवीन मुंजाल ने किया।




कैम्प का शुभारम्भ डॉ मनीष पासी , सोहन ग्रोवर ( आयुष्मान भारत योजना)के द्वारा किया गया। नवीन मुंजाल ने बताया कि आदर्श एक विश्वास सोसायटी के यह 53 वां कैम्प लगाया गया है। आज के कैम्प में मुख्यरूप से डॉ संदीप गेरा (चमड़ी रोग विशेषज्ञ) डॉ प्रशांत शर्मा ( दंत रोग विशेषज्ञ) डॉ जोत सिंह राजा ० गुलशन अरोड़ा के द्वारा उपस्थित 300 से अधिक विद्यार्थियों व महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के स्वास्थ्य की जाँच गई। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में नशे से नाता तोड़ो जीवन से नाता जोड़ो महाविद्यालय के इको क्लब की मुहीम के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डर प्रवीन नांदल ने नशे को छोड़कर अच्छे स्वास्थ्य के लिए विद्यार्थियों को गलत खानपान का सेवन ना करके घर के खाने के बारे में कहा।

मेडिकल कैम्प में मंच का संचालन दलजीत कुमार ग्रीनमैन रेडक्रॉस व इको क्लब प्रभारी के द्वारा करते हुए बताया कि आने वाले समय में पानीपत में हर घर नैनो हर्बल गार्डन अभियान चलाकर लोगो को पर्यावरण व स्वास्थ्य बारे जागरूक किया जाएगा। वही आदर्श एक विश्वास से नवीन मुंजाल, कशिश ढिंगरा, अशोक कालडा ने बताया कि इस तरह के मेडिकल कैम्प ० जागरूकता कैम्प का आयोजन पानीपत के हर स्कूल कॉलेज में किया जाएगा कैम्प में सिविल हॉस्पिटल से आये डॉ मनीष पासी और सोहन सिंह ग्रोवर ने उपस्थित छात्रों को आयुष्मान योजना ने बारे में अवगत कराया इस मोके पर कॉलेज के कार्यवाहक प्रिंसिपल दलजीत सिंह, प्रोफेसर दलबीर देसवाल, प्रोफेसर सोनिया, प्रोफेसर नरेश कुमार, प्रोफेसर स्नेहलता, हेमलता, तकदीर सिंह,परवीन रोहिल्ला उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार का चारों तरफ बोलबाला है

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पूर्व** मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा व दीपक बावरिया, उदयभान के निर्देश से हरियाणा में चलाए जा रहे। अभियान घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस के तहत लगातार दो दिन में पानीपत ग्रामीण की एक दर्जन कॉलोनीयों में तूफानी दौरे के तहत उझा रोड़ स्थित शक्ति विहार कॉलोनी, एकता विहार कॉलोनी, उझा गेट जिम, सांइ कॉलोनी, सनोली रोड़ स्थित ऋषिकुल स्कूल के पास विद्यानंद कॉलोनी, लक्षद्वीप स्कूल के पास विद्यानंद कॉलोनी, डीसीएम स्कूल के पास विद्यानंद कॉलोनी, नूरवाला स्थित विजयनगर, दीनानाथ कॉलोनी, मोतीराम कॉलोनी, धमिजा कॉलोनी। करनाल लोकसभा से भाई चाणक्य पंडित व ग्रामीण से महिपाल सूबेदार ने दौरा कर स्भावो को संबोधित किया वहीं साथ ही घर-घर जाकर लोगों से अपील कि कांग्रेस पार्टी के साथ ज्यादा संख्या में जुड़ने की अपील की अपने संबोधन में चाणक्य पंडित जी ने कहा कि भ्रष्टाचार चारों तरफ बोलबाला है।



आए दिन लुट खसोट की घटनाएं बढ़ रही हैं नई-नई घटनाएं शहरों में सुनने को मिलती हैं जैसे छीना झपटी की, चैन स्केचिंग, की दुकानों के शटर तोड़ने की आम बात हो चुकी है पुलिस का ध्यान चालान काटने में ज्यादा और इस तरह की घटनाएं रोकने में ध्यान कम है।

# लोकतंत्र सेनानी संघ ने सम्मान समारोह का किया आयोजन









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोकतंत्र** सेनानी संघ दिल्ली प्रदेश के तत्वाधान में लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लोकसभा सांसद कैलाश सोनी और संघ के महामंत्री व राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत का नागरिक अभिनंदन दिल्ली प्रदेश लोकतंत्र सेनानी संघ द्वारा किया गया। मॉडल टाउन स्थित विजय नगर में रहने वाले व लोकतंत्र प्रहरी संघ दिल्ली अध्यक्ष हरीश असड़ी ने कहा कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकारों ने जो सम्मान निधि लोकतंत्र सेनानियों को देनी बंद की थी उसको फिर से चालू करवाने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोकतंत्र सेनानी संघ के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष राजन ढींगरा, लोकतंत्र प्रहरी संघ के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हरीश असड़ी ने दोनों नेताओं का स्वागत किया। इस मौके पर हरीश असड़ी ने बताया कि दिल्ली लोकतंत्र सेनानी संघ द्वारा 1975 को और 1977 तक जो लोग दिल्ली के मीसा के अंदर बंद रहे उनके सम्मान में दिल्ली में कार्यक्रम करने का भी प्रस्ताव पास हुआ। इस मौके पर सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि जिन राज्य में सम्मान निधि चालू नहीं है उन राज्यों मे भी बहाल करने के लिए कोशिश जारी रहेगी।

इस दौरान महंत राजकुमार, शिव चरण योगी, महेश श्रीवास्तव राष्ट्रीय अध्यक्ष और कैलाश सोनी ने अपने विचार रखे।

## धूमधाम से मनाया गया डा. काकरान का जन्मदिन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मंगोलपुरी** क्षेत्र स्थित संजय गांधी स्मारक अस्पताल में मेडिकल सुपरीटेंडेंट डा. एस के काकरान का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से आयोजित किया गया। इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। अपने जन्मदिन के मौके पर डा. काकरान ने अस्पताल के सभी डाक्टरों व अन्य कर्मचारियों का अभिवादन करते हुए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अस्पताल के डीएमएस डा. एम दास, डा. ब्रिजेश, डा. विजय मोहन अग्रवाल, डा. एम शुक्ला, डा. महिपाल डबास सहित अस्पताल यूनियन के चैयरमेन बुद्धराम, महासचिव जोगिंदर सिंह, प्रधान मनोज मिश्रा, उपाध्यक्ष कुलदीप, कोषाध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज सहित अस्पताल के सभी डाक्टर व कर्मचारियों ने डाक्टर काकरान को फूलमाला पहनाकर उनकों जन्मदिन की बधाई दी व स्वस्थ जीवन की कामना की।

इस मौके पर प्रांगण में मौजूद मंदिर में पूजा की गई, तत्पश्चात मरीजों व उनके तिमारदारों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया।

## सुल्तानपुर माजरा में मंडल बूथ बैठक का हुआ आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जैसे-जैसे लोकसभा और विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहें है वैसे-वैसे चुनावी सरगर्मी भी तेजी से बढ़ रही है और सभी पार्टियां अपने-अपने स्तर पर बैठके कर रही है।

इसी बीच सुल्तानपुर माजरा विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वार्ड नंबर-42 में विधानसभा उपाध्यक्ष व मंडल प्रभारी रीयाजूद्दीन खान की अध्यक्षता में मंडल की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान मंडल अध्यक्ष, गीता, मंडल संगठन मंत्री मेघ सिंह सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस मौके पर खान ने बताया कि बैठक में आगामी चुनाव को लेकर पार्टी को कैसे और मजबूत किया जाए, केजरीवाल सरकार की योजनाओं को कैसे जन-जन तक पहुंचाया जाए, ऐसे कई मुद्दों को लेकर चर्चा हुई।

## धूमधाम से मनाया गया समाजसेवी मोहित गुप्ता का जन्मदिन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी** दिल्ली की प्रमुख सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था नरेला चेतना मंच ने संस्था महासचिव मोहित गुप्ता का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियो ने सब की मौजूदगी में पुष्पगुच्छ, सुंदर उपहार भेंटकर केक कटवाकर मोहित गुप्ता को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी और भगवान से उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। नव चेतना मंच के महासचिव व युवा समाजसेवी मोहित गुप्ता के जन्मदिन के अवसर पर सोमवार को कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। क्षेत्र की कई सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं ने युवा समाजसेवी मोहित गुप्ता के जन्मदिन पर कार्यक्रम का आयोजन कर जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया। मोहित गुप्ता के जन्मदिन के अवसर पर नरेला के मंगला चौक स्थित उनके आवास पर सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। जिसमें बड़ी संख्या में धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी, सगे संबंधियों, राजनीति से जुड़े दिग्गजों ने माल्यार्पण कर सुंदर उपहार भेटकर मोहित गुप्ता को जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान नवचेतना मंच ने संस्था महासचिव मोहित गुप्ता के जन्मदिन के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन कर मोहित गुप्ता का जन्मदिन बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। युवा समाजसेवी मोहित गुप्ता ने सबकी मौजूदगी में केक काटकर जन्मदिन की खुशियां मनाई और सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेरे जन्मदिन के अवसर पर आप सभी लोगों ने जो स्नेह, दुलार और अपनेपन से ओतप्रोत शुभकामनाएं व बधाई मुझे दी हैं, मैं बहुत खुशी के साथ आप सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं और आशा करता हूं कि आप सभी का स्नेह, प्यार और आशीर्वाद मुझ पर हमेशा बना रहेगा। इस दौरान दावत पार्टी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नव चेतना मंच के प्रधान मनोज बंसल, चेयरमेंन संजय बंसल, वाइस चेयरमैन आनंद खत्री, उपप्रधान कपिल भारद्वाज, उपप्रधान प्रमोद नरवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## यादव महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने विजेन्द्र यादव व साहिल यादव बने युवा प्रकोष्ठ सचिव





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतवर्षीय यादव महासभा दिल्ली प्रदेश की बैठक का आयोजन दिल्ली के बेगमपुर स्थित आईपी पब्लिक स्कूल में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष जय भगवान यादव ने की, तो वहीं मंच का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश संजीव यादव ने अपने अनोखे अंदाज में किया। इस अवसर पर समाज को मजबूत करने पर जहां एक ओर विशेष रूप से चर्चा की गई। वहीं संगठन का विस्तार भी किया गया। इस बैठक में दिल्ली प्रदेश टीम का विस्तार करते हुए कई पदाधिकारियो के नामों की घोषणा की गई। इस दौरान बादली गांव के विजेन्द्र यादव को दिल्ली प्रदेश में वरिष्ठ उपाध्यक्ष और साहिल यादव को युवा प्रकोष्ठ में प्रदेश सचिव पद की जिम्मेवारी सौंपी गई। इसके अलावा भी कई पदाधिकारियो की घोषणा की गई। इस अवसर पर नवनियुक्ति वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जय भगवान यादव और कार्यकारी अध्यक्ष संजीव यादव का धन्यवाद किया और कहा कि आज जो मुझे अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा दिल्ली प्रदेश के द्वारा जो ज्मिमेवारी सौंपी गई है, उसे मैं कर्तव्य निष्ठा के साथ निभाउंगा और संगठन को मजबूत करने की पूरी कोशिश करूगां। इस अवसर पर साहिल यादव ने भी प्रदेश अध्यक्ष व कार्यकारी अध्यक्ष का धन्यवाद किया और कहा कि मैं संगठन की नीतियों व कार्यों को जन-जन तक पहुंचाते हुए यादव समाज को जागरूक और मजबूत करने का कार्य करूगां। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

# एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर मंडी में जाम की समस्या से लोग हुए परेशान







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एशिया** की सबसे बड़ी आजादपुर सब्जी व फल मंडी में बेशक एलजी का दौरा हो चुका है, लेकिन न तो सफाई व्यवस्था में सुधार हुआ है और न ही जाम की समस्या हल हो पाई है, जिस कारण से आजादपुर मंडी में आने वाले लोगों को परेशान होना पड़ता है।

मंगलवार को आजादपुर मंडी के गेट और अन्दर जाम होने की वजह से यहां पर आने-जाने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**जाम में फंसे रहे लोग:** मंगलवार को मंडी में अधिक जाम होने की वजह से मंडी में आने वाले लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

**जगह-जगह लगे कूड़े के ढ़ेर:** एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर मंडी में समय से सफाई न होने की वजह से जगह-जगह गंदगी का ढ़ेर लगा हुआ है, जिसके चलते लोग परेशान होते है।

**मंडी में गाय किसकी, प्रशासन क्यों नहीं कर रहा कर्रवाई:** आजादपुर मंडी के प्रसिद्ध व्यापारी व युवा नेता पंकज भरेजा ने कहा कि आजादपुर मंडी में जगह-जगह गाय का झुंड देखा जा सकता है, यह गाय किसकी है और इस पर प्रशासन क्यों कार्रवाई नहीं कर रहा है। यह विषय गंभीर है।

**अखिर कब होगा मंडी की समस्याओं का समाधान:** युवा नेता पंकज भरेजा ने कहा कि प्रशासन को मंडी की समस्या पर ध्यान देना चाहिए। जिससे की यहां पर आने वाले लोगों को परेशान न होना पड़े।

## आजादपुर मंडी की समस्याओं के हल पर ध्यान दें प्रशासनः पंकज भरेजा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मंडी** की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए आजादपुर मंडी के प्रसिद्ध व्यापारी व युवा नेता पंकज भरेजा ने कहा कि आजादपुर मंडी में जाम, गंदगी होना और पशुओं का झुंड होना आम बात हो गई है, लेकिन मंडी प्रशासन इन समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेता है, जिस कारण से मंडी में आने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

श्री भरेजा ने कहा कि आज मंगलवार को एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर मंडी में आने वालो लोगों को भंयकर जाम की समस्या से जूझना पड़ा। साथ ही आजादपुर मंडी में जगह-जगह कूड़े के ढ़ेर लगे हुए है। अगर समय से आजादपुर मंडी में सफाई होती तो गंदगी के ढ़ेर इस प्रकार से नहीं होते। उन्होंने कहा कि मंडी प्रशासन को मंडी की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना होगा। साथ ही पंकज भरेजा ने कहा कि आजादपुर मंडी में अगर आप आ रहे है तो आप गंदगी और जाम की समस्या से तो जूझ ही रहे है साथ ही आपको आवारा पशुओं का भी खतरा है, इनके कारण कई बार लोग चोटिल भी हो चुके हैं, क्योंकि आजादपुर मंडी में जगह-जगह गाय के झुंड देखे जा सकते हैं, लेकिन यह गाय किसकी है और प्रशासन इनके मालिकों पर क्यों नहीं कार्रवाई करता है। उन्होंने कहा कि आजादपुर मंडी में जो भी गाय है इन्हें यहां से उठवाकर डेरी या गऊशाला में भेजा जाये, जिससे की मंडी में आने वाले लोगों को गाय के झुंड से राहत मिल सके।

# सूरजकुंड मेला में धूम मचा रही प्रसिद्ध शिल्पकार राजेंद्र बोंदवाल की कृतियां

**शिल्प मेला**

**वर्ष 2015 में तत्कालीन राष्ट्रपति से शिल्पगुरू अवार्ड से सुशोभित हो चुके हैं बोंदवाल**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई दशक से बहादुरगढ़ हरियाणा का विख्यात हस्त शिल्पी राजेंद्र बोंदवाल का परिवार हस्तशिल्प के क्षेत्र में धूम मचा रहा है। चंदन, कदम और अन्य उमदा किस्म की लकड़ी पर हस्त कारीगीरी में निपुण बोंदवाल परिवार ने पारंपरिक कला को आगे बढ़ाने का काम किया है। 37 वें अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में शिल्पी राजेंद्र बोंदवाल की कृतियां मेला देखने आए पर्यटकों पर अनूठी छाप छोड़ रही हैं।

आपको बता दें कि जिला झज्जर के शहर बहादुरगढ के विख्यात शिल्पी राजेंद्र बोंदवाल को इस बार सूरजकुंड मेले में स्टॉल नंबर-1245 अलाट हुई है, जिस पर दिनभर कला प्रेमियों का तांता लगा रहता है। इस स्टाल पर चंदन और दूसरी लकड़ी से बने लाकेट, ब्रेसलेट, मालाएं, खिलौने, जंगली जानवरों की कृतियां, देवी-देवताओं की आकर्षक मूर्तियां उपलब्ध हैं। मेला में पहुंचे पर्यटक दिल्ली निवासी अशोक वत्स, ओजस्वी, नेहा आदि ने बताया कि बोंदवाल परिवार की स्टॉल पर एक से बढकर एक कलाकृतियां मौजूद हैं। भारत सरकार द्वारा हरियाणा में अभी आधा दर्जन से ज्यादा शिल्पियों को राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा जा चुका है, इनमें चार पुरस्कार अकेले बोंदवाल परिवार के खाते में हैं। शिल्पकार राजेंद्र बोंदवाल ने बताया कि उनके भाई महाबीर प्रसाद के बेटे चंद्रकांत को साल 2004 में सरकार द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया, जबकि 1979 में उनके भाई महाबीर प्रसाद को, 1996 में उनके पिता जयनाराण बोंदवाल तथा 1984 में राजेंद्र बोंदवाल भी राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत हो चुके हैं। वहीं शिल्पी चंद्रकांत को सूरजकुंड मेला प्राधिकरण की ओर से साल 2005 में कलामणि तथा 2009 में कलानिधि पुरस्कार व वन पीस अंडर कट पैरेट बनाने के लिए सम्मानित किया जा चुका है। बकौल राजेंद्र बोंदवाल आज आधुनिकता की दौड़ में कलाकृतियों की डिमांड अकेले भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी है।

-लकड़ी के फ्रेम पर चिडि?ा व फूल पत्ती बनाने के लिए मिला सम्मान सूरजकुंड मेला परिसर में अपनी शिल्प कला का जादू बिखेर रहे प्रसिद्ध शिल्पकार राजेंद्र बोंदवाल वर्ष 2015 में तत्कालीन माननीय राष्ट्रपति से शिल्प गुरू अवार्ड प्राप्त कर चुके हैं।

# आप कार्यकर्ताओं को पुलिस से धमकियां मिल रही : अनुराग ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने मंगलवार को बयान जारी कर खट्टर सरकार पर सात फरवरी को करनाल में मुख्यमंत्री आवास पर होने वाले आम आदमी पार्टी के प्रदर्शन को रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आम आदमी को के आह्वान पर हरियाणा के युवा सात फरवरी को मुख्यमंत्री खट्टर के आवास पर करनाल पहुंच रहे हैं। इस दौरान वे सवाल उठाएंगे कि जो रोजगार युवाओं के लिए हरियाणा में होना चाहिए था वो कहां है? 2 लाख सरकारी नौकरी खाली क्यों पड़ी हैं? लेकिन पता नहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री खट्टर हरियाणा के युवाओं से इतना क्यों डरते हैं।



उन्होंने कहा सीएम खट्टर युवाओं के सवालों से इतना डरते हैं कि उनके सवालों का सामना करने की बजाय अभी से आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं को पूरे हरियाणा भर में पुलिस से धमकियां मिलनी शुरू हो गई हैं कि उनको करनाल प्रदर्शन में नहीं जाना है और मुख्यमंत्री से सवाल नहीं पूछना है। पुलिस वाले ही हमें सूचना दे रहे हैं कि कल आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को करनाल नहीं पहुंचने दिया जाएगा, पुलिस रास्ते में ही गिरफ्तार कर लेगी।

उन्होंने कहा मैं मुख्यमंत्री खट्टर से पूछना चाहता हूं कि आपको युवाओं के सवालों से इतना डर क्यों लगता है? आपने खुद ही कहा था कि साल 2023 में 50,000 नौकरियां देंगे। हरियाणा के युवा आपसे वही हिसाब मांगने तो आ रहे हैं। यदि आपके पास हिसाब है तो वो निकाल कर दे दीजिए, यदि आपने नौकरी नहीं दी तो युवा को सवाल पूछने का अधिकार तो है।उन्होंने कहा युवा पूछना चाहता है कि हरियाणा में बार बार पेपर लीक क्यों हो रहे हैं? जो दो लाख सरकारी नौकरियां पड़ी हैं उनको क्यों नहीं भरते? ग्रुप सी और डी की जो 50,000 नौकरी देने की बात आपने की थी वो कहां है? ग्रुप सी का मामला अभी भी कोर्ट में फंसा है, सरकार अर्ली हायरिंग क्यों नहीं करवाती? मुख्यमंत्री खट्टर को इन सभी सवालों का जवाब देना पड़ेगा।

# पगड़ी बंधाओ के साथ हुक्का विद सेल्फी से आकर्षित हो रहे पर्यटक

**क्राफ्ट मेला**

**सांस्कृतिक प्रदर्शनी में हरियाणवी पगड़ी के प्रति मेला में आने वाले पर्यटकों का पूरा फोकस बना हुआ है।**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
37वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेले में विरासत सांस्कृतिक प्रदर्शनी में हरियाणवी पगड़ी के प्रति मेला में आने वाले पर्यटकों का पूरा फोकस बना हुआ है। पगड़ी बंधवाने के साथ-साथ हुक्का के साथ सेल्फी लेने के लिए दिनभर पर्यटकों में होड़ सी लगी रहती है। हरियाणा का आपणा घर में विरासत की ओर से जो सांस्कृतिक प्रदर्शनी लगाई गई है, वहां पर पगड़ी बंधाओ, फोटो खिंचाओ के माध्यम से बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हरियाणा की पगड़ी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। इस विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए निदेशक विरासत डा. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा की पगड़ी को अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेले में खूब लोकप्रियता हासिल हो रही है। पर्यटक पगड़ी बांधकर हुक्के के साथ सेल्फी, हरियाणवी झरोखें से सेल्फी, हरियाणवी दरवाजों के साथ सेल्फी, आपणा घर के दरवाजों के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से हरियाणा की लोक सांस्कृतिक विरासत खूब लोकप्रियता हासिल कर रही है। डा. पूनिया ने बताया कि मेला के दूसरे दिन भारत के उपराष्ट्रपति माननीय जगदीप धनखड़ की धर्मपत्नी श्रीमती सुदेश धनखड़ भी मेला अवलोकन के दौरान हरियाणवी पगड़ी बंधवा चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि लोकजीवन में पगड़ी की विशेष महत्ता है। पगड़ी की परंपरा का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है।

पगड़ी जहां एक ओर लोक सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ी हुई है, वहीं पर सामाजिक सरोकारों से भी इसका गहरा नाता है। हरियाणा के खादर, बांगर, बागड़, अहीरवाल, बृज, मेवात, कौरवी क्षेत्र समेत सभी क्षेत्रों में पगड़ी की विविधता देखने को मिलती है। प्राचीन काल में सिर को सुरक्षित ढंग से रखने के लिए पगड़ी का प्रयोग किया जाता रहा है। पगड़ी को सिर पर धारण किया जाता है। इसलिए इस परिधान को सभी परिधानों में सर्वोच्च स्थान मिला है। पगड़ी को लोकजीवन में पग, पाग, पग्गड़, पगड़ी, पगमंडासा, साफा, पेचा, फेंटा, खण्डवा, खण्डका, आदि नामों से भी जाना जाता है, जबकि साहित्य में पगड़ी को रूमालियो, परणा, शीशकाय, जालक, मुरैठा, मुकुट, कनटोपा, मदील, मोलिया और चिंदी आदि नामों से जाना जाता है। वास्तव में पगड़ी का मूल ध्येय शरीर के ऊपरी भाग (सिर) को सर्दी, गर्मी, धूप, लू, वर्षा आदि विपदाओं से सुरक्षित रखना रहा है, किंतु धीरे-धीरे इसे सामाजिक मान्यता के माध्यम से मान और सम्मान के प्रतीक के साथ जोड़ दिया गया, क्योंकि पगड़ी सिरोधार्य है। यदि पगड़ी के अतीत के इतिहास में झांक कर देखें, तो अनादिकाल से ही पगड़ी को धारण करने की परम्परा रही है। फिलहाल मेला परिसर में आपणा घर में सजी विरासत प्रदर्शनी हर पर्यटक को हरियाणवी संस्कृति का संदेश दे रही है।

## भाजपा पंचकूला ने जारी की नए ज़िला पदाधिकारियों की सूची

**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला**
लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा पंचकूला ने जारी की नए ज़िला पदाधिकारियों की सूची। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष नायब सेनी जी व प्रदेश नेतृत्व से विचार विमर्श कर अपनी नई जिला टीम की घोषणा कर दी। नई सूची में पुराने चेहरों के साथ कुछ नए चेहरे शामिल किए गए हैं। सूची जारी होने के बाद से लोगों ने पदाधिकारियों को बधाई देनी शुरू कर दी।मीडिया प्रमुख नवीन गर्ग ने बताया कि जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने अपनी जिला टीम की सूची में हरेंद्र मलिक, संजीव कौशल, सतपाल गुप्ता, धरमपाल राणा, पूनम कोहली व वंदना गुप्ता को उपाध्यक्ष बनाया गया है

# समालखा के विधायक के भाई को मांगों का दिया गया ज्ञापन

**प्रदर्शन**

**कार्यकारी अधिकारी यू एच बी एन डिवीजन समालखा के कार्यालय के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया**

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा 6 फरवरी ( कुलदीप सिंह )**
समालखा रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला पानीपत में कार्यकारी अधिकारी यू एच बी एन डिवीजन समालखा के कार्यालय के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया जिस की अध्यक्षता जिला प्रधान बलवान सिंह ने की और मंच का संचालन जिला सचिव भले राम शर्मा ने किया जिला प्रधान बलवान सिंह ने बताया की समालखा के रिटायर्ड



कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से एजेंडा देकरअवगत करवाया इसके बाद19 जनवरी को भी नोटिस देकर अवगत कराया था उन्होंने बताया कि जिला कमेटी को बुलाकर उनकी समस्याओं का निमटारा किया जाए लेकिन एक्ससियन समालखा ने को भी जबाब नही दिया और ना कोई मीटिंग लेकर समस्या का समाधान करने की कोशिश की और रिटायर कर्मचारियों की समस्याओं का निपटारण नहीं करना चाहते बल्कि सीनियर सिटीजन और रिटायर कर्मचारियों को परेशान करना चाहते हैं प्रीतम रावल उपप्रधान ने बताया की जनवरी2016 से पहले रिटायर्ड कर्मचारियों का पेंशन संसोंधन कार्य नहीं किया जनवरी 2020 से जुलाई 2021 के बीच में जो भी रिटायर हुए कर्मचारियों को डी ए का भुगतान नहीं किया गया इसके अलावा रिटायर्ड कर्मचारियों का 572519 रुपए नाजायज इन्कमटैक्स काट कर ताना शाह का सन्देश दिया है हमारी मांग है की रिटायर्ड कर्मचारीयों को ब्याज

# मेले की चौपाल कलाकारों के हुनर को प्रदर्शित करने का एक अच्छा मंच

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
37वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला केवल हस्तशिल्प व कलाकृतियों के लिए ही प्रसिद्ध नहीं है अपितु यहां पर स्थापित चौपालों पर हर रोज दिनभर देश व विदेश के विख्यात कलाकार अपनी कला के हुनर का प्रदर्शन करते हुए देखे जा सकते हैं। चौपाल कलाकारों के हुनर को प्रदर्शित करने का एक अच्छा मंच है। मेले की बडी चौपाल व छोटी चौपाल के नजदीक से गुजरने वाले पर्यटक कलाकारों के बेहतरीन प्रदर्शन को देख व सुनकर उनकी ओर जाने से अपने



आप को रोक नहीं पाते हैं। मंगलवार को भी देश व विदेश के आर्टिस्टों ने छोटी चौपाल पर अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। घाना के कलाकारों ने अपने देश को आजादी मिलने पर मनाई गई खुशहाली को गीत व नृत्य का संगम बनाकर प्रदर्शित करके छोटी चौपाल पर रंग जमा दिया।

# 37वें सूरजकुंड अन्तर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में दी जा रही है विशेष सहायता : डीसी




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में उपायुक्त एवं जिला रैडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष विक्रम सिंह के निदेर्शानुसार उनके कुशल मार्गदर्शन में मेला आने वाले दिव्यांगजन पर्यटकों की सहायता के लिए व्हीलचेयर व प्राथमिक उपचार सहायता की व्यवस्था की गई है।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि वीआईपी विजिटर गेट और गेट नंबर-4 के निकट स्टाल नंबर-102ए पर व्हीलचेयर व प्राथमिक उपचार सहायता की व्यवस्था की गई है।

जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव बिजेन्द्र सौरोत ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 37 वें सूरजकुंड अन्तर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में आने वाले दिव्यांगजन पर्यटकों को व्हीलचेयर की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके अलावा यदि कोई दिव्यांगजन मेले में अकेले ही घूमने आए है, तो जिला रैडक्रॉस सोसायटी के स्वयं सेवकों द्वारा उन्हें पूरे मेले में घूमाने की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

जिला रैडक्रॉस सोसाइटी के सचिव बिजेन्द्र सौरोत ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि अब तक पिछले पांच दिनों से कई दिव्यांगजनो को व्हीलचेयर की सहायता उपलब्ध करवाई गई है और इसके साथ-साथ नर्सिंग स्टॉफ द्वारा 67 लोगों को प्राथमिक उपचार की सहायता भी प्रदान की जा चुकी है। दिव्यांगजन की सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबर-8285240120 भी जारी किया गया है। यदि किसी भी दिव्यांगजन को व्हीलचेयर की व्यवस्था में कोई दिक्कत या अन्य समस्या आ रही है वह इस नंबर पर तुरंत संपर्क कर सकते हैं। इस पूरे कार्य मे जिला रैडक्रॉस सोसाइटी के स्वयं सेवक निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

ये स्वयं सेवक दिव्यांगजनों की कर रहे हैं सहायता

जिला रैडक्रॉस सोसायटी के स्वयं सेवकों में हिमांशु भट्ट, हरेंद्र, रितिक, अनीश, अल्पना, प्रिया, श्वेता व जिला रैडक्रॉस सोसाइटी से विपुल शर्मा और अरविंद शर्मा अपनी सेवाएं दे रहे है।

## 09 से 11 तक आयोजित किया जाएगा सांसद खेल महोत्सव का तीसरा संस्करण : डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि जिला फरीदाबाद में सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य लोकसभा क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभाओं को बेहतरीन मंच प्रदान करना है। उन्होंने फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के खिलाडि?ों से आह्वान किया है कि प्रत्येक खिलाड़ी इस खेलकूद प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी अवश्य करे।

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि यह सांसद खेल महोत्सव आगामी 09 से 11 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस खेल महोत्सव को इस बार अनोखे भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा और पिछले वर्षों की अपेक्षा अधिक खिलाड़ी इसमें अपनी हिस्सेदारी करेंगे। सांसद खेल महोत्सव में इस बार विभिन्न प्रकार के 13 खेलों की प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। ऐसे में खिलाडि?ों की संख्या छह हजार से ज्यादा रखने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए स्थान, नोडल अधिकारी व अन्य व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएंगी। वहीं प्रत्येक खेल के साथ उसकी एसोसिएशन को भी जोड़ा गया है। डी.सी. ने बताया कि इस बार के सांसद खेल महोत्सव में स्मैशिंग वॉलीबॉल, हॉकी, टेबल टेनिस, शूटिंग वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, खो-खो, नेशनल कबड्डी, सर्कल कबड्डी, फुटबॉल, कुश्ती, पैरा बैडमिंटन खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

# गांव चलो अभियान को लेकर भाजपा की मंडलों में कार्यशालाएं आज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
6 फरवरी। भाजपा मिशन 2024 के तहत हरियाणा की 10 की 10 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने की तैयारियों में जुटी हुई है। बूथ सशक्तिकरण के जरिए बीजेपी ने अभेद्य व्यूह रचना तैयार की है। इसी के तहत गांव चलो अभियान को लेकर बूथ पर पहुंचने से दो दिन पहले बुधवार को हरियाणा भाजपा की 311 मंडलों में कार्यशाला का आयोजन होगा। जो पदाधिकारी मंडल की कार्यशाला में प्रशिक्षण देंगे, उनका फरीदाबाद के सूरजकुंड में 3 फरवरी को प्रशिक्षण पहले ही हो चुका है। सूरजकुंड में खुद मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब और प्रदेश



अध्यक्ष नायब सैनी प्रदेश पदाधिकारियों की कार्यशाला में मौजूद रहे थे।

प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के निदेर्शानुसार अब 7 फरवरी को सभी 311 मंडलों में प्रशिक्षण की तैयारी कर ली गई है। सभी मंडलों में प्रशिक्षण देने वाले पदाधिकारी का नाम तय कर लिया गया है। जो बुधवार को मंडल कार्यशाला में बताएंगे कि बूथ पर 24 घंटे

**प्रशिक्षण**

**नायब सैनी के निदेर्शानुसार 7 फरवरी को सभी 311 मंडलों में प्रशिक्षण की तैयारी कर ली गई है**

बिताने वाले कार्यकर्ता को क्या-क्या काम करने हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के मुताबिक मंडल कार्यशालाओं के बाद प्रशिक्षित कार्यकर्ता 9 और 10 फरवरी को बूथों पर 24 घंटे का प्रवास करेंगे और लोगों को सरकार की योजनाओं के विषय में बताते हुए उनको योजनाओं का लाभ दिलाने में भी सहयोग करेंगे। चार चरणों में चलने वाले इस अभियान के दौरान प्रवासी कार्यकर्ता हर बूथ पर कार्यकताओं के साथ बैठक भी करेंगे और बूथों की विस्तारपूर्वक जानकारी लेंगे। प्रवास के दौरान सामाजिक और धार्मिक लोगों से मुलाकात, गांव, शहर व कस्बों के प्रमुख लोगों से संवाद करेंगे। प्रवास के दौरान कार्यकर्ता मंदिर, गुरूद्वारा, शहीद स्मारकों पर सफाई अभियान भी चलाएंगे।

मंडल स्तरीय कार्यशाला में प्रशिक्षित पदाधिकारी कार्यकताओं को बूथ मजबूत करने और चुनाव जीतने का मंत्र देंगे ताकि आने वाले चुनावों के दौरान कोई बूथ कमजोर ना रह सके। भाजपा का टारगेट हरेक बूथ पर से 51 प्रतिशत से ज्यादा मतों को हासिल करना है।

# सूरजकुंड मेले का आयोजन चल रहा है शांतिपूर्वक, सुरक्षा भी है चाक-चौबंद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
पुलिस आयुक्त राकेश आर्य के मार्गदर्शन और डीसीपी मेला अमित यशवर्धन की क्लोज मॉनिटरिंग और पुलिस की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बलबूते मेला शांतिपूर्ण चल रहा है। सूरजकुंड मेले में फरीदाबाद पुलिस व अन्य जिलों से आई पुलिस फोर्स ने मेले की सुरक्षा चौक बंद रखी है। सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने पूरे अनुशासन व लगन के साथ अपनी ड्यूटी निभाई और सभी अपने-अपने निर्धारित ड्यूटी पॉइंट पर मुस्तैद रहे हैं। फरीदाबाद पुलिस व अन्य जिलों से आई पुलिस फोर्स के करीब 2,000 पुलिस कर्मी मेले की सुरक्षा व्यवस्था व यातायात व्यवस्था में



तैनात किए गए हैं और 625 से अधिक हाई क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मेले में आने वाले हर व्यक्ति की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। क्राइम ब्रांच और महिला पुलिस द्वारा सादी वर्दी में नजर रखी जा रही है। इसके अलावा ड्रोन के माध्यम से भी मेला क्षेत्र की मैपिंग की जा रही है। मेले में आने वाले आगंतुकों की सहुलियत व मेले की अन्य परिस्थितियों को मध्यनजर रखते हुए भी समय-समय पर सुरक्षा व्यवस्था में बदलाव किया जाता रहेगा। जैसा कि विदित है कि सूरजकुंड में 2 फरवरी से 18 फरवरी तक लगने वाले सूरजकुंड मेले का शुभारंभ भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपति मुर्मू के कर कमलों से शुभारंभ हुआ था। इस अवसर पर हरियाणा के माननीय राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय, माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा श्री मनोहर लाल, मंत्रीगण विधायक व चीफ सेक्रेटरी श्री संजीव कौशल हरियाणा पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर टूरिज्म सेक्रेटरी एमडी सिन्हा, पुलिस कमिश्नर राकेश आर्य, डीसी विक्रम सिंह, नीरज कुमार , उमाशंकर भारद्वाज, हरेंद्र यादव सहित हरियाणा व भारत सरकार के संबंधित विभागों के उच्च अधिकारी व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे थे।

मेले में आगुंतकों की सुविधा के मद्देनजर पुलिस कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसका हेल्पलाइन नंबर 0129-2988976 है। इस हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करके कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की पुलिस मदद व आपात स्थिति में संपर्क करके पुलिस सहायता प्राप्त कर सकता है और खोया पाया काउंटर पर अपनी कोई वस्तु या व्यक्ति मिसिंग होने की सूचना दे सकता है या आपको कोई वस्तु या व्यक्ति लावारिस मिलता है तो उसके बारे में इस काउंटर पर सूचना दे सकता है। इसके अलावा किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या संदिग्ध व्यक्ति के बारे में मेला पुलिस कंट्रोल रूम या काउंटर के आस पास मौजूद नजदीकी पुलिसकर्मी को सूचना देकर मेले को शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित करवाने में फरीदाबाद पुलिस का सहयोग करें।

# राष्ट्रीय भवन निर्माण सामग्री परिषद और श्री विश्वकर्मा कौशल विवि के बीच हुआ समझौता

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय सीमेंट और भवन निर्माण सामग्री परिषद के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापन पर परिषद के महानिदेशक डॉ. एल.पी. सिंह और कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने हस्ताक्षर किए। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि इसके भविष्य में सुखद परिणाम सामने आएंगे। इस समझौते के अंतर्गत, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, केमिकल इंजीनियरिंग और रसायन विज्ञान के



क्षेत्रों में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के विद्यार्थी ऑन द जॉब ट्रेनिंग कर पाएंगे। दोनों संस्थान अनुसंधान से संबंधित प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय और बुनियादी ढांचे को भी साझा करेंगे। दोनों संस्थानों के बीच सुविधाओं और मानवीय संसाधनों का भी आदान-प्रदान होगा। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त सेमिनार, कार्यशाला और सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 07 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## 45 हजार रुपये जाली भारतीय मुद्रा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**वाराणसी:** बांग्लादेश से लायी गई 45 हजार रुपये जाली भारतीय मुद्रा के साथ दो तस्करों को उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने वाराणसी से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों अंबेडकरनगर जिले के टांडा थाना क्षेत्र के चिंतौरा निवासी अंकुर मौर्य और विपिन गुप्ता उर्फ अवनीश ने पूछताछ में एटीएस टीम को बताया कि बांग्लादेश में छपी जाली भारतीय मुद्रा तस्करी के माध्यम से पश्चिम बंगाल लाई जाती है। पश्चिम बंगाल फरक्का से हमलोग जाली भारतीय मुद्रा लाकर प्रदेश के जिलों में पहुंचाते हैं। एटीएस के स्थानीय अफसरों के अनुसार गिरफ्तार दोनों तस्कर बेहद शातिर हैं जो पहले भी जेल जा चुके हैं। इस मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब हो कि कुछ दिन पहले भी एटीएस की वाराणसी टीम ने बांग्लादेश से लायी गई 97500 रुपये जाली भारतीय मुद्रा के साथ दो तस्करों को लालपुर के पास से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार तस्करों प्रतापगढ़ बरहुआ भोजपुर (मांधाता) निवासी दीपक कुमार और आसी बाबू पट्टी (रानीगंज) निवासी चंदन कौशिक को एटीएस ने जेल भेज दिया। दोनों ने बताया था कि बांग्लादेश से जाली नोट प. बंगाल के सहयोगियों के माध्यम से फरक्का, मालदा के रास्ते उत्तर प्रदेश में लाते हैं।

## शिमला के कुफरी और नारकंडा में फिर बर्फबारी

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को सुबह धूप खिलने के बाद मौसम के तेवर फिर बदल गए। राज्य की पर्वत श्रंखलाओं के अलावा कम उंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। शिमला के निकटवर्ती पर्यटन स्थलों कुफरी, फागू और नारकंडा में बाद दोपहर से बर्फ गिर रही है। इस ताजा बर्फबारी से सड़क पर फिसलन बढ़ गई और शिमला-रामपुर नेशनल हाईवे पर वाहनों का लंबा जाम लग गया है। चंबा, कुल्लू, किन्नौर व लाहौल-स्पीति जिलों में भी बर्फबारी हो रही है। वहीं राजधानी शिमला में भी आसमान पर घनघोर बादल छाए हुए हैं और यहां भी मौसम बर्फबारी के अनुकूल बना हुआ है। हालांकि मौसम विभाग ने अगले छह दिन बारिश-बर्फबारी की संभावना से इंकार किया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने से आगामी 12 फरवरी तक राज्य भर में मौसम साफ रहेगा। उन्होंने कहा कि बीते 24 घंटों के दौरान शिमला के खदराला में चार, चंबा के भरमौर में तीन, कुफरी में दो और गोंदला में एक सेंटमीटर बर्फबारी दर्ज की गई है। प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी से दुश्वारियां बढ़ गई हैं। बर्फबारी का परिवहन व बिजली आपूर्ति पर खासा असर देखा जा रहा है। पिछले छह दिन से चार नेशनल हाईवे बंद पड़े हैं। इनकी अगले कुछ दिनों तक भी बहाल होने की उम्मीद नहीं है।

# अयोध्या दर्शन के लिए जाएंगे यूपी के विधायक

### प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद लाखों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे

रामलला के दर पर

▶▶ विधायक बस से अयोध्या के लिए रवाना होंगे। इसकी जानकारी यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने दी



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**11 फरवरी** को यूपी के सभी विधायक और मंत्री अयोध्या दर्शन के लिए जाएंगे। विधायक बस से अयोध्या के लिए रवाना होंगे। इसकी जानकारी यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने दी। उन्होंने कहा कि वह खुद भी बस से ही जाएंगे। अयोध्या दर्शन के लिए सपा सहित अन्य विपक्षी दलों के विधायकों को भी आमंत्रित किया गया है। विधायक अपनी पत्नी को भी साथ ले जा सकते हैं। एनडीए में शामिल भाजपा, सुभासपा, निषाद पार्टी और अपना दल के विधायक अयोध्या दौरे पर जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने जब अयोध्या दर्शन के कार्यक्रम का एलान किया तो सपा विधायक इकबाल महमूद ने अयोध्या में बनने वाली मस्जिद की जमीन देखने का भी अनुरोध किया। जिस पर अध्यक्ष ने जवाब दिया कि पहले मस्जिद बन जाने दीजिए और वहां की कमेटी अनुरोध करेगी तो जाने के लिए विचार करेंगे। इसके पहले कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जाने से इनकार कर दिया था पर राज्य यूनिट के नेताओं ने अयोध्या जाकर सरयू स्नान किया और रामलला के दर्शन किए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी अयोध्या जाने की बात कही थी लेकिन वह 11 फरवरी को जाएंगे यह स्पष्ट नहीं हैं। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद लाखों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं और भव्य मंदिर में रामलला के दर्शन कर रहे हैं। 5 फरवरी को यूपी विधानसभा में पेश किए गए बजट को भी योगी सरकार ने भगवान श्रीराम को समर्पित बताया था। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सिर्फ कुछ अतिथियों को ही आने की अनुमति थी बाकी लोगों से अपील की गई थी कि बाद में आएं।

## ईवी उपयोग पोर्टल' कई खूबियों से होगा लैस

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर प्रदेश में** स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) के प्रयोग व विनिर्माण को प्रश्रय दे रही योगी सरकार अब ईवी उपयोग पोर्टल को कई खूबियों से लैस करने पर फोकस कर रही है। सीएम योगी की मंशा के अनुसार, ईवी उपयोग पोर्टल को क्लाउड सर्वर पर होस्ट करने और इनवेस्ट यूपी की ऑफिशियल वेबसाइट से इंटीग्रेट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कॉरपोरेशन लिमिटेड ने इस प्रक्रिया को प्रारंभ करते हुए एक वर्ष के लिए सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट एजेंसी को कार्यभार सौंपे जाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि क्लाउड सर्वर एक पूल बेस्ड सेंट्रलाइज्ड सर्वर प्रोवाइडर है जिसे एक नेटवर्क (आमतौर पर इंटरनेट) पर होस्ट और वितरित किया जाता है। इसकी कई विशेषताओं में से एक खास विशेषता यह भी है कि इस प्रक्रिया को लागू करने के बाद इस सर्वर नेटवर्क को कई उपयोगकताओं द्वारा मांग के अनुसार एक्सेस किया जा सकेगा। क्लाउड सर्वर दुनिया में कहीं भी स्थित हो सकते हैं और क्लाउड कंप्यूटिंग के जरिए रिमोट एक्सेस से उपयोग में लाया जा सकता है।

## दिल्ली में किसान आंदोलन की तैयारी को लेकर सोनीपत में ट्रैक्टर मार्च



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सोनीपत** में दिल्ली में किसान आंदोलन की तैयारी को लेकर मंगलवार को भारतीय किसान नौजवान यूनियन की तरफ से खरखौदा में ट्रैक्टरों के साथ रिहर्सल किया और मार्च निकाला। किसान संगठन 13 फरवरी को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने के लिए कूच करेंगे। किसान संगठनों ने स्पष्ट किया है कि सरकार ने 13 फरवरी तक उनकी मांगें पूरी नहीं की तो वह हर हालात में दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे। जिसकी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। देश में एक बार फिर किसान आंदोलन की सुगबुगहाट तेज हो गई है। 13 फरवरी को किसान संगठन ट्रैक्टरों के साथ दिल्ली के जंतर मंतर पर कूच करेंगे। किसानों ने इसके लिए रिहर्सल शुरू कर दी है। किसान संगठनों का कहना है कि हरियाणा में प्रवेश के लिए पंजाब के तीनों बॉर्डर को चुना गया है।

मार्च की तैयारी

▶▶ भारतीय किसान नौजवान यूनियन की तरफ से खरखौदा में ट्रैक्टरों के साथ रिहर्सल किया

## जमीन की रजिस्ट्री के लिए एनओसी की शर्त खत्म



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
पंजाब राज्य के लोगों को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने किसी भी किस्म की जमीन जायदाद की रजिस्ट्रेशन के लिए कोई नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) की शर्त खत्म करने का फैसला किया है। इस संबंधी मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह फैसला बड़े जनहित में लिया गया है जिससे यह यकीनी बनाया जा सके कि लोगों को किसी भी किस्म की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि इस फैसले के लिए कानूनी प्रक्रिया को पहले ही जांच लिया गया है और इसके बारे अन्य विवरण जल्दी सांझा किए जाएंगे। मान ने कहा कि यह फैसला आम लोगों सलाह के बाद लिया गया। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में एनओसी की उपब्लधता न होने की सूरत में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस कारण जमीन-जायदाद की रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया में रुकावट पैदा होती है जिससे आम व्यक्ति को मुश्किलें आती हैं।

## यूसीसी को लेकर अलर्ट, पुलिस फोर्स के साथ मौके पर एसएसपी तैनात

**हल्द्वानी:** विधानसभा सत्र में आज यूसीसी बिल को सदन के पटल पर रखा गया है। ऐसे में पूरे राज्य भर में सभी संवेदनशील जगहों पर पुलिस फोर्स तैनात की गई है। हल्द्वानी में भी समुदाय विशेष वाले क्षेत्रों में भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात की गई है ताकि किसी भी तरीके की अप्रिय घटना ना हो सके, बनभूलपुरा से लेकर जवाहर नगर तक लगातार फोर्स का मूवमेंट हो रहा है। एसएसपी प्रहलाद मीणा खुद मौका मुआयना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा सत्र को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की गयी है।




मलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्यगण पहुंचे। संकटमोचन हनुमान के दिन मंगलवार को श्रीरामलला के दर्शन कर पूरा मंत्रिमंडल भावविभोर हो गया। अरुणाचल प्रदेश का पहला राजनीतिक प्रतिनिधिमंडल है, जिसने प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत श्रीरामलला का दर्शन-पूजन किया।

## जम्मू-कश्मीर में निकायों और पंचायतों में ओबीसी को आरक्षण




**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू**
**लोकसभा ने** मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को आरक्षण प्रदान करने के लिए विधेयक पारित कर दिया गया। सरकार ने कहा कि 2019 अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद से केंद्र शासित प्रदेश में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। जम्मू-कश्मीर स्थानीय निकाय कानून (संशोधन) विधेयक-2024 पर एक संक्षिप्त बहस का जवाब देते हुए, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा शुरू किए गए विकास का लाभ उठाना शुरू कर दिया है। वर्तमान में, जम्मू और कश्मीर में पंचायतों और नगर पालिकाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए सीटों के आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। विधेयक का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर में पंचायतों और नगर पालिकाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण प्रदान करना और संविधान के प्रावधानों के साथ केंद्र शासित प्रदेश के स्थानीय निकाय कानूनों में स्थिरता लाना है। विधेयक के उद्देश्यों और कारणों के विवरण के अनुसार, "इससे आजादी के 75 साल बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर के अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों को न्याय सुनिश्चित होगा।" लोकसभा में विधेयक पर चर्चा के अपने जवाब में, राय ने कहा कि उन्होंने सरकार से जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने और राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए समय सीमा बताने की विपक्ष की मांग का कोई संदर्भ नहीं दिया।

विधेयक पारित

▶▶ 2019 अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद से केंद्र शासित प्रदेश में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं

## पहाड़ियों को एसटी के दर्जे का विरोध



**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू**
जम्मू विश्वविद्यालय में मंगलवार दोपहर को उस समय असमंजस की स्थिति बन गई जब एकाएक सभी प्रवेश द्वारों को बंद कर दिया गया। वहीं, मुख्य प्रवेशद्वार पर कुछ छात्र प्रदर्शन करते हुए दिखे। इस दौरान किसी आवाजाही पर रोक लगा दी गई। प्रवेशद्वार के बाहर पुलिस की तैनात रही। प्रदर्शनकारी छात्रों ने जमकर केंद्र सरकार और राज्यसभा सांसद गुलाम अली खटाना के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने बताया कि वे पहाड़ी समेत कुछ अन्य समुदायों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने का विरोध कर रहे हैं। प्रवेशद्वार बंद होने के चलते विवि की अंदर और बाहर पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। एक तरफ छात्रों के नारेबाजी तो दूसरी तरफ अन्य छात्र आवाजाही को सूचारू करने की मांग करते रहे। करीब एक घंटे के बाद विवि प्रशासन ने पिछले प्रवेशद्वार को खोलने का फैसला किया, जिसके बाद विश्वविद्यालय में आवाजाही शुरू हुई। उधर, प्रदर्शन करते हुए छात्रों ने सरकार, विवि प्रशासन और पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वे पहाड़ियों को असंवैधानिक तरीके से दिए जा रहे एसटी स्टेटस का विरोध कर रहे हैं। यह उनका लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। प्रदर्शनकारी एक छात्र ने कहा कि भाषा के आधार पर आरक्षण का प्रावधान नहीं किया जा सकता है। पहाड़ी बोलने वालों में ऊंची जाति के लोग भी हैं। जो योग्य नहीं हैं उन्हें आरक्षण देना गलत है।

## 'जनजातीय क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा विस्तार की योजना होगी क्रियान्वित'



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 फरवरी को झाबुआ पधार रहे हैं। प्रदेश सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों में विकास और जन कल्याण के जो कार्य किए हैं, उन्हें आजादी के अमृत काल में वृहत्तर स्वरूप में आरंभ करने का संकल्प लेने के लिए वहां भव्य आयोजन होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लेखानुदान भी आने वाला है, जिसके माध्यम से हम भविष्य का रोड मैप तय करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों में आयुर्वेदिक-होम्योपैथी-नेचुरोपैथी चिकित्सा सुविधा के विस्तार के संबंध में जो दिशा निर्देश दिए गए हैं, उनके अनुरूप आयुष विभाग के माध्यम से योजना क्रियान्वित की जाएगी।

## दवा फैक्टरी के गोदाम में लगी आग... मची अफरातफरी

**आगरा:** उत्तर प्रदेश के आगरा में मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे दवा फैक्टरी के गोदाम में आग लग गई। इससे मौके पर अफरातफरी मच गई। आग की लपटें देख लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना सिकंदरा थाना क्षेत्र के शास्त्रीपुरम इंडस्ट्रियल एरिया की है। यहां सेफकॉन दवा बनाने की फैक्टरी के गोदाम आग लग गई।

## 'प्रदेश भर के शेष नर्सिंग कॉलेजों की भी होगी सीबीआई जांच'




**टीम एक्शन इंडिया/जबलपुर**
मप्र हाईकोर्ट में लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की नर्सिंग फजीर्वाड़े से जुड़ी जनहित याचिका के साथ लगभग 50 मामलों की जस्टिस संजय द्विवेदी एवं जस्टिस अचल कुमार पालीवाल की स्पेशल बेंच में एक साथ सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता ने आवेदन प्रस्तुत कर कोर्ट को बताया कि अभी मात्र 364 नर्सिंग कॉलेज की जांच सीबीआई द्वारा की गई है जबकि पिछले 3 सालों में लगभग 700 से अधिक नर्सिंग कॉलेज मध्य प्रदेश में खुले हैं और नए खोले गए कॉलेज भी मापदंडों को पूरे नहीं करते हैं इसके उदाहरण भी याचिकाकर्ता ने पेश कर बचे हुए उन कॉलेजों की जांच की मांग करते हुए सत्र 2022-23 में नए खुले फर्जी नर्सिंग कॉलेजों के फोटो भी पेश किए, जिस पर हाई कोर्ट ने नाराजगी और आश्चर्य व्यक्त करते हुए सरकार से अपात्र कॉलेजो को मान्यता देने वालों पर कार्रवाई करने और याचिकाकर्ता के आवेदन पर जवाब प्रस्तुत करने को कहा है, हाई कोर्ट ने मौखिक रूप से यह भी टिप्पणी की है कि यदि आवश्यकता पड़ी तो हाईकोर्ट स्वयं मौके पर जाकर वस्तुस्थिति का आकलन करेगा। राज्य शासन की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने आवेदन पेश कर सीबीआई जांच में अपात्र पाए गए कॉलेजो के छात्रों को अन्यत्र शिफ्टिंग करने तथा जिन कॉलेजों में छोटी मोटी कमियां पाई गई है उनमें कमीपूर्ति का समय देने एवं अत्यधिक कमी वाले संस्थानों को बंद करने संबंधी अनुशंसा करने एक विशेषज्ञ समिति का गठन करने का प्रस्ताव दिया।

आदेश

▶▶ पिछले 3 सालों में लगभग 700 से अधिक नर्सिंग कॉलेज मध्य प्रदेश में खुले है: याचिकाकर्ता

कैबिनेट

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक

## किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पावधि फसल ऋण योजना रहेगी जारी



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2023-24 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषकों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना को निरन्तर रखने की स्वीकृति दी हैं। सहकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को फसल ऋण प्रदान किया जायेगा।

इस योजना में खरीफ 2023 सीजन की ड्यूडेट 28 मार्च, 2024 तथा रबी 2023-24 सीजन की ड्यूडेट 15 जून 2024 रखी गयी है। राज्य शासन ने योजना के अन्तर्गत फसल ऋण लेने वाले सभी किसानों को 1.5 प्रतिशत (सामान्य) ब्याज अनुदान तथा खरीफ एवं रबी सीजन की निर्धारित ड्यूडेट तक ऋण की अदायगी करने वाले किसानों को 4 प्रतिशत प्रोत्साहन स्वरूप (अतिरिक्त ब्याज अनुदान) दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश संकल्प पत्र 2023 में कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर फसल ऋण प्रदाय करने का राज्य सरकार का संकल्प है।

**प्रदेश में जिला स्तर पर चाइल्ड हेल्प लाइन के संचालन की स्वीकृति:** मंत्रि-परिषद द्वारा मिशन वात्सल्य में चाइल्ड हेल्प लाइन के सुचारू और कुशल संचालन के लिए विभागीय आदेश में संशोधन की स्वीकृति दी गयी। संशोधन के अनुसार जिला स्तर पर जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा एक हेल्पलाईन यूनिट का संचालन किया जायेगा। इस कार्य के लिए मानव संसाधन का चयन भारत सरकार द्वारा निर्धारित अर्हता अनुसार विज्ञापन जारी कर पारदर्शी प्रक्रिया से किया जायेगा।

स्वीकृति

▶▶ चाइल्ड हेल्प लाइन के सुचारू और कुशल संचालन के लिए विभागीय आदेश में संशोधन की स्वीकृति दी

## अनूपपुर: उमा भारती पहुंची अमरकंटक, राहुल और दिग्विजय पर साधा निशाना



**टीम एक्शन इंडिया/अनूपपुर**
मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेता उमा भारती दो दिवसीय अमरकंटक के प्रवास पर मंगलवार को मां नर्मदा मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और मंदिर परिसर में स्थित अन्य मंदिरों के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने अमरकंटक और नर्मदा को लेकर कहा कि कहा कि नर्मदा जी का काम संपूर्णता के साथ जैसा होना चाहिए, वैसा नहीं हो पाता है। क्योंकि, इसमें विभिन्न जिले और राज्य भी शामिल हो जाते है। इसलिए कठिनाई आती है। जब तक सभी एक साथ मिलकर कलेक्टिव डिसीजन नहीं लेंगे तब तक यहां का विकास सम्भव नही है। इसके लिए एक कोऑर्डिनेटर बनाने की जरूरत है। ज्ञात हो कि सोमवार की शाम पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती अमरकंटक में रात 9 बजे नर्मदा मंदिर पहुंच मॉ नर्मदा मंदिर में दर्शन पश्चात आरती कर माथा टेका। मंदिर प्रांगण में कुछ समय बैठ कर व्यतीत की। नर्मदा मंदिर पुजारी परिवार ने भी कुछ अपनी समस्याओं को भी उनके सामने रख सुलझाने की बाते रखी। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने मंगलवार को कल्याण सेवा आश्रम द्वारा नर्मदा मंदिर में मॉ नर्मदा और माता पार्वती हेतु भेंट किये गये स्वरर्ण अभूषण द्वारा किये गये श्रृंगार को निहारा।